www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

19 फरवरी, 2025
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 122

वरिष्ठ आइएएस अफसर बिष्णुपद के घर सीबीआइ का छापा



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# सेविका-सहायिका के चयन और मानदेय की नियमावली बदलेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई झारखंड कैबिनेट की बैठक में कुल 12 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। इनमें झारखंड आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका चयन एवं मानदेय (अन्य शर्तों सहित) नियमावली, 2022 (यथा संशोधित) में संशोधन की स्वीकृति दी गयी।

इसके अलावा राज्य सरकार के कर्मियों को अपुनरीक्षित वेतनमान (छठा और पांचवां केंद्रीय वेतनमान) को एक जुलाई, 2024 के प्रभाव से महंगाई भत्ता की दरों में अभिवृद्धि की स्वीकृति दी गयी। कैबिनेट ने राज्य सरकार के पेंशनधारियों/ पारिवारिक पेंशनभोगियों को अपुनरीक्षित वेतनमान (छठा केंद्रीय वेतनमान) में एक जुलाई, 2024 के प्रभाव से महंगाई राहत की दरों में अभिवृद्धि की स्वीकृति दी है।

## झारखंड कैबिनेट की बैठक में कुल 12 प्रस्ताव पारित



## कैबिनेट के अन्य फैसले

- झारखंड सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाई (एमएसएमइ) विशेष छूट विधेयक, 2025 के गठन की स्वीकृति दी गयी।
- बिहार राज्य औद्योगिक विकास निगम (बीएसआइडीसी) एवं बिहार स्टेट इलेक्ट्रोनिक डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीएसइडीसीएल) से संबंधित आस्तियों एवं दायित्वों के बंटवारे की स्वीकृति दी गयी।
- सुनील कुमार तत्कालीन उप निदेशक भूमि संरक्षण अनुसंधान केन्द्र डेमोटांड़, हजारीबाग-सह-निदेशक समेति, संप्रति सेवानिवृत्त के द्वारा समर्पित विभागीय संकल्प संख्या-488 दिनांक-21.02.2024 के माध्यम से अधिरोपित दंड पर पुनर्विचार संबंधी आवेदन को अस्वीकृत किये जाने की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड जगुआर (एसटीएफ) में प्रतिनियुक्त स्व0 राजेश कुमार, तत्कालीन उप समादेष्टा, 84वीं वाहिनी, सीमा सुरक्षा बल के आश्रित को सेवांत लाभों के भुगतान की स्वीकृति दी गयी।
- झारखंड कारखाना (संशोधन) नियमावली, 2023 के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी।
- राज्य के चयनित सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में बाजार मांगों के अनुसार नवीनतम तकनीकी जानकारी ऑटोमोबाइल निर्माण व्यवसायों में प्रदान करने हेतु झारखंड वित्त नियमावली के नियम 235 को नियम 245 के तहत शिथिल करते हुए मनोनयन के आधार पर मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के सहयोग से सीएसआर के तहत समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर करने की स्वीकृति दी गयी।
- 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' के तहत औद्योगिक नीति एवं संवर्द्धन विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा तैयार किये गये 'कारोबार सुधार कार्य योजना' अनुपालन हेतु कारखाना अधिनियम, 1948 के केंद्रीय अधिनियम संख्या 63 में संशोधन हेतु कारखाना (झारखंड संशोधन) विधेयक, 2024 की स्वीकृति दी गयी।
- डब्ल्यूपी (एस) संख्या 3600/2021 प्रेम कुमार सिंह एवं अन्य में माननीय झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश दिनांक 20.09.2022 एवं इससे उद्भूत अवमाननावाद संख्या-147/2023 में पारित आदेश के अनुपालन हेतु वादीगण की सेवा नियमितीकरण की स्वीकृति दी गयी।

## न्यूज रील्स

### आप नेता सत्येंद्र जैन पर मनी लांड्रिंग का केस चलेगा

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने मंगलवार को आप नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ जमीन खरीद-फरोख्त से जुड़े घोटाले में मनी लांड्रिंग का केस चलाने की मंजूरी दे दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 14 फरवरी को राष्ट्रपति से इस मामले में मंजूरी मांगी थी। दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री जैन के खिलाफ बीएनएस की धारा 218 के तहत केस चलेगा। राष्ट्रपति से मंजूरी मिलने के बाद प्रवर्तन निदेशालय जल्द ही जैन की गिरफ्तारी कर सकती है।

### अडाणी देशभर में 20 स्कूल खोलेगा

मुंबई। अडाणी समूह ने देशभर में कम से कम 20 स्कूल खोलने के लिए 2,000 करोड़ रुपये दान देने की घोषणा की। यह घोषणा समूह के संस्थापक गौतम अडाणी के छोटे बेटे की शादी के दौरान 10,000 करोड़ रुपये की चैरिटी के हिस्से के रूप में की गयी है। अडाणी फाउंडेशन ने जेम्स एजुकेशन के साथ मिल कर देशभर में शिक्षा के मंदिर स्थापित करने की योजना बनायी है। पहला अडाणी जेम्स स्कूल ऑफ एक्सिलेंस 2025-26 के शैक्षणिक वर्ष में लखनऊ में शुरू होगा।

### केरल में छात्र को थूक मिलाकर पानी पिलाया

तिरुवनंतपुरम। केरल के तिरुवनंतपुरम के करियावट्टोम गवर्नमेंट कॉलेज में सीनियर ने एक छात्र को पानी में थूक मिलाकर पिलाया। इतना ही नहीं उसे घुटने के बल बैठाकर पीटा गया। पीड़ित छात्र की शिकायत पर सात सीनियर छात्रों को सस्पेंड कर दिया गया। पुलिस ने भी केस दर्ज कर लिया है। केरल में एक हफ्ते में रैगिंग का यह तीसरा केस है।

# सीएम ने 289 अभ्यर्थियों को दिया नियुक्ति पत्र

- नगर विकास विभाग के तहत हुई हैं नियुक्तियां
- मुख्यमंत्री ने कर्मियों को बधाई और शुभकामनाएं दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में नियुक्ति को सिलसिला जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को नगर विकास विभाग में विभिन्न पदों के लिए 289 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिये गये। प्रोजेक्ट बिल्डिंग में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। उन्होंने नवनियुक्त कर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव और नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार शामिल हुए। उन्होंने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को संबोधित किया।

**मुख्य सचिव और नगर विकास सचिव ने भी किया संबोधित:** इस मौके पर मुख्य सचिव अलका तिवारी और नगर विकास सचिव सुनील कुमार ने भी अभ्यर्थियों को संबोधित किया। उन्होंने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, निदेशक सूडा अमित कुमार, अपर सचिव ज्ञानेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं नवनियुक्त अभ्यर्थी उपस्थित थे।



### इन पदों पर 289 अभ्यर्थियों की नियुक्ति की गयी

- गार्डेन अधीक्षक-09
- वेटनरी ऑफिसर- 08
- सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर-12
- सेनेटरी सुपरवाइजर-42
- राजस्व निरीक्षक- 174
- विधि सहायक-44

### शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त कर रही सरकार: वित्त मंत्री

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि हमें ये विश्वास है कि आप अपनी मेहनत से आगे भी कामयाबी हासिल करेंगे। आप संकल्प लें कि व्यवस्था, सिस्टम के किसी भी क्षेत्र में ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करेंगे। सरकार के प्रयासों में सार्थक भूमिका निभायेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का निर्माण जिस उद्देश्य के साथ हुआ था, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उस उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रयासरत हैं। शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में भी कई काम किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ग्रामीण क्षेत्र के विकास और शहरों के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने में लगे हैं। वह झारखंड को युवाओं का राज्य बनाना चाहते हैं। इसी कड़ी में आज युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। हेमंत सरकार-2 में सरकार राज्य के विकास प्रति समर्पित है और उनके नेतृत्व में हमलोग कदम बढ़ा चुके हैं।

### हर झारखंडी के चेहरे पर मुस्कान हो : संजय प्रसाद यादव

उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि आज झारखंड के विकास के पन्नों में एक नया अध्याय जोड़ा जा रहा है। नवनियुक्त अभ्यर्थी झारखंड के विकास में सभी जन कल्याण के विचारों को सार्थक करने की शपथ लें। हर झारखंडी के चेहरे पर मुस्कान हो, ये आपका लक्ष्य होना चाहिए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच झारखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाकर खड़ा करना है। युवाओं को रोजगार दिलाना, उनके उज्ज्वल भविष्य की सोच के साथ मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश में हमलोग काम कर रहे हैं।

### जनहितकारी इरादों को साकार करने में आपकी भूमिका खास: सुदिव्य कुमार

नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि आज 289 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। आखों में सुनहरी चमक लेकर आप उज्ज्वल भविष्य की ओर पहला कदम बढ़ा रहे हैं। शहरीकरण दिनों दिन तेजी से बढ़ रहा है। बेहतर शिक्षा एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से निकल कर शहरों की तरफ आ रहे हैं। शहरों के इंफ्रास्ट्रक्चर को हम मजबूत कर रहे हैं। हम शहरों के विकास के मानकों के आधार पर अपने निकायों को संचालित करने का प्रयास कर रहे हैं। आज बहुत खुशी का दिन है कि तमाम राजनीतिक झंझावातों को पार करते हुए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में झारखंड के बच्चों को नियुक्ति देने में सफल रहे हैं। हेमंत सरकार 2.0 के तीसरे महीने में हमने नियुक्तियों का कारवां शुरू कर दिया है। उन्होंने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को कहा कि नगर विकास मंत्री के तौर पर मेरी भी कुछ अपेक्षाएं आप से हैं। सरकार के जनहितकारी इरादों को साकार करने में आपकी भूमिका एक अधिकारी और कर्मचारी के तौर पर बहुत महत्वपूर्ण है और आपसे बेहतर सेवाओं की उम्मीद है।

# मुख्यमंत्री ने छात्रोपयोगी छह वेब पोर्टल का किया अनावरण

- उच्च एवं तकनीकी शिक्षा से जुड़े हैं पोर्टल
- नव प्रवर्तन केंद्र (इनोवेशन हब) का उद्घाटन भी हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत छात्रोपयोगी वेब पोर्टल का अनावरण किया। साथ ही रांची विज्ञान केंद्र के नव प्रवर्तन केंद्र (इनोवेशन हब) का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार, मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, उच्च शिक्षा के प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार, मैनेजिंग डायरेक्टर-सह-सीइओ सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड के संजय कुमार राकेश, राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण सहित अन्य गणमान्य लोग मौजद थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डिजिटल गवर्नेंस तथा डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने के लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के डिजिटल कार्यान्वयन, वेतन निर्धारण और सत्यापन पोर्टल, निजी विश्वविद्यालय प्रबंधन पोर्टल, वित्त रहित कॉलेज अनुदान आवेदन पोर्टल जैसे कई पोर्टलों को विकसित किया गया है। इससे विभिन्न तरह की सुविधाएं होगी। उधर, रांची स्थित क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र परिसर में स्थापित इनोवेशन हब रचनात्मक एवं नवाचारी विचारों का पोषण, इनोवेटिव सोच और व्यावहारिक समस्या का समाधान, इनोवेशन को प्रेरित करने आदि के लिए उचित वातावरण प्रदान करेगा।

**क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र साइंस सिटी के रूप में अपग्रेड:** रांची स्थित क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र साइंस सिटी के रूप में अपग्रेड करने के लिए 270 करोड़ की परियोजना तैयार की गयी है। इसका निर्माण लगभग 25 एकड़ भूमि पर किया जायेगा। इसके निर्माण से रांची में वैज्ञानिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटकों के दर्शन हेतु वैज्ञानिक प्रदर्शन के साथ-साथ मनोरंजन का साधन भी उपलब्ध होगा।



### बच्चों को दक्ष बनाना सरकार की प्राथमिकता : सुदिव्य कुमार

रांची (आजाद सिपाही)। इस अवसर पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा की पहुंच को सरल बनाने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उद्देश को सार्थक बनाने की ओर बढ़ाये गये इस ठोस कदम के लिए मैं विभाग के पदाधिकारियों का स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में राज्य के बच्चों को दक्ष बनाना सरकार की प्राथमिकता है। दक्षता के क्षेत्र में झारखंड के विद्यार्थियों को आगे रखने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत विभिन्न पोर्टल का शुभारंभ होना एक सकारात्मक पहल है। इससे राज्य की शिक्षा व्यवस्था को डिजिटल मोड में ले जाने का प्रयास किया गया है।

### इन पोर्टल को किया गया विकसित

- वेतन निर्धारण पोर्टल
- लर्निंग मैनेजमेंट पोर्टल
- निजी विश्वविद्यालय प्रबंधन पोर्टल
- मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना पोर्टल
- अप्रेंटिस प्रबंधन पोर्टल
- वित्त रहित कॉलेज अनुदान पोर्टल

# रांची सदर अस्पताल से पांच दिन के नवजात की चोरी

## पिठोरिया के दंपति को 14 फरवरी को हुई थी बेटी

- पुलिस जांच रही सीसीटीवी फुटेज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची सदर अस्पताल से एक बच्ची की चोरी का मामला सामने आया है। घटना सोमवार देर रात की बतायी जा रही है। जिस बच्चे की चोरी हुई है, उसका जन्म 14 फरवरी को हुआ था। मंगलवार को परिजनों से लेबर रूम के बाहर हंगामा किया। वहीं लोअर बाजार थाने को लिखित शिकायत की है। इसके बाद पुलिस अस्पताल पहुंच कर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। महज पांच दिन की बच्ची की चोरी के बाद अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



**पिठोरिया की महिला को हुई थी बेटी :** जिस बच्ची की चोरी सदर अस्पताल से हुई है, उसके माता-पिता पिठोरिया के रहने वाले हैं। माता का नाम सबिता देवी है, जबकि पिता का नाम उमेश बेदिया है। बताया जा रहा है कि बच्ची को सोमवार की रात लेबर रूम के बाहर से ही गायब कर दिया गया है। बच्ची के गायब होने के बाद उसके मां-बाप का रो-रो कर बुरा हाल है। मामले को लेकर गायब बच्ची के पिता उमेश बेदिया ने रांची के लोअर बाजार थाने में लिखित आवेदन दिया है।

### पुलिस मामले की कर रही जांच

वहीं, मामले की जानकारी मिलने के बाद लोअर बाजार पुलिस जांच में जुट गयी है। सदर अस्पताल के नये भवन के कमरा नंबर 36 में लगे मॉनिटर से सभी सीसीटीवी फुटेज की पुलिस जांच करने में जुट गयी है।

## पटना में मुठभेड़ के बाद चार अपराधी गिरफ्तार

पटना (आजाद सिपाही)। पटना के कंकड़बाग इलाके में मंगलवार को पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई। दो घंटे चले ऑपरेशन में टीम ने चारों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक घर के बाहर फायरिंग करते हुए चार अपराधी इमारत के अंदर घुसे थे, इन्हें पकड़ने के लिए पुलिस और एसटीएफ भी बिल्डिंग के अंदर घुसी थी। इससे पहले 5 मंजिला बिल्डिंग को घेरकर ऑपरेशन चलाया गया। अपराधियों से लगातार सरेंडर करने को कहा गया, लेकिन वो नहीं माने। इसके बाद फोर्स अंदर दाखिल हुई। करीब दो घंटे चले ऑपरेशन में रुक-रुककर गोलीबारी होती रही। पटना एसएसपी अवकाश कुमार ने बताया कि पुलिस रामलखन सिंह पथ इलाके में जमीनी विवाद मामले की जांच के लिए पहुंची थी। जांच के दौरान ही अपराधियों की तरफ से पुलिस पर फायरिंग की गयी। फायरिंग करते हुए वे मकान के अंदर भाग गये थे। बिल्डिंग में आम लोग थे, इसलिए धैर्य से काम लिया गया।

# 15 आइएएस अधिकारियों का तबादला

- पूजा सिंघल को सूचना प्रौद्योगिकी की जिम्मेवारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने 15 आइएएस अफसरों का स्थानांतरण-पदस्थापन किया है। प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग के पद पर पदस्थापित मस्त राम मीना को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गयी है। मीना अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रभारी सदस्य, राजस्व पर्षद झारखंड, रांची के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। वहीं, पदस्थापन की प्रतीक्षारत पूजा सिंघल को अगले आदेश तक सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं इ-गवर्नेंस विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गयी है। वे अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, झारखंड कम्युनिकेशन नेटवर्क लिमिटेड के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगी।



**विप्रा भाल को परिवहन सचिव बनाया गया :** सचिव, परिवहन विभाग के पद पर पदस्थापित कृपानंद झा को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक सचिव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के पद पर पदस्थापित किया गया है। विप्रा भाल को परिवहन सचिव बनाया गया है। वे अगले आदेश तक परिवहन आयुक्त के अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सचिव, भवन निर्माण विभाग के पद पर पदस्थापित अरवा राजकमल को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग, सचिव, उद्योग विभाग और अध्यक्ष, झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

**जीतेंद्र सिंह को श्रम विभाग की जिम्मेवारी :** सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग के पद पर पदस्थापित जितेंद्र कुमार सिंह को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग का सचिव बनाया गया है। वहीं श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के सचिव मुकेश कुमार को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक योजना एवं विकास विभाग का सचिव बनाया गया। पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत राजेश्वरी बी विशेष सचिव, वित्त विभाग में पदस्थापित किया गया है। संयुक्त सचिव, वित्त विभाग के पद पर पदस्थापित सौरम कुमार भुवानिया अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रबंध निदेशक, झारखंड अन्वेषण एवं खनन निगम लिमिटेड के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

### गैर सेवा से आइएएस बने अफसरों की हुई पोस्टिंग

- **कंचन सिंह :** मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसायटी
- **धनंजय कुमार सिंह :** संयुक्त सचिव, वित्त विभाग,
- **सीता पुष्पा :** संयुक्त सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग
- **विजय कुमार सिन्हा :** उत्पाद आयुक्त, अप्र प्रबंध निदेशक, झारखंड राज्य विभरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड
- **प्रीति रानी:** संयुक्त सचिव, उद्योग विभाग
- **राजेश प्रसाद:** निदेशक, माध्यमिक शिक्षा

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 80,500 रु./10 ग्राम
चांदी 1,01,000 रु./प्रति किलो



### बजट सत्र की तैयारियों को लेकर स्पीकर ने की उच्चस्तरीय बैठक

# सभी विभाग समय पर अपने जवाब रखें तैयार : स्पीकर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने आगामी बजट सत्र की तैयारियों को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विभाग समय पर अपने उत्तर तैयार रखें, ताकि विधायकों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का सही और सटीक जवाब दिया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा न हो कि किसी प्रश्न का उत्तर किसी अन्य विषय से संबंधित हो।



**कानून व्यवस्था पर चर्चा :** बैठक में राज्य में विभिन्न संगठनों द्वारा किये जाने वाले विरोध-प्रदर्शनों और घेराव को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये। विधानसभा अध्यक्ष ने इस बात पर जोर दिया कि विधि-व्यवस्था को लेकर कोई कोताही नहीं बरती जानी चाहिए।

## नेता प्रतिपक्ष की अनुपस्थिति

नेता प्रतिपक्ष की अनुपस्थिति पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विपक्षी दल को इससे परेशानी हो रही है, क्योंकि आमतौर पर विपक्षी दलों को नेता प्रतिपक्ष ही संगठित और संचालित करता है। हालांकि उन्होंने उम्मीद जतायी कि जल्द ही नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति हो जायेगी। इस बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह सचिव, डीजीपी, विभिन्न विभागों के सचिव, रांची एसएसपी और रांची डीसी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# झारखंड में गुटखा-पान मसाला पूरी तरह से बैन, विभाग ने जारी किया आदेश

### किसी भी दुकान में गुटखा बिकता हुआ पाया गया तो होगी सख्त कार्रवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में अब गुटखा-पान मसाला की बिक्री पर रोक लग गयी है। इतना ही नहीं अगर किसी दुकान में गुटखा बिकता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जायेगी। मंत्री इरफान अंसारी के आदेश के बाद स्वास्थ्य विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। बता दें कि झारखंड में गुटखा पर 2023 तक प्रतिबंध था, लेकिन पिछले एक साल से इसकी बिक्री हो रही थी।

मालूम हो कि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कुछ दिन पहले ही इसको लेकर हिदायत देते हुए कहा था कि झारखंड के युवा




गुटखा और तंबाकू उत्पादों के सेवन से शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर हो रहे हैं, जिसके कारण वे गलत रास्ते पर जा रहे हैं। उन्होंने कहा था कि हमारी सरकार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी कि राज्य के युवा नशे के चंगुल में फंसें।

इसके साथ ही स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के राज्यस्तरीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम में चर्चा करते हुए कहा था कि नशीली दवाओं की भी बिक्री पर रोक लगेगी। स्वास्थ्य मंत्री इरफान ने कहा कि सभी सिविल सर्जनों को अपने-अपने जिलों में मेडिकल स्टोरों की जांच करने और नशीली दवाओं की अवैध बिक्री को रोकने के लिए पर्याप्त अधिकार हैं। अगर किसी दुकान में प्रतिबंधित दवायें बिकती पायी जाती हैं तो तुरंत दुकान को सील करें और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करें। साथ ही उन्होंने सभी सिविल सर्जनों और ड्रग इंस्पेक्टरों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनके इलाके में प्रतिबंधित नशीली दवाएं बिकती पायी गयीं तो वे खुद भी कार्रवाई के दायरे में आयेंगे।

### मंईयां सम्मान की जांच में एक और गड़बड़ी आयी सामने

# सीएससी संचालक ने बेटे के खाते में भेजे 4 लाभुकों के पैसे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले में मंईयां सम्मान योजना को लेकर गड़बड़ियां लगातार सामने आ रही हैं। पहले एक ही बैंक खाते में दो लाभुकों की राशि जाने का मामला सामने आया था, जिसकी जांच अभी चल ही रही है कि अब एक ही खाते में चार लाभुकों की राशि भेजे जाने का नया मामला सामने आया है। यह गड़बड़ी एक कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी ) संचालक ने की है। उसने अपने बेटे के बैंक खाते में 4 लाभुकों की सम्मान राशि डाल दी। इस मामले के उजागर होने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है।




**सीएससी आइडी रद्द करने की मांग :** बीडीओ ने सामाजिक सुरक्षा विभाग के सहायक निदेशक को पत्र लिखकर इस राशि की रिकवरी करने और गलत तरीके से खाता नंबर दर्ज करने पर सीएससी संचालक की आइडी रद्द करने की मांग की है। इसके अलावा, चारों लाभुकों को उनका पैसा वापस दिलाने की भी अपील की गयी है।

जानकारी के अनुसार, बरमसिया वन पंचायत की 4 लाभुक– सोनिया देवी, पानोमुनि हेंब्रम, यशोदा कुमारी और रधिया कुमारी ने मंईयां सम्मान योजना के लिए आवेदन किया था। लेकिन सीएससी संचालक कैलाश महतो ने उनके खातों की जगह अपने बेटे अभय आशीष के बैंक खाते का नंबर पोर्टल पर दर्ज कर दिया। इसी कारण उनकी योजना की राशि अभय आशीष के खाते में चली गयी।

# पूजा सिंघल ने हाइकोर्ट में कहा-बिना अभियोजन स्वीकृति के की गयी कार्रवाई

### इडी को जवाब दाखिल करने का मिला अंतिम मौका

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल की याचिका पर मंगलवार को हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान हाइकोर्ट ने इडी को जवाब दाखिल करने के लिए अंतिम मौका दिया। अब 27 फरवरी को इस मामले में हाइकोर्ट में सुनवाई होगी।

दरअसल पूजा सिंघल ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि अभियोजन स्वीकृति नहीं मिलने के बाद भी निचली अदालत ने इडी की प्रोसिक्यूशन कंप्लेन पर संज्ञान लिया, जो न्याय संगत नहीं है, इसलिए निचली



अदालत के संज्ञान को रद्द किया जाना चाहिए। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। पूजा सिंघल की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, अजय शाह और स्नेह सिंह ने बहस की।

# झारखंड हाइकोर्ट के वकील का आकस्मिक निधन, शोक

### कोर्ट रूम से निकलते ही हो गये थे बेहोश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट परिसर में मंगलवार को एक चौंकाने वाली घटना हुई। अधिवक्ता सूरज कुमार का कोर्ट से बाहर निकलते ही अचानक निधन हो गया। वरिष्ठ अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि सूरज कुमार रोज की तरह अपने केस की पैरवी करने हाइकोर्ट पहुंचे थे। सुनवाई के बाद जैसे ही वे कोर्ट रूम से बाहर निकले, अचानक मूर्छित होकर गिर पड़े।

**डॉक्टर ने दी तुरंत मदद, फिर भी नहीं बच सके:** संयोग से वहां



एक डॉक्टर मौजूद थे, जो अपने केस के सिलसिले में आये थे। उन्होंने तुरंत सूरज कुमार को सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) दिया। इसके बाद जल्दी से गाड़ी की व्यवस्था कर उन्हें पास के पारस अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनकी मौत की खबर मिलते ही जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय, जस्टिस अरुण कुमार राय, महाधिवक्ता राजीव रंजन, अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार और कई अन्य अधिवक्ता अस्पताल पहुंचे। सूरज कुमार अपने पीछे पत्नी और 2 बेटे छोड़ गये हैं। एक बेटा 11वीं और दूसरा 8वीं कक्षा में पढ़ता है।

# रांची की गीता चौबे गूंज की पुस्तकों का लोकार्पण बेंगलुरु में

### कार्यक्रम का दूसरा सत्र वसंतोत्सव के रूप में मनाया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेंगलुरु।** अभ्युदय अंतरराष्ट्रीय संस्था का वसंतोत्सव कार्यक्रम बेंगलूरु शहर के जस्टबी वीगन रेस्टोरेंट में संपन्न हुआ। जिसमें साहित्यकार गीता चौबे गूंज की दो पुस्तकों का लोकार्पण हुआ। साथ ही कहानी-संग्रह इंद्रधनुषी सपने एवं दुमदार दोहा-सतसई बहे त्रिवेणी-धार का विमोचन सह कृति-चर्चा की गयी। कृति-चर्चा में मुख्य वार्ताकार थे संस्था के सलाहकार डॉ प्रेम तन्मय जो स्वयं एक उच्चकोटि के साहित्यकार एवं गजलकार हैं। उनके साथ संस्था की संस्थापक अध्यक्ष डॉ इंदु झुनझुनवाला थीं। वार्ता के दौरान यह बात उभरकर आयी कि अमीर खुसरो के द्वारा शुरू किया गया दुमदार दोहे की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 700 दोहों की 1400 दुम के साथ गीता चौबे गूंज की पुस्तक बहे त्रिवेणी-धार (दुमदार दोहा-सतसई) संभवतः अभी तक की प्रथम पुस्तक है।



डॉ इंदु झुनझुनवाला ने कहानी-संग्रह इंद्रधनुषी सपने पर बात करते हुए कहा कि गीता चौबे की इस पुस्तक की प्रत्येक कहानी में एक संदेश के साथ समाधान भी छिपा हुआ है। जो समाज को सही राह दिखाने का अच्छा माध्यम बन पड़ा है। गीता चौबे गूंज की अब तक दस पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं जिनमें दो उपन्यास, प्रबंध-काव्य, गीत-संग्रह, कविता-संग्रह, लघुकथा-संग्रह आदि हैं।कार्यक्रम का दूसरा सत्र वसंतोत्सव के रूप में मनाया गया। जिसमें उपस्थित कवियों द्वारा अपनी कविता न पढ़कर एक-दूसरे की कविता पढ़ी गयी। यह एक नया प्रयोग था, जिसे काफी सराहना मिली।

कार्यक्रम की शुरूआत मोना सिंह के द्वारा सरस्वती-वंदना से हुई। ध्येय गीत ज्योति तिवारी एवं डॉ इंदु झुनझुनवाला के द्वारा गाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आर एन बगदलकर पूर्व निदेशक, मानव संसाधन विभाग उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमल किशोर राजपूत ने की। दो सत्रों के संचालन का उत्तरदायित्व ज्योति तिवारी, संतोष भाऊवाला, त्रिशला मिश्रा एवं भगवती सक्सेना ने सफलतापूर्वक निभायी। इस अवसर पर रास दादा रास, विभा रानी श्रीवास्तव, वीणा गुप्ता मेदिनी, रचना उनियाल, पल्लवी शर्मा, ब्रजेंद्र मिश्रा, अनिल मोघे, सुदेश वत्स, अजय सिंह, अर्चना गुप्ता, ममता साह, कविता शास्त्री, उमा शर्मा, रतिंदर कौर, अजय आवारा, पद्मा श्रीनिवासन, सरिता आदि अनेक प्रबुद्ध साहित्यकारों के साथ उज्ज्वल, अर्पिता, सुरभि, सुषमा, प्रतीक, सुरेंद्र, महेंद्र भी उपस्थित थे। वंदेमातरम के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## अभिषेक बनर्जी ने सीएम का आभार जताया

**रांची (आजाद सिपाही)। उच्च शिक्षा से जुड़े 6 पोर्टल की लॉन्चिंग होने से टेक्निकल छात्र संघ के अभिषेक बनर्जी ने झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरने और उच्च तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का का आभार जताया है। श्री बनर्जी ने कहा कि छात्रों को अब पेपर लेस वर्क करना होगा। सारी चीजें घर या सीएसी केंद्र से हो जायेगी। छात्रों को अब चक्कर नहीं काटना पड़ेगा। घूसखोरी पर विराम लगेगी।**

# सेंट जेवियर्स कॉलेज में 'झारखंड की चट्टानें और खनिज संसाधन' विषय पर सेमिनार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची के भूगोल और भूगर्भ विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को आइक्यूएसी के सहयोग से 'झारखंड की चट्टानें और खनिज संसाधन' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण संस्थान के निदेशक श्याम सुंदर सिंह और गिरिधारी दास शामिल हुए। श्याम ने झारखंड में गोंडवाना चट्टान प्रणाली




पर छात्रों से अपने विचार साझा किये, जबकि गिरिधारी ने झारखंड और आसपास के क्षेत्र में लौह-अयस्क बेल्ट के विकास पर विचार व्यक्त किया। सेमिनार में भूगोल विभाग और भूगर्भ विज्ञान विभाग के सम्मानित संकाय सदस्यों और छात्रों की उपस्थिति रही। मौके पर डॉ फादर एन लकड़ा एसजे, भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष अनिमेष राय, भूगर्भ विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ जयंत सिन्हा, कॉलेज के आइक्यूएसी समन्वयक डॉ शिव कुमार, डॉ संदीप चंद्र, प्रो एंजेलिन टोप्पो, प्रो मेबल टोप्पो, प्रो मेल्विन एक्का, डॉ सोमेश सेन और अन्य संकाय सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में यूजी और पीजी स्तर के लगभग 200 से अधिक छात्र एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# स्मार्ट मीटर लगवाने के नाम पर करते थे ठगी, 6 गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जामताड़ा।** साइबर अपराधी साइबर ठगी के नये-नये तरीकों से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। ऐसा ही एक मामला मंगलवार को प्रकाश में आया है। साइबर अपराधी के द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार, तामिलनाडु के लोगों को फोन कॉल कर शिकार बनाया जा रहा है। करमाटांड़ थाना क्षेत्र के जसाइडीह पलास जंगल में



कुछ साइबर बदमाशों के द्वारा लोगों को फोन कॉल कर ठगी करने की सूचना मिलने पर एसपी ने साइबर पुलिस की टीम गठित कर पलास जंगल में छापेमारी करवायी इसमें 6 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गिरफ्तार साइबर अपराधियों से पूछताछ की तो पता चला कि यह लोग अब स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर ठगी कर रहे हैं। मंगलवार को साइबर अपराध थाना में प्रशिक्षु आइपीएस राघवेंद्र शर्मा ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर साइबर अपराधियों के विरुद्ध कारवाई हुई है, जिसमें मंदु कुमार बल, अंदु कुमार बल दोनों सगे भाई हैं, इसके साथ ही प्रमोद कुमार मंडल, प्रमोद राय, मंदु पंडित, समर महतो को 19 फर्जी मोबाइल, 20 सिम, 8 एटीएम कार्ड, एक आधार कार्ड के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध साइबर अपराध और आइटी एक्ट के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि गिरफ्तार सभी अभियुक्त अब बड़े बड़े शहरों के लोगों को स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर ठगी कर रहे हैं।

# धरती पर सबसे भव्य आध्यात्मिक समागम 'महाकुंभ' में विश्वस्तरीय सुविधा दे रही भारतीय रेल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता/भुवनेश्वर/हाजीपुर।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ 2025 में 53 करोड़ लोग शामिल हो चुके हैं। यह दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम है। यहां प्रतिदिन लाखों भक्तों के आने के साथ भारतीय रेलवे तीर्थयात्रियों के निर्बाध परिवहन के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जानकारी के अनुसार महाकुंभ क्षेत्र के लिए पिछले तीन वर्षों में पांच हजार करोड़ रुपये के काम के साथ विशाल लॉजिस्टिक प्रयास किया गया है, ताकि सभी यात्रियों के लिए सहज अनुभव सुनिश्चित किया जा सके। इसमें अन्य चीजों के अलावा उन्नत रेलवे स्टेशन, 13 हजार से अधिक ट्रेनें चलाने की योजना और उन्नत भीड़ प्रबंधन प्रणाली शामिल हैं।

रेलवे द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, महाकुंभ 2025 के लिए बड़े पैमाने पर रेलवे संचालन किया जा रहा है। इसके तहत निर्बाध यात्रा के लिए ट्रेनों का डायवर्सन और यात्री आवागमन को प्राथमिकता देने के लिए सभी मालगाड़ियों को डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर में डायवर्ट किया गया है। शंटिंग संचालन से बचने के लिए दोनों तरफ ट्रेन सेट या इंजन के साथ दो सौ रैक तैनात किये गये हैं।



विज्ञप्ति के अनुसार 26 फरवरी तक 13 हजार ट्रेनों की योजना बनायी गयी थी, जिनमें से 16 फरवरी तक 12,583 ट्रेनें चल चुकी थीं। इसके अलावा भारतीय रेलवे अधिकतम यात्री प्रवाह को संभाल रहा है। 13 जनवरी से भारतीय रेलवे ने प्रयागराज कुंभ क्षेत्र में 3.09 करोड़ तीर्थयात्रियों को संभाला है। 17 फरवरी को 18.60 लाख यात्री और 16 फरवरी को 18.48 लाख यात्रियों ने यात्रा की, जो पिछले दो दिनों में यात्रियों की सबसे अधिक आवाजाही में से एक है। इसके अलावा 15 फरवरी को 14.76 लाख यात्री, 12 फरवरी को 17 लाख यात्री, 10 और 11 जनवरी को 14 लाख से अधिक यात्री, 30 जनवरी को 17.57 लाख यात्री, 29 जनवरी को 27 लाख यात्री, 28 जनवरी को 14.15 लाख यात्री और 14 जनवरी को 13.87 लाख यात्री ट्रेनों पर सवार हुए।

विज्ञप्ति के अनुसार श्रद्धालुओं की भारी आमद को समायोजित करने के लिए भारतीय रेलवे ने कई सुविधाएं सुनिश्चित की हैं। इसके तहत भीड़ के प्रवाह को प्रबंधित करने के लिए नौ रेलवे स्टेशनों पर दूसरे प्रवेश द्वार बनाये गये। यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए 48 प्लेटफॉर्म (पीएफ) और 21 फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) बनाये गये हैं। भारतीय रेलवे ने व्यापक निगरानी प्रणाली के तहत प्रयागराज मेला क्षेत्र के नौ स्टेशनों पर 1186 सीसीटीवी कैमरे लगाये हैं। प्रतीक्षारत यात्रियों के प्रबंधन के लिए 23 स्थायी होल्डिंग क्षेत्र बनाये गये हैं और प्रमुख स्टेशनों पर 12 भाषाओं में घोषणाएं की जा रही हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि टिकटिंग प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए 151 मोबाइल यूटीएस टिकटिंग प्वाइंट सहित 554 टिकटिंग व्यवस्थाएं की गयी हैं।

इसके अलावा भारतीय रेलवे ने निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करने के लिए बुनियादी ढांचे में भारी निवेश किया है। इसमें प्रमुख रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 3700 करोड़ का निवेश शामिल हैं। इसके तहत बनारस-प्रयागराज रेल दोहरीकरण, जिसमें एक नया गंगा पुल भी शामिल है, फाफामऊ-जंघई रेल दोहरीकरण से रेल क्षमता में वृद्धि होगी, सड़क और रेल गतिशीलता को बढ़ाने के लिए 21 नये रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) और रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) का निर्माण, आसान यात्री नेविगेशन के लिए रंग-कोडित प्रणाली और यात्रियों की आसान पहचान और दिशा-वार पृथक्करण के लिए यात्री आश्रय, होल्डिंग एरिया और टिकटों की रंग-कोडिंग की गयी है। इसके अलावा यात्रियों की उच्च मात्रा को देखते हुए रेलवे अधिकारियों ने व्यापक सुरक्षा उपाय लागू किये हैं। इनमें कई स्तरों पर नियंत्रण केंद्र स्थापित किये गये हैं, 13 हजार रेलवे सुरक्षा बल के जवान, 10 हजार सरकारी रेलवे पुलिस और अर्धसैनिक बल के कर्मचारी प्रमुख स्थानों पर तैनात हैं। तीन हजार से अधिक रनिंग स्टाफ को सुचारू ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने के लिए नियुक्त किया गया है।






# कृषि पाठशाला में लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं : शिल्पी नेहा

## कृषि पाठशाला के लिए चयनित बेड़ो की एजेंसी को टर्मिनेट करने का निर्देश

**राज्य की कृषि पाठशाला कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग का दर्पण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने समेकित बिरसा विकास योजना सह कृषक पाठशाला की मंगलवार को नेपाल हाउस में समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की कृषि पाठशाला के लिए चयनित एजेंसी की सुस्ती को लेकर नाराज दिखीं। राज्य में फिलवक्त 57 एजेंसी कृषि पाठशाला के लिए चयनित है। कृषि पाठशाला सीएम हेमंत सोरेन की ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है। 25



से 27 एकड़ भूमि पर कृषि पाठशाला के निर्माण में जहां कुछ एजेंसियां बेहतर काम कर रही हैं जबकि कई एजेंसियों को पहले भी शो कॉज किया जा चुका है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने साफ शब्दों में कहा कि इसमें किसी भी तरह की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। कृषि पाठशाला में बेड़ो के लिए चयनित एजेंसी को टर्मिनेट करने का निर्देश दिया गया है। एजेंसी को काम में लापरवाही और सुस्ती के लिए पहले ही शो कॉज किया गया था। बावजूद इसके कोई सुधार नहीं हुआ। बेहतर कार्य नहीं करने वाले एजेंसियों को 6 माह में कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि कृषि पाठशाला में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की आत्मा बसती है। कृषि पाठशाला का कैंपस विभाग की सारी योजनाओं का एक दर्पण की तरह है और इस दर्पण में विभाग का चेहरा हर हाल में बेहतर दिखना चाहिए। कृषि पाठशाला में किसानों के प्रशिक्षण से लेकर विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं का मॉडल तैयार किया जाता है। प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट के द्वारा कृषि पाठशाला की मॉनिटरिंग की जाती है।

# भारत और कतर के बीच हुए कई समझौते

## हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय बातचीत हुई

**राष्ट्रपति भवन में कतर के अमीर का स्वागत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** कतर के अमीर तमीम बिन हमाद अल-थानी का मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमनंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वागत किया। इस दौरान उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कतर के अमीर ने सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों से भी मुलाकात की। इसके बाद अमीर अल-थानी और प्रधानमंत्री मोदी के बीच हैदराबाद हाउस में बैठक हुई। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी, पीयूष गोयल, निर्मला सीतारमण, मनसुख मंडाविया और पीके मिश्रा इस बैठक का हिस्सा थे। दोनों पक्षों ने व्यापार, प्रौद्योगिकी और निवेश में कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का भी आदान-प्रदान किया।



अमीर अल-थानी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ भी बैठक करेंगे। राष्ट्रपति भवन में कतर के अमीर के सम्मान में भोज का भी आयोजन किया जायेगा।

बताते चलें कि कतर के अमीर तमीम बिन हमाद अल-थानी सोमवार रात भारत पहुंचे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर उन्हें रिसीव करने दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे थे। इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर भी मौजूद थे। अमीर दो दिन की भारत यात्रा पर पहुंचे हैं। भारत और कतर के बीच दो एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। इस दौरान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और कतर के वाणिज्य और उद्योग मंत्री शेख फैसल बिन थानी बिन फैसल अल थानी मौजदू रहे हैं। दोनों ने भारत-कतर के बीच संयुक्त ट्रेड फोरम की शुरुआत की। पीयूष गोयल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश की बड़ी संभावनाएं हैं।

## पासवा के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा

# 2009 के आरटीइ कानून के तहत निजी स्कूलों को मान्यता देने की मांग

**मान्यता प्राप्त स्कूलों के साथ-साथ जैक स्कूल कोड प्राप्त विद्यालयों के बच्चों को भी साइकिल प्रदान करे सरकारः आलोक दुबे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री से मुलाकात की। मंगलवार को पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में निजी विद्यालयों की मान्यता से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से धुर्वा स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री को ज्ञापन में 2019 में रघुवर सरकार द्वारा निजी विद्यालयों की मान्यता के लिए निर्धारित भूमि बाध्यता कानून को निरस्त करने की मांग की। आलोक दुबे ने कहा कि निजी



विद्यालयों के लिए जमीन बढ़ाना या कमरे का साइज बदलना संभव नहीं है मान्यता की शर्तों को बदलना चाहिए। आलोक कुमार दुबे ने जोर देकर कहा कि 2009 के मूल आरटीइ (शिक्षा का अधिकार) कानून के तहत निजी विद्यालयों को मान्यता दी जाये। शिक्षा मंत्री को बताया गया कक्षा 8 तक के लिए कहीं भी जमीन के बाध्यता नहीं रखी गयी है, मूल आरटीआइ में सर्वकालिक भवन की बात की गयी है जिसमें सर्दी, गर्मी बरसात में बच्चे पढ़ाई कर सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि 2009 के आरटीआइ कानून के अलावा दूसरा कोई कानून झारखंड के निजी विद्यालयों को स्वीकार नहीं है।

**यूडाइस के लिए पोर्टल खोलने की अपील :** प्रतिनिधिमंडल ने यूडाइस के लिए पोर्टल खोलने की अपील भी की, जिससे मान्यता प्रक्रिया सरल और पारदर्शी हो सके। इसपर शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया कि मान्यता से जुड़े सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार किया जायेगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि भूमि बाध्यता से जुड़ी समस्याओं पर सरकार यथाशीघ्र निर्णय करेगी। इस निर्णय से पहले पासवा के पदाधिकारियों के साथ भी चर्चा की जायेगी।

**30 लाख से अधिक छात्रों का भविष्य अंधकार में:** आलोक दुबे ने कहा कि गैर-मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को मान्यता नहीं दी गयी तो 30 लाख से अधिक छात्रों का भविष्य अंधकार में पड़ जायेगा। इससे लाखों शिक्षक और कर्मचारी बेरोजगार हो जायेंगे और इससे जुड़े छोटे-बड़े कारोबारी भी प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार मान्यता प्राप्त विद्यालयों के साथ-साथ जैक स्कूल कोड प्राप्त विद्यालयों के बच्चों को भी साइकिल प्रदान करे।

### कोचिंग संस्थानों के लिए सख्त नियमावली बनाकर अंकुश लगाने की मांग की

झारखंड में चल रहे कोचिंग संस्थानों के लिए सख्त नियमावली बनाकर अंकुश लगाने की मांग की गयी। उन्होंने कहा कि अन्यथा मेडिकल और इंजीनियरिंग के नाम पर यूं ही ठगे जाते रहेंगे, झारखंड के नामी गिरामी कोचिंग संस्थान झारखंड की जनता के लाखों-करोड़ों रुपये लेकर भाग रहे हैं। सरकार को इस पर गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए और सख्त कानून बनाकर झारखंड के बच्चों को राहत दिलानी चाहिए। शिक्षा मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि सभी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जायेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में रांची महानगर पासवा अध्यक्ष डॉ सुषमा केरकेट्टा, प्रदेश पासवा के संजय प्रसाद, रूपेश कुमार, मनोज कुमार भट्ट, रंजीता पांडेय शामिल रहीं।

# झारखंड सरकार की शराब नीति पर जेएलकेएम की आपत्ति, मंत्री को सौंपा मांग पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) ने झारखंड सरकार की शराब नीति पर आपत्ति जतायी है। जेएलकेएम के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र



प्रसाद को एक मांग पत्र सौंपा। जेएलकेएम ने अपनी मांग पत्र में कहा है कि शराब के खुदरा विक्रेताओं का लाइसेंस केवल खतियान धारी मूल झारखंडियों को ही दिया जाना चाहिए। इसके अलावा, एक व्यक्ति/एजेंसी को संपूर्ण झारखंड में एक ही लाइसेंस देने का प्रावधान किया जाना चाहिए। जेएलकेएम ने यह भी मांग की है कि मॉल, डिपार्टमेंटल स्टोर और मॉडल शॉप में शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। जेएलकेएम ने कहा है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी जाती हैं, तो वे राज्यव्यापी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# कृषि शुल्क प्रभावी किया जाना जनविरोधी निर्णय है : चैंबर

**कहा-कांग्रेस पार्टी के एजेंडे में कृषकों का हित और उनका उत्थान प्राथमिकता में रहा है**

**झारखंड की बाजार समितियों को किसानों की समस्या से कोई सरोकार नहीं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मार्केटिंग बोर्ड द्वारा फिर से कृषि उत्पाद पर बाजार शुल्क लगाने की कवायद शुरू किये जाने पर आपत्ति जताते हुए झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा कड़ी नाराजगी जाहिर की गयी। बाजार समिति के इस निर्णय का विरोध करते हुए मंगलवार को चैंबर भवन में एक बैठक हुई। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी और पूर्व अध्यक्ष प्रवीण जैन छाबड़ा ने संयुक्त रूप से कहा कि झारखंड की बाजार समितियों में आज तक कृषकों को उनकी उपज लाने और बेचने के साथ भंडारण और किसानों को सुविधा देने का कोई काम नहीं किया गया। एकीकृत बिहार के जमाने से चल रहे बाजार समितियों के द्वारा किसानों को विपणन सुविधा नहीं दी गयी और न ही किसानों के उपजों के लिए कोई बाजार व्यवस्था की गयी, जिसके लिए बाजार समिति की स्थापना की गयी थी। अन्य राज्यों से आयातित चावल, दाल, तेल और अन्य खाद्य सामग्रियों पर बाजार शुल्क की वसूली का निर्णय जनविरोधी है। किसान और व्यापारी दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। किसान हैं तो व्यापारी हैं।



व्यापारी को टैक्स देने में कोई परेशानी नहीं है लेकिन इसके लिए सबसे पहले कृषकों को बाजार में लाने और विपणन सुविधा देने की व्यवस्था बाजार समितियों द्वारा की जानी चाहिए अन्यथा मार्केटिंग बोर्ड की गलत नीतियों के विरोध में झारखंड चैंबर द्वारा राज्यव्यापी विरोध-प्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

चैंबर भवन में संपन्न हुई बैठक में सदस्यों ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के एजेंडे में कृषकों का हित और उनका उत्थान प्राथमिकता में रहा है। बावजूद इसके झारखंड में किसान विरोधी नीतियों को लागू कराने का प्रयास किया जा रहा है, जिसपर पार्टी के शीर्ष नेताओं को संज्ञान लेने की आवश्यकता है। सदस्यों ने कहा कि बाजार समिति कृषकों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य दिलाने और विपणन सुविधा देने के लिए होता है। लेकिन झारखंड की बाजार समितियों को किसानों की समस्या से कोई सरोकार नहीं है बल्कि उनका एकमात्र उद्देश्य व्यापारियों के थोक खाद्यान्न व्यापार पर टैक्स लेना और व्यापारियों का भयादोहन करना ही है।

चैंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने मार्केटिंग बोर्ड द्वारा कृषि शुल्क लाने की योजना का कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि जरूरत पड़ी तो झारखंड चैंबर का प्रतिनिधिमंडल इस मामले में मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री के साथ ही पार्टी के शीर्ष नेताओं से मिलकर झारखंड की बाजार समितियों की वास्तविकता से अवगत करायेगा।

बैठक में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष प्रवीण जैन छाबड़ा, कार्यकारिणी सदस्य अमित शर्मा, शैलेस अग्रवाल, संजय अखौरी, सदस्य प्रमोद सारस्वत, शशांक भारद्वाज, महेंद्र जैन, मनोज मिश्रा, तेजविंदर सिंह उपस्थित थे। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनिल सरावगी ने दी।

# अबुआ अधिकार मंच ने जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं होने पर राज्यपाल से मुलाकात की, सौंपा ज्ञापन

## कहा- जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं होने से झारखंडी युवाओं का भविष्य अंधेरे में

**रांची विश्वविद्यालय का नाम बदलकर पद्मश्री डॉ राम दयाल मुंडा विश्वविद्यालय करने की मांग की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के अध्यक्ष पद पर 6 महीने से नियुक्ति नहीं होने के कारण राज्य में लाखों युवा हताश और निराश हैं। जेपीएससी में अध्यक्ष पद की अविलंब नियुक्ति की मांग को लेकर अबुआ अधिकार मंच के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर इस गंभीर विषय पर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। प्रतिनिधिमंडल ने अन्य महत्वपूर्ण शैक्षणिक और सांस्कृतिक विषयों को भी राज्यपाल के समक्ष रखा।

इस अवसर पर अबुआ अधिकार मंच के नीतीश सिंह ने



कहा कि झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के अध्यक्ष पद के लंबे समय से रिक्त होने के कारण विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में देरी हो रही है, जिससे हजारों युवा प्रभावित हो रहे हैं। परीक्षा प्रक्रिया ठप पड़ने से योग्य उम्मीदवारों के करियर पर संकट मंडरा रहा है। अबुआ अधिकार मंच ने राज्यपाल से आग्रह किया है कि जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति अविलंब की जाये ताकि नियुक्तियों से लेकर लंबित परीक्षाओं, रिजल्ट, प्रमोशन के मामले क्लीयर हो सकें।

**प्रशासनिक और शैक्षणिक प्रक्रिया हो रही प्रभावित :** बता दें कि अबुआ अधिकार मंच के नीतीश सिंह के नेतृत्व में अभिषेक शुक्ला, अभिषेक कुमार, अंशुतोष कुमार और रूही परवीन ने राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें एक मांग पत्र सौंपा। साथ ही यह बताया कि झारखंड लोकसभा आयोग में अध्यक्ष का पद 6 महीने से खाली है। इससे जेपीएससी 11वीं-13वीं की मेंस परीक्षा का रिजल्ट भी लंबित है। इसके अलावा अन्य कई परीक्षाएं और नियुक्तियों का मामला भी अटका पड़ा है।

**भर्ती परीक्षाओं में बनी अनिश्चितता :** जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति में देरी से राज्य की भर्ती परीक्षाओं में अनिश्चितता बनी हुई है। विभिन्न विभागों की परीक्षाएं रुकी हुई हैं, जिससे योग्य अभ्यर्थी समय पर नौकरी पाने से वंचित हो रहे हैं। अभ्यर्थियों की आयुसीमा समाप्त होने का खतरा बढ़ रहा है, जिससे उनकी मेहनत और सपने दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

### राज्यपाल से की कई मांगें

वहीं, अबुआ अधिकार मंच के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के समक्ष अन्य महत्वपूर्ण मांगें भी रखी। इनमें रांची विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय का नाम वीर बुधु भगत पुस्तकालय रखा जाये और अन्य विश्वविद्यालयों में भी पुस्तकालयों का नामकरण महापुरुषों के नाम पर करना मुख्य तौर पर शामिल है।

### जल्द करायें छात्रसंघ चुनाव

बता दें कि बीते 6 वर्षों से झारखंड के विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए हैं। वर्ष 2025-26 में अनिवार्य रूप से चुनाव कराये जायें ताकि छात्र नेतृत्व को उचित मंच मिल सके। उन्होंने कहा कि वर्षों से विश्वविद्यालयों में सेवाएं दे रहे सहायक प्राध्यापकों को स्थायी किया जाये या उन्हें 78,000 रुपये मासिक वेतन दिया जाये। ताकि वे आर्थिक असुरक्षा से मुक्त होकर उच्च शिक्षा को सशक्त बना सकें और गुणवत्ता में सुधार हो।

### रांची विवि का बदलें नाम

इसके साथ ही उन्होंने झारखंडी भाषा, संस्कृति, और शिक्षा में अभूतपूर्व योगदान देने वाले पद्मश्री डॉ राम दयाल मुंडा के सम्मान में रांची विश्वविद्यालय का नाम उनके नाम पर रखा जाये। इसके अलावा डोरंडा महाविद्यालय का नामकरण भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम महाविद्यालय किया जाये।

# जेसोवा ने वितरित की ब्रेल लिपि की पुस्तकें



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आइएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) द्वारा राजकीय नेत्रहीन विद्यालय, हरमू में नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए ब्रेल लिपि की पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। ब्रेल लिपि की पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता सीमित होती है और जेसोवा ने विशेष प्रयास कर-के इन्हें विद्यार्थियों तक पहुंचाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जेसोवा की अध्यक्ष प्रीति कुमारी ने की। उन्होंने राजकीय नेत्रहीन विद्यालय और राजकीय मूक-बधिर विद्यालय के विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को समझने का प्रयास किया। जेसोवा की सचिव गायत्री सिंह ने विद्यार्थियों को संघर्षमय जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिये और विपरीत परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह, विद्यालय के शिक्षक और जेसोवा की सदस्य निक्की टोप्पो, जसीना सिद्दीकी, जगथा, दिव्याश्री, यामिनी कुमारी, अर्चना मुथु, ज्योति भजंत्री, स्टेफी मुर्मू, प्रेरणा, श्रेया चौरसिया, आर्या गौतम, अपूर्वा जौहरी, नीलम ललित, ललिता उरांव उपस्थित थीं।






# खाटू धाम में अखंड ज्योति पाठ और रांची में सुंदरकांड पाठ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में श्याम भक्तों के दल ने मंगलवार को खाटूधाम स्थित श्री श्याम मित्र मंडल के विश्राम भवन में पाठ वाचक मनोज सेन के सानिध्य में श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का सामूहिक रूप से गायन किया गया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने अपनी धर्मपत्नी अन्नपूर्णा सरावगी के साथ बाबा श्री श्याम की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की। सुरेश सरावगी ने शुद्ध घी, केसरिया पेड़ा, पंचमेवा, फल, विभिन्न प्रकार के मिष्ठान एवं पान का भोग लगा बाबा श्याम के आगे अपनी मनोहर कामना अर्जी लगा भक्तों के लिए सुख मंगल कामना की।

श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ एवं श्रृंगार के प्रभारी मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, यात्रा उप संयोजक स्नेह पोद्दार, उप मंत्री अनिल नारनौली, वेद भूषण जैन, पप्पू, राजीव केडिया, अन्नपूर्णा सरावगी, कविता मित्तल, विजयश्री, साबू भारती, चितलांगिया, सरिता कटारूका, शोभा सिंघानिया, स्नेहा पोद्दार, डोली झुनझुनवाला, नेहा सरावगी, सरिता अग्रवाल, सुनीता मित्तल, आयुषी कटारूका ने बाबा श्याम के अखंड ज्योति की तैयारी प्रातः काल में ही प्रारंभ कर साज सजावट में अपना सहयोग दिया। दोपहर 1:30 बजे बाबा श्याम के अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित होते ही हारे के सहारे की जय खाटूनरेश की जय से पूरा विश्राम भवन एवं खाटूधाम गूंज रहा था। अखंड ज्योति है अपार, माया श्याम देव की प्रबल छाया से गाकर सभी श्याम भक्त भाव विभोर हो रहे थे।

### 141वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 141वां श्री सुंदरकांड, श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। जय-जय जय हनुमान गोसाईं कृपा करो गुरुदेव की नाहीं के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मुन्ना सिंह पिंकी सिंह ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया, पेड़ा, गुड़, चना, फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। मुन्ना सिंह ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेड़ा सेवा, श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा, मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवं राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, मुन्ना सिंह, पिंकी सिंह, माही सिंह, शौर्य प्रताप सिंह, श्याम जोशी, अंकित सिंह सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे। उपरुक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

# राज्य के लाखों युवा बेरोजगार, वे अपना हक चाहते हैं : बाबूलाल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तीखा हमला किया है। मरांडी ने कहा कि सीएम ने हाल ही में कुछ युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा और करोड़ों रुपये खर्च कर भव्य आयोजन किया। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि इसके साथ ही मुख्यमंत्री के लोग यह दावा करेंगे कि वे सबसे ज्यादा नौकरी देने वाले मुख्यमंत्री हैं, लेकिन इस आयोजन से लाखों बेरोजगार युवाओं के सवाल हल नहीं होंगे।

### जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति कब होगी

बाबूलाल मरांडी ने सवाल उठाया कि झारखंड के लाखों बेरोजगार युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षा कैलेंडर कब जारी होगा, जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति कब होगी और जेएसएससी, सीजीएल पेपर लीक की जांच कहां तक पहुंची? इसके अलावा, उन्होंने यह भी पूछा कि मुख्यमंत्री किस नियोजन नीति के तहत नियुक्तियां कर रहे हैं और झारखंड के युवाओं को कितना आरक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि सीएम को यह समझना चाहिए कि युवाओं का भविष्य केवल पीआर स्टंट और दिखावों से नहीं, बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही से संवरेगा। झारखंड के बेरोजगार युवा केवल जुमलेबाजी नहीं, बल्कि अपना हक और अधिकार चाहते हैं।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** — दैनिक कार्य अव्यवस्थित रहेगा, नौकरी-व्यापार में अवरोध,विविध उलझनों का सामना होगा।

**वृष** — रोजी-रोजगार में सफलता मिलेगी, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

**मिथुन** — परिस्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण धन-द्रव्य की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा,महत्वकांक्षा पूरी होगी, नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है।

**सिंह** — रुका हुआ काम पूरा होगा,हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति होगी,वाहन की सवारी सावधानी से करें दुर्घटना की आशंका।

**कन्या** — नौकरी में उन्नति होगी, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**तुला** — परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा। स्वजन-मित्रों का सहयोग, नौकरी में बदलाव होने की संभावना।

**वृश्चिक** — संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी, व्यवसाय की स्थिति में सुधार, संतोषजनक धनलाभ होगा।

**धनु** — इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी,विरोधियों पर विजय।

**मकर** — आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** — स्वास्थ्य बाधा, दिमागी तनाव,इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** — आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में भोजन का किया गया वितरण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम पुंदाग के प्रांगण में सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) में मंगलवार को भोजन का वितरण किया गया। आश्रम में रह रहे 37 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित प्रभुजी एवं आश्रम में रहकर उनकी सेवा करने वाले सेवादार साथियों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसादी का भोजन बनवा कर भोजन खिलाया गया। इस पुनीत कार्य को रिशी टॉक, राकेश कुमार, नरेश डालमिया, निर्मल अग्रवाल, दिनेश कुंवर, आलोक कुमार, प्रमोद प्रसाद, अशोक नारसरिया, अशोक अग्रवाल, सरिता केजरीवाल, अशोक कुमार के सौजन्य से सभी निराश्रित प्रभुजी को भोजन प्रसादी खिलाकर सेवा की गयी। सभी ने ट्रस्ट के सदस्यों को बहुत बहुत धन्यवाद एवं अपना अमूल्य आशीर्वाद दिया। अन्नपूर्णा सेवा के पुनीत कार्य में ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी संस्था के वरिष्ठ सदस्य पूरणमल सर्राफ, चिरंजीलाल खंडेलवाल, सुरेश अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, नंद किशोर चौधरी, संजय सर्राफ, विशाल जालान, पवन कुमार पोद्दार सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# राज्यपाल से मिले गोवा के शिक्षाविद्



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत गोवा से आये शिक्षाविदों ने राजभवन में भेंट की। ये शिक्षाविद रांची विश्वविद्यालय के शैक्षणिक भ्रमण पर आये हुए हैं। इस मौके पर राज्यपाल ने शिक्षाविदों से बातचीत के क्रम में राज्य में उच्च शिक्षा को और गुणात्मक व प्रभावी बनाने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राज्य के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा मिले, ताकि वे प्रतिस्पर्धा के इस युग में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि वे शैक्षणिक मानकों के अनुपालन और सत्रों के नियमितीकरण के लिए प्रतिबद्धता के साथ प्रयास कर रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और समाजोत्थान का आधार भी है। उच्च शिक्षा संस्थानों को ऐसा वातावरण विकसित करना चाहिए, जहां शोध, नवाचार और मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ावा मिले। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को समसामयिक चुनौतियों से निपटने के लिए अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक दक्षताओं से भी संपन्न किया जाना आवश्यक है।

# सेक्रेड चाइल्ड स्कूल के बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति दी




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कोकर में सेक्रेड चाइल्ड स्कूल का 13वां वार्षिक उत्सव मनाया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। वार्षिक उत्सव किसी भी स्कूल के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन होता है, जहां बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं और आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। रंग बिरंगे परिधानों में बच्चों ने विविध प्रकार के कार्यक्रम किये।

इस अवसर पर विद्यालय को रंग-बिरंगी रोशनियों और सुंदर सजावट से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के स्वागत और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। उनकी मनमोहक हिंदी, नागपुरी, मराठी, अंग्रेजी गानों की प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर बच्चों को उनके योगदान के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। अभिभावकों ने कार्यक्रम की खूब सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डाक्टर स्वाती, संतोष महतो, सूरज पासवान, अमित चौरसिया, उदित कुमार महतो और अन्य विशिष्ट अतिथि मौजूद थे।

# बीआइटीटी पॉलिटेक्निक में बहुराष्ट्रीय कंपनी गिलबार्को वीडर-रूट का कैंपस ड्राइव, 28 छात्रों का हुआ चयन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बीआइटीटी पॉलिटेक्निक में बहुराष्ट्रीय कंपनी गिलबार्को वीडर-रूट का कैंपस ड्राइव आयोजित किया गया। जिसमें 28 छात्रों का चयन किया गया। इस कैंपस ड्राइव में प्रदेश के विभिन्न सरकारी, अर्ध सरकारी और निजी संस्थानों के डिप्लोमा छात्रों ने भाग लिया। गिलबार्को वीडर-रूट के एचआर टीम ने छात्रों का इंटरव्यू लिया और अंतिम रूप से 28 छात्रों का चयन किया गया। गिलबार्को वीडर-रूट के एचआर ने कहा कि बीआईटीटी पॉलिटेक्निक के छात्र काफी कुशल और प्रतिभाशाली हैं और उनमें तकनीकी रोजगार और अन्वेषण करने का असीम उत्साह है। चयनित छात्रों और उनके माता-पिता ने संस्थान और शिक्षकों के प्रति अपनी खुशी और भावनाएं व्यक्त कीं। बीआईटीटी पॉलिटेक्निक के प्रचार्य कृष्णा कुमार महली ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं। बीआईटीटी के चेयरपर्सन डॉ वंदना कुमारी और चेयरमैन डॉ रंजीत कुमार ने इस कैंपस ड्राइव को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापन किया। इस प्लेसमेंट ड्राइव को सफल बनाने में बिनय कुमार सिंह, अमित कुमार, राहुल कुमार, महावीर प्रसाद महतो, राजीव कुमार सिंह, रिझें लकड़ा, प्रो. दीपक कुमार राज, धीरज कुमार, राजू महतो सहित अन्य का योगदान रहा।

# डोरंडा कॉलेज रांची इग्नू अध्ययन केंद्र में नामांकन जारी

**रांची (आजाद सिपाही)। डोरंडा कॉलेज रांची इग्नू अध्ययन केंद्र में स्नातक,स्नातकोत्तर एवं अन्य प्रोग्राम में नामांकन जारी है। इसके साथ इग्नू में पीजी डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स बैचलर लाइब्रेरी, मास्टर लाइब्रेरी बीसीए बीबीए एमबीए एवं अन्य रोजगार परक कोर्स मे नामांकन लिया जा सकता है। जनवरी का नामांकन और रि रजिस्टेशन 28 फरवरी तक किया जा सकता है। एसटी-एससी विद्यार्थियों का नामांकन स्नातक जनरल प्रोग्राम में निः शुल्क हो रहा है। यह जानकारी अध्ययन केंद्र के सह समन्वयक डॉ अमित कुमार ने दी।**

# आंदोलनकारी सूची से झारखंड आंदोलन का विरोध करनेवाले को बाहर किया जाये : ललित महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन आजसू (बृहत झारखंड) के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष और झारखंड आंदोलनकारी ललित कुमार महतो ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि झारखंड आंदोलन के दौरान जेल जाने के मामले को समाप्त ना किया जाये। साथ ही साथ झारखंड आंदोलनकारी चिह्नितीकरण आयोग के द्वारा आंदोलनकारी चिह्नित करने की प्रक्रिया पर घोर आपत्ति जतायी है। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो आयोग के चयन प्रक्रिया के खिलाफ कोर्ट भी जा सकते हैं। कुछ लोग झारखंड आंदोलनकारी चयन को धंधा

**कहा- कुछ लोग झारखंड आंदोलनकारी चयन को धंधा बना लिये हैं**

बना लिये हैं जिसके कारण आज आधा से अधिक ऐसे लोग चयन किये गये हैं जो झारखंड आंदोलन के घोर विरोधी थे। जो लोग आरजेडी/कांग्रेस सीपीआइएम जैसे दलों में रहकर झारखंड आंदोलन का विरोध किये। आज वैसे लोगों को ही आयोग द्वारा चिह्नित किया जा रहा है। ऐसे लोगों के लिए अनुशंसा करने वाले पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। तमाड़ में मथुरा प्रसाद साहू सीपीआइएम में सक्रिय थे और उनका नारा था झारखंड न खालिस्तान एक रहेगा हिंदुस्तान, जो दीवार पर लिखा करते थे और जुलूस रैली में नारा भी लगाते थे। मैं याद दिलाना चाहूंगा कि तमाड़ अड़की क्षेत्र का सबसे मातम दिन डोरेया बाजार कांड जिसमें जेएमएम, आजसू एक तरफ और सीपीआइएम एक तरफ कमान संभाले हुए थे। सीपीआइएम के लोग झारखंड आंदोलनकारियों पर गोली बम बरसा रहे थे और दूसरी तरफ झारखंड आंदोलनकारी आयोजित सभा से भाग कर अपना जान बचाने में लगे थे। इस घटना में कई लोग मारे गये थे। एक तरफ झारखंड आंदोलनकारियों के द्वारा आयोजित सभा (मीटिंग) का नेतृत्व रमेश सिंह मुंडा (जो झारखंड राज्य बनने पर मंत्री बने थे) कर रहे थे, तो दूसरी तरफ से हमलावरों का नेतृत्व राजेंद्र सिंह मुंडा (पूर्व विधायक) और मथुरा प्रसाद साहू कर रहे थे। उसी मथुरा प्रसाद साहू को आज झारखंड आंदोलनकारी घोषित किया जाना झारखंड आंदोलनकारियों के भावनाओं पर तमाचा मारने जैसा है। इसी तरह कांग्रेस के गोबिंद महतो, अशोक महतो जैसे कई फर्जी लोग आंदोलनकारी की सूची में हैं। ललित कुमार महतो ने कहा कि अगर झारखंड सरकार इन लोगों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए सूची से बाहर नहीं करती है तो हम न्यायालय की शरण में जायेंगे और फर्जी लोगों को दंडित करायेंगे।

# झारखंड में आतंकवाद की पाठशाला न लगने दे राज्य सरकार : प्रतुल शाहदेव



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड सरकार से मांग की है कि वह राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकवाद की जड़ें मजबूत न होने दे। उन्होंने पाकुड़ में बांग्लादेश के प्रतिबंधित संगठन जमात उल मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के आतंकवादी द्वारा ट्रेनिंग दिये जाने को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की।


प्रतुल शाहदेव ने कहा कि बांग्लादेशी आतंकवादी अब्दुल मनुन ने पाकुड़ में दर्जनों स्थानीय युवाओं को आतंकी गतिविधियों की ट्रेनिंग दी। यह अत्यंत गंभीर मामला है कि आतंकवादी झारखंड में ट्रेनिंग कैंप चला रहे हैं और राज्य की खुफिया एजेंसियों को इसकी जानकारी उनके जाने के बाद मिल रही है। उन्होंने राज्य सरकार से अविलंब कठोर कार्रवाई करने और इस गतिविधि में मदद करने वालों पर कानूनी शिकंजा कसने की मांग की।

झारखंड में स्लीपर सेल का पुराना इतिहास, सख्त कदम उठाये सरकार : प्रतुल शाहदेव ने कहा कि झारखंड में पहले भी स्लीपर सेल की मौजूदगी सामने आती रही है। उन्होंने हाल की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि झारखंड में एक प्रतिष्ठित अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर स्लीपर सेल का हिस्सा निकला था। लोहरदगा सहित कई जिलों में स्लीपर सेल का खुलासा हो चुका है।

बोधगया बम ब्लास्ट के तार रांची से जुड़े थे। हिंदपीढ़ी के एक लॉज से नौ बम बरामद हुए थे। सीठियो के जंगल में बम बनाने की ट्रेनिंग दी गयी थी। उन्होंने कहा कि यह देश की सुरक्षा से जुड़ा मामला है और हेमंत सरकार को पूरी ताकत के साथ आतंकियों और उनके समर्थकों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

## मेडिकल एंट्रेंस की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए खुशखबरी

# रिम्स में बढ़ेंगी एमबीबीएस की सीटें, 250 छात्रों को मिलेगा दाखिला




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मेडिकल एंट्रेंस की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए खुशखबरी है। राज्य के सबसे बड़े मेडिकल संस्थान रिम्स में एमबीबीएस की सीटें बढ़ाने की कवायद शुरू कर दी गयी है। इसके लिए रिम्स प्रबंधन ने नेशनल मेडिकल कमीशन को प्रस्ताव भेजा है। रिम्स प्रशासन का कहना है कि कॉलेज में 250 छात्रों के लिए जरूरी सुविधाएं, स्टाफ और आधारभूत ढांचा तैयार कर लिया गया है। अब एनएमसी की टीम किसी भी समय निरीक्षण कर सकती है।

**पिछले पांच साल से सीट बढ़ाने की चल रही थी योजना :** बता दें कि पिछले पांच साल से रिम्स में एमबीबीएस की 250 सीटें करने की योजना चल रही थी। 3 साल पहले एनएमसी की टीम ने निरीक्षण किया था, लेकिन कुछ कमियों के कारण अनुमति नहीं दी गयी थी। इनमें एकेडमिक बिल्डिंग, लेक्चर हॉल, ब्लड बैंक और ओपीडी में मरीजों की संख्या कम होना प्रमुख कारण थे। अब इन कमियों को दूर कर लिया गया है।

### केंद्र सरकार का 75 हजार एमबीबीएस सीटें बढ़ाने का लक्ष्य

**गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने अगले 5 साल में पूरे देश में 75 हजार एमबीबीएस सीटें बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए बजट में भी मंजूरी दी गयी है।**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

198000 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

Channel

Subscribe NOW


# महाकुंभ गये कथावाचक के घर से 5 लाख के गहने और नगद की चोरी



### सदानंदजी महाराज शारदा नगर स्थित किराये के मकान में रहते थे और सभी लोग महाकुंभ गये थे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** महाकुंभ गये भागवत कथावाचक के किराये के मकान में भीषण चोरी हो गयी है। चोरों ने घर का ताला तोड़कर लगभग 4.5 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और 50 हजार रुपये नकद चोरी कर ली। कथावाचक सदानंद जी महाराज लोहरदगा जिले के शारदा नगर स्थित किराये के आवास में रहते हैं। वे महाकुंभ में कल्पवास के लिए गये थे। भागवत कथावाचक के घर में चोरी की वारदात सामने आने के बाद सनसनी फैल गयी है। सूचना पर पहुंची सदर थाना की पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है। पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई में जुट गयी है।

जानकारी के अनुसार शहरी क्षेत्र के भागवत कथावाचक सदानंद रामानुज महाराज भारतीय सनातन समाज में एक प्रेरक मोटिवेशनल, हिंदुत्व रक्षक, सनातन संस्कृति के ठेकेदार एवं राष्ट्रीय श्रीमद् भागवत, श्री राम कक्षा एवं यज्ञाथीश के रूप में कार्यरत हैं। वर्तमान में कुछ कार्य (निर्माणाधीन) को देखते हुए शारदा नगर विद्या मंदिर के पास किराये के मकान में रह रहे थे। प्रयागराज कुंभ में उनके गुरु के द्वारा बहुत बड़ा शिविर लगाया गया था, जिसमें भाग लेने के लिए वे जनमानस सेवा के निमित्त 08 जनवरी 2025 को लोहरदगा से प्रयाग के लिए प्रस्थान किये थे। हालांकि मौनी अमावस्या पश्चात वे दो-चार दिनों के लिए लोहरदगा आये थे लेकिन पुनः प्रयाग चले गये थे। 11 फरवरी 2025 को उनकी अर्धांगिनी एक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए उस किराये मकान को ताला बंदकर औरंगाबाद के लिए प्रस्थान कीं और चाबी पड़ोस के शुभचिंतक को दिया। 16 फरवरी को उन्हें पता चला कि उनके घर का ताला खुला हुआ है और घर का सामान बिखरा हुआ है। घर से लगभग 4.5 लाख के गहने, चांदी के बर्तन, यज्ञ की सामग्री एवं लगभग 50 हजार के आसपास नकद गायब थे। उन्होंने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उचित कानूनी कार्यवाही की मांग पुलिस से किया है।

### दाखिल खारिज के मामलों को निर्धारित अवधि में निष्पादित नहीं करने पर उपायुक्त ने की कार्रवाई

# नीलांबर-पीतांबरपुर के सीओ, सीआइ और कर्मचारी पर लगा 65-65 हजार का अर्थदंड

### दाखिल खारिज के 62 मामले नामांतरण करने की निर्धारित अवधि से अधिक समय तक थे लंबित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दाखिल खारिज के मामलों को लंबित रखने को लेकर पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कड़ी नाराजगी जतायी है। उन्होंने दाखिल खारिज के मामलों को निर्धारित अवधि में निष्पादन नहीं करने के बजाये लंबित रखने को लेकर नीलांबर-पीतांबरपुर के अंचल अधिकारी सहित तीन के विरुद्ध मंगलवार को कार्रवाई की है। उन्होंने नीलांबर-पीतांबरपुर के अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह, कर्मचारी/ राजस्व उप निरीक्षक रितेश रंजन तिवारी एवं प्रभारी सीआइ महेंद्र राम के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 65-65 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड की राशि संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी के वेतन से




कोषागार द्वारा कटौती की जायेगी। इनके विरुद्ध आरोप है कि दाखिल खारिज के लिए प्राप्त आवेदनों का ससमय निष्पादन नहीं किया। जबकि इसके लिए वरीय अधिकारियों का भी निर्देश प्राप्त हुआ। दाखिल खारिज के 62 मामले नामांतरण करने की निर्धारित तिथि से अधिक समय तक लंबित रखे गये, जबकि सामान्य तौर पर 30 दिनों के अंदर दाखिल खारिज के मामलों का नामांतरण किया जाना है तथा आपत्ति के मामलों में 90 दिनों के अंदर नामांतरण करने का समय निर्धारित है। तीनों के विरुद्ध झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 के अंतर्गत कार्रवाई की गयी है।

उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि पलामू वासियों को कठिनाई नहीं हो, इसके लिए प्रशासन सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। विकास कार्यों की गति को शिथिल करने वालों के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### अपर समाहर्ता ने दी थी चेतावनी

दाखिल खारिज के मामलों का ससमय निष्पादन हेतु पलामू के अपर समाहर्ता द्वारा भी चेतावनी दी गयी थी। विदित हो कि अपर समाहर्ता द्वारा 21 दिसंबर 2024 को कार्यालय का निरीक्षण के दौरान मामलों का ससमय निष्पादन का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद निष्पादन नहीं होने की स्थिति में अपर समाहर्ता द्वारा 8 फरवरी 2025 को बैठक के क्रम में चेतावनी दी गयी थी। इसके बावजूद भी इन 62 मामलों का निष्पादन ससमय नहीं किया गया।


CCL सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड

"एक मिनीरत्न कम्पनी"

(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

Fuelling Sustainable Growth

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कम्पनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in) सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।


# मांडू में सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

### महाकुंभ में स्नान कर बंगाल झालदा लौट रहे थे सभी लोग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** महाकुंभ से स्नान कर बंगाल झालदा लौटने के क्रम में मांडू थाना क्षेत्र के सेमरा जंगल के समीप एनएच 33 में हुई भीषण सड़क दुर्घटना में दो महिला की मौत घटनास्थल पर हो गयी। जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। यह घटना मंगलवार के दिन करीब 3 बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार मारुति का एक्सप्रेसो कार संख्या डब्लूबी 56 टी 7408 में महा कुंभ, प्रयागराज से स्नान कर घर झालदा, वेस्टबंगाल लौट रहे थे, कि मांडू थाना क्षेत्र के सेमरा जंगल के समीप एनएच 33 पर पूर्व से खड़ी ट्रक संख्या जीजे बीटी 4974 को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में दो महिला की मौत घटनास्थल हो गयी, जबकि कार में सवार एक महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मांडू पुलिस ने सभी को उपचार के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। जहां पर उनकी हालत चिंता जनक बतायी जा रही है। मांडू पुलिस दुर्घटना ग्रस्त वाहन को जब्त कर थाना ले गयी। मृतकों में एक महिला का नाम बिंदु महतो बताया जाता है, जबकि एक का नाम अभी तक पता नहीं चल पाया है।

# सेन्हा में बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सेन्हा/ लोहरदगा।** खनिज संपदा चोरी एवं विभाग का राजस्व क्षति को लेकर पुलिस कार्रवाई के पश्चात जिला खनन पदाधिकारी के आवेदन पर खनन अधिनियम के तहत जब्त ट्रैक्टर मालिक एवं चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी।

विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र भ्रमण के दौरान पुलिस द्वारा अवैध बालू लदा बिना रजिस्ट्रेशन नंबर का एक ट्रैक्टर जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद को अवगत कराया था। जिसके आलोक में खनन विभाग द्वारा जब्त ट्रैक्टर मालिक एवं चालक के विरुद्ध नियम संगत केस दर्ज किया गया। गौरतलब हो कि उक्त बालू लदा ट्रैक्टर को परिवहन करते हुए पीसीसी पथ भड़गांव से पुलिस डेरा पकड़ कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखते हुए संबंधित विभाग को अग्रतर कारवाई हेतु सूचनार्थ किया गया था। जिसके आलोक में खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद के लिखित बयान पर सेन्हा थाना कांड संख्या 20/25 दर्ज कर खनन अधिनियम के तहत कारवाई की जा रही है।

# सीओ और किसानों के बीच वार्ता के बाद दूसरे दिन जमीन समाधि सत्याग्रह समाप्त

### सीओ ने जल्द से जल्द समस्या के समाधान का दिया आश्वासन

**मुकेश कुमार सिंह**

**चंदवा।** चंदवा सांसद आदर्श ग्राम चटुआग के अन्नदाता किसानों का चल रहे जमीन समाधि सत्याग्रह दूसरे दिन मंगलवार को अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक और आंदोलन कारी किसानों के बीच हुई वार्ता के बाद जमीन समाधि सत्याग्रह समाप्त हो गया।

दूसरे दिन मंगलवार को भी किसानों ने दस बजे से खुले आसमान के नीचे धूप में भूखे प्यासे दो फीट गड्ढे में बैठकर और कब्र में लेटकर किसान जमीन समाधि सत्याग्रह आंदोलन पर बैठ गये थे। इसके पश्चात सत्याग्रह स्थल पर करीब दो बजे के आस-पास अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक, अंचल निरीक्षक महेश सिंह सत्याग्रह स्थल पर पहुंचे, किसानों से वार्ता की उन्होंने किसानों को समस्या समाधान कराने का आश्वासन देकर उनसे आंदोलन खत्म करने का आग्रह किया। सीओ ने आश्वासन दिया कि बिजली को लेकर विभाग से बात हुई इस समस्या का निदान जल्द ही करा दिया जायेगा। वन




पट्टा का जो आवेदन अंचल में पड़ा है उसे जिला स्तर के अधिकारियों तक भेज दिया जायेगा। पानी समस्या का समाधान कर दिया जायेगा। सड़क आदि समस्याओं के लिए पत्र अग्रसारित होगा। आपकी के मांगों पर उपायुक्त ने भी संज्ञान लिया है। इस आश्वासन के बाद आंदोलनकारियों ने सत्याग्रह खत्म कर उपायुक्त के पदनाम ज्ञापन सीओ को सौंपा।

सत्याग्रह की अगुवाई कर रहे माकपा नेता सह पंचायत समिति सदस्य अयूब खान ने कहा कि सांसद आदर्श ग्राम के विभिन्न टोलों में आवागमन के लायक सड़क नहीं है। बिजली अपने जुगाड़ के सहारे ग्रामीण जला रहे हैं। पानी समस्या से भी गांववासी जूझ रहे हैं, कई टोले ऐसे हैं जहां मरीज को अस्पताल तक पहुंचाने में एंबुलेंस नहीं आती, बीमार को अस्पताल ले जाने के लिए आज भी किसान खटिया डोली का सहारा लेते हैं। अन्नदाता किसानों को बदहाली के कगार पर ही छोड़ दिया गया है जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण है, सर्वे में हुई त्रुटि में सुधार नहीं हो रहा है, सांसद आदर्श पंचायत में भी लोग मुलभूत सुविधाओं से तरस रहे हैं।

पंचायत समिति सदस्य अयूब खान और किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि हमारी समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो एक माह के बाद पुनः किसान आंदोलन छेड़ा जायेगा।

आंदोलन में माकपा नेता सह पंचायत समिति सदस्य अयूब खान, मुखिया नरेश भगत, सनिका मुंडा, जीदन टोपनो, अंधरियस तोपनो सावन हेरेंज, मुन्ना मुंडा, दाउंद होरो, बेने तोपनो, माइकल हंश, स्टेफन टोपनो, सिमोन भेंगरा, नेमा परहिया, धुमा भेंगरा, अजीत लेवना, अनिल मुंडा, सुरेश गंझू, बुधराम बारला, गंगाराम मुंडा, महतारी तोपनो, सोनामती देवी, सोमारी नगेसिया समेत सैंकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष किसान शामिल थे।

# दहेज के लिए पत्नी के हत्यारे और उसके पिता को 10-10 साल की कैद

### दहेज के रूप में लड़की के पिता से 3 लाख रुपये की मांग की थी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोडरमा।** दहेज हत्या के एक मामले में एडीजे द्वितीय संजय कुमार चौधरी के न्यायालय ने पिता और पुत्र को दोषी पाते हुए 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। तिलैया थाना कांड सं 182/23, सत्रवाद 21/24 के अभियुक्त सुमन कुमार उर्फ अनु और सुरेश यादव पिता स्व सुकर यादव दोनों साकिन झुमरी पो करमा थाना तिलैया को न्यायालय अपर जिला और सत्र न्यायाधीश, द्वितीय सह त्वरित न्यायालय कोडरमा ने विभिन्न धाराओं में सजा सुनाई गयी। अभियुक्त सुमन कुमार का अन्य लड़की के साथ अवैध संबंध रहने के कारण इस संबंध में कई बार रिश्तेदार और परिवार वालों के साथ पंचायत भी हुई थी। पर पीड़िता के ससुराल वाले इसे मानसिक रूप से हमेशा प्रताड़ित करते रहते थे और अतिरिक्त दहेज के रुप में इनके पिता से 3 लाख रुपये की मांग की थी। इतनी बड़ी रकम नहीं देने पर इनके ससुराल वालों के 27 जुलाई 2023 को हत्या कर दी गयी। अनुसंधानकर्ता द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त सुमन कुमार उर्फ अनु और उसके पिता सुरेश यादव पिता स्व सुकर यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया और अभियुक्त आजतक काराधीन है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**कोडरमा(आजाद सिपाही)। कोडरमा महिला थाना कांड संख्या 4/25 में दुष्कर्म के आरोपी राजेंद्र दास, पिता गिरजा दास, ग्राम बरियारडीह, थाना मरकच्चो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बता दें कि उत्तरप्रदेश के कुशीनगर निवासी 32 वर्षीय महिला ने कोडरमा महिला थाना में आवेदन देकर कहा था कि मरकच्चो थाना क्षेत्र के बरियारडीह निवासी राजेंद्र दास 7 वर्ष पहले शादी करने के बाद अचानक उसे गांव छोड़कर मायके लौटने और गांव जाने पर ससुराल वालों पर मारपीट का आरोप लगाया था। महिला ने बताया था कि 7 वर्षों से हमलोग पति-पत्नी के रूप मे रह रहे थे। साथ ही आरोप लगाया कि 5 माह पहले 2 महीने का बच्चा भी दवा खिलाकर नष्ट करवा दिया था।**

# पूरा नहीं होगा छावनी क्षेत्र के नेताओं का मेयर और पार्षद बनने का सपना

## नगर परिषद अपने ही 32 वार्ड में चुनाव संपन्न कराने में जुटा

### 100 बूथ पर 98,263 मतदाता चुनाव में डालेंगे वोट, नहीं जुड़ेगा नया नाम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ में नगर निकाय चुनाव की तैयारी अधिकारियों के स्तर से लगभग पूरी हो चुकी है। अधिकारियों की इस तैयारी के बाद छावनी परिषद क्षेत्र के नेताओं का मेयर और पार्षद बनने का सपना टूट गया। नगर निकाय चुनाव में छावनी क्षेत्र का कोई भी नेता हिस्सा नहीं ले सकता है। नगर परिषद अपने ही 32 वार्ड में चुनाव संपन्न करने के तैयारी कर रहा है। इन्हीं 32 वार्ड में जातीय अध्ययन पूरा हुआ है और वोटर लिस्ट भी तैयार कर ली गयी है। जिला प्रशासन ने अपनी तैयारी से संबंधित पूरा दस्तावेज निर्वाचन विभाग को भेज दिया है। जिला प्रशासन द्वारा छावनी परिषद के आठ वार्डों में ना तो जातीय अध्ययन की प्रक्रिया पूरी की गयी और ना ही चुनाव को लेकर किसी




भी तरह की तैयारी की गयी है। इसकी वजह भी साफ है कि छावनी परिषद का नगर परिषद में विलय को लेकर अभी तक नोटिफिकेशन नहीं हुआ है।

**98,263 मतदाता डालेंगे वोट, 36.95 प्रतिशत है इबीसी:** रामगढ़ नगर परिषद चुनाव में 98263 मतदाता वोट डालेंगे। इनमें अत्यंत पिछड़ा वर्ग (इबीसी) में 36,306 मतदाता और पिछड़ा वर्ग में 12,102 मतदाता शामिल हैं। शेष 49855 मतदाता सामान्य वर्ग में है। जातीय अध्ययन के बाद इस बात का भी कयास लगाया जा रहा है कि 32 वार्ड में 50 फीसदी से अधिक सीटें आरक्षित हो जायेंगी। हालांकि कौन सा वार्ड आरक्षित होगा यह निर्वाचन आयोग पर निर्भर करता है।

**नहीं हुआ विलय का नोटिफिकेशन, विकास में उत्पन्न होगी बाधा:** नगर परिषद में छावनी परिषद का विलय कराने के लिए जिला प्रशासन ने अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी। राज्य सरकार को हर बिंदु पर रिपोर्ट भी सौंप दी गयी है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच दर्जनों बार बैठकों का दौर चला। ऐसा कयास लगाया जा रहा था कि नगर निकाय के चुनाव से पहले छावनी परिषद का विलय नगर परिषद में हो जायेगा। विलय की प्रक्रिया के कारण छावनी परिषद का भी चुनाव स्थगित कर दिया गया था। लेकिन अब राज्य में नगर निकाय चुनाव नजदीक आता जा रहा है। किसी भी समय निर्वाचन आयोग तिथि की घोषणा कर सकता है। ऐसे में रामगढ़ छावनी परिषद का चुनाव से वंचित होना, आम नागरिकों के लिए भी बड़ा झटका साबित होगा। विलय के मुद्दे के कारण छावनी परिषद में विकास का कार्य गति नहीं पकड़ पा रहा है। अगर इस बार भी चुनाव की प्रक्रिया में यह क्षेत्र शामिल नहीं हो पाया तो आगे भी विकास की गाड़ी यहां रफ्तार नहीं पकड़ पायेगी।

### नगर निकाय चुनाव के वोटर लिस्ट में नहीं जुड़ पायेगा किसी का नाम

**जिला प्रशासन द्वारा नगर निकाय चुनाव को लेकर वोटर लिस्ट को भी अपडेट कर लिया गया है। अब किसी भी व्यक्ति का नाम उसमें नहीं जुड़ पायेगा। जानकारी के अनुसार नगर परिषद क्षेत्र के 32 वार्ड में कुल 100 बूथ बनाये गये हैं। विधानसभा चुनाव के आधार पर मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य संपन्न हो गया है। नगर परिषद के नेता जो चुनाव की तैयारी में जुटने का मन बना रहे थे, अब वह अपना नाम नगर परिषद की वोटर लिस्ट में शामिल नहीं कर पायेंगे।**

# राजकीय इटखोरी महोत्सव के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** जिले के इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के मां भद्रकाली मंदिरा परिसर में 19, 20 और 21 फरवरी को राजकीय इटखोरी महोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन सूबे के नगर विकास और आवास विभाग, उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार द्वारा 3 बजे किया जायेगा। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह, चतरा विधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया विधायक उज्ज्वल कुमार दास, धर्मगुरु स्वामी रवींद्र कीर्ति हस्तिनापुर, झारखंड राज्य दिगंबर जैन धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष ताराचंद जैन, बौद्ध भिक्षु नांगजेय दोरजी सदस्य सचिव बोध गया मंदिर प्रबंधन समिति उपस्थित रहेंगे।

### मंत्री सुदिव्य कुमार करेंगे इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन

**प्रचार रथ को किया गया रवाना:** तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव 2025 के भव्य और सफल आयोजन के उद्देश्य से मंगलवार को चार प्रचार जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिसमें एक रथ समाहरणालय परिसर से उपायुक्त रमेश घोलप, दूसरा विकास भवन परिसर से उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, तीसरा अनुमंडल कार्यालय परिसर चतरा से अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। वहीं चौथे प्रचार रथ को इटखोरी मंदिर परिसर से प्रखंड विकास पदाधिकारी इटखोरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंड के पंचायत व ग्राम स्तर पर घूम-घूम कर आम जानो को राजकीय इटखोरी महोत्सव के बारे में जानकारी देगी। जिससे अधिक से अधिक लोग महोत्सव में पहुंच कार्यक्रम को सफल बनायेंगे।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.com



**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/कार्य/मुख्यालय, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700043 निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **क्रम संख्या : 1। एनआईटी संख्या: एसटी_पी_एसईआर_2025_पीएमएस_टावर_2, दिनांक: 15.02.2025। कार्य का विवरण:** दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर एवं चक्रधरपुर मंडल के हावड़ा-खड़गपुर एवं टाटानगर-राजखरसावां खंड में जीडी एवं जीक्यू मार्गों (692 आरकेएम) पर 4जी एलटीआर-आर के लिए टावर की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं शुरुआत सहित ओएफसी बैकबोन कार्य के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने हेतु प्राधिकारी अभियंता की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 5,04,33,432.53। **बयाना राशि:** ₹ 4,02,200। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 17.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **क्रम संख्या: 2। एनआईटी संख्या: एसटी_पी_एसईआर_2025_पीएमएस_टीसीएएस_3, दिनांक: 15.02.2025। कार्य का विवरण:** दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर एवं चक्रधरपुर मंडल के खंड में जीडी एवं जीक्यू मार्गों (688 आरकेएम) पर कवच की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं शुरुआत सहित सम्बंधित कार्य के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने हेतु प्राधिकारी अभियंता की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 14,69,67,056.24। **बयाना राशि:** ₹ 8,84,800। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 28.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। उपर्युक्त निविदा हेतु निविदा सूचना का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है। **(PR-1146)**

# लोकतंत्र के नाम पर

यह देखना दिलचस्प है कि अमेरिका में राष्ट्रपति ट्रंप की सरकार आने के बाद शुरू हुई खर्च कम करने की आंतरिक मुहिम से जुड़ा एक कदम कैसे भारत की घरेलू राजनीति में एक नये विवाद का कारण बन गया है। एलन मस्क की अगुआई वाले डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीइ) की ताजा घोषणा अमेरिकी टैक्सपेयर्स का पैसा 'फालतू मदों' में बर्बाद होने से बचाने का दावा करती है, लेकिन अपने देश में चर्चा यह हो रही है कि इस रकम का एक हिस्सा भारतीय लोकतंत्र में विदेशी दखलंदाजी सुनिश्चित करने वाला था।

**पैसा आया या नहीं :** वैसे, जो घोषणाएं अभी तक हुई हैं, उनसे यह स्पष्ट नहीं हो रहा है कि वास्तव में कोई भुगतान हुआ है या नहीं और हुआ है, तो किसे, कितना मिला है। मस्क ने भी सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में यही बताया कि जो आवंटित राशि थी, उसकी फंडिंग रोक दी गयी है। लेकिन चर्चा में वह सहमति पत्र (एमओयू) है, जिस पर यूपीए के शासनकाल के दौरान 2012 में हस्ताक्षर हुए थे।

**मस्क ने भी सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में यही बताया कि जो आवंटित राशि थी, उसकी फंडिंग रोक दी गयी है। लेकिन चर्चा में वह सहमति पत्र (एमओयू) है, जिस पर यूपीए के शासनकाल के दौरान 2012 में हस्ताक्षर हुए थे।**

**अनुत्तरित सवाल :** तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाइ कुरैशी ने हालांकि एमओयू की पुष्टि की, लेकिन एक पैसे के भी लेनदेन से स्पष्ट इनकार किया। ऐसे में यह सवाल बचा रह जाता है कि अगर वाकई उस कार्यक्रम के तहत भारत में पैसे भेजे गये थे तो किस तरह से, किन लोगों को भेजे गये। उन पैसों का आखिर किस रूप में इस्तेमाल हुआ।

**ठोस सबूत चाहिए :** चूंकि ये सवाल सत्तारूढ़ तबके की ओर से ही उछाले जा रहे हैं, इसलिए याद दिलाना जरूरी है कि उनका काम हवा में सवाल फेंक कर संदेह का माहौल बनाना नहीं, बल्कि मामले की तह तक पहुंच कर ठोस सबूतों के साथ संदेह की गुंजाइश समाप्त करना और दोषियों को सजा दिलाना है।

**वैश्विक मूल्य :** जब तक ऐसे सबूत नहीं आते, तब तक साजिश की बातों को ज्यादा अहमियत नहीं दी जा सकती। इस संदर्भ में यह भी याद रखने की जरूरत है कि लोकतंत्र एक वैश्विक मूल्य है। यही नहीं, चुनाव नतीजों को प्रभावित करना एक बात है और मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास करना एकदम अलग बात। जब भारत में इमरजेंसी लागू कर दी गयी थी, तब भी बीबीसी जैसे अंतरराष्ट्रीय मीडिया हाउस लोगों तक सही सूचना पहुंचाने की कोशिश में जुटे थे और भारत सहित दुनिया भर के तमाम लोकतंत्र प्रेमी उन कोशिशों की सराहना ही करते थे।

अभिमत
आजाद सिपाही

**मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया है कि एआइ सिर्फ़ कुछ खास लोगों के लिए न हो और इस पर बड़ी तकनीकी कंपनियों और वैश्विक दिग्गजों का वर्चस्व न हो। विशेष नीतियों के जरिए, मोदी सरकार छात्रों, स्टार्टअप और इनोवेटर्स को विश्व स्तरीय एआइ क्षेत्र तक पहुंचने में सक्षम बना रही है, जिससे वास्तव में समान अवसर मिल रहे हैं। चाहे वह इंडिया एआइ मिशन हो या एआइ के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना। मोदी सरकार की ये सभी पहल देश के एआइ क्षेत्र को बेहतर बनाने का इरादा रखती हैं।**

# एआइ क्षेत्र की सफलता : किफायती नवाचार के साथ भविष्य को सशक्त बनाना

पीआइबी



भारत कृत्रिम बुद्धिमता (एआइ) में एक परिवर्तनकारी क्रांति देख रहा है, और इस बदलाव के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व है। भारत के इतिहास में पहली बार, सरकार प्रत्यक्ष रूप से एक एआइ क्षेत्र को बढ़ावा दे रही है, जहां कंप्यूटिंग पावर, ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (जीपीयू) और शोध के अवसर किफायती कीमत पर उपलब्ध हैं। मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया है कि एआइ सिर्फ़ कुछ खास लोगों के लिए न हो और इस पर बड़ी तकनीकी कंपनियों और वैश्विक दिग्गजों का वर्चस्व न हो। विशेष नीतियों के जरिए, मोदी सरकार छात्रों, स्टार्टअप और इनोवेटर्स को विश्व स्तरीय एआई क्षेत्र तक पहुंचने में सक्षम बना रही है, जिससे वास्तव में समान अवसर मिल रहे हैं। चाहे वह इंडिया एआइ मिशन हो या एआइ के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना। मोदी सरकार की ये सभी पहल देश के एआइ क्षेत्र को बेहतर बनाने का इरादा रखती हैं।

आइए एक नजर डालते हैं कि मोदी सरकार भारत को वैश्विक एआइ दिग्गज बनाने के लिए क्या कर रही है:

**इंडिया एआइ मिशन : एआइ को सुलभ बनाने में अग्रणी भूमिका**

भारत के एआइ क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मोदी सरकार ने 2024 में 10,300 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ इंडिया एआइ मिशन को मंजूरी दी। अगले पांच वर्षों में यह निर्धारित निधि इंडिया एआइ मिशन के विभिन्न घटकों को गति प्रदान करने के लिए तैयार है। एक उच्च-स्तरीय सामान्य कंप्यूटिंग सुविधा द्वारा समर्थित, इंडिया एआइ मिशन अब भारतीय भाषाओं का उपयोग करके भारतीय संदर्भ के लिए स्वदेशी एआई कार्यक्रमों को लोकप्रिय बनाने करने के करीब है।

**एआइ मॉडल की शुरुआत लगभग 10000 जीपीयू की कंप्यूटेशन सुविधा से हो रही है।**

एआइ मॉडल की शुरुआत लगभग 10000 जीपीयू की कंप्यूटेशन सुविधा से हो रही है। इसमें जल्द ही शेष 8693 जीपीयू जोड़े जायेंगे।

**जीपीयू आधारभूत ढांचा और खुला जीपीयू बाजार :** इंडिया एआइ मिशन के लॉन्च होने की 10 माह की अवधि में, नोडल मंत्रालय जबर्दस्त प्रतिक्रिया प्राप्त करने और लगभग 18,693 ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट, जीपीयू की एक उच्च- स्तरीय और मजबूत सामान्य कंप्यूटिंग सुविधा बनाने में सक्षम रहा है। यह ओपन सोर्स मॉडल डीपसीक की तुलना में लगभग नौ गुना और चैटजीपीटी की तुलना में लगभग दो तिहाई है।

मोदी सरकार ने उल्लेखनीय रूप से, भारत के जीपीयू बाजार को खोलने की शानदार पहल की है और यह भारत में जीपीयू बाजार खोलने वाली पहली सरकार है, जिससे छोटे स्टार्टअप, शोधकर्ता और छात्र उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग संसाधनों तक पहुंच प्राप्त कर सकते हैं। जबकि प्रमुख देशों में एआइ बाजार पर अक्सर बड़े उद्योग दिग्गजों का दबदबा होता है।

मोदी सरकार अगले कुछ दिनों में देश में संस्थाओं को एआइ विकास के लिए 18,000 उच्च-स्तरीय जीपीयू-आधारित कंप्यूट सुविधाएं उपलब्ध करायेगी और उनमें से 10,000 पहले से ही उपलब्ध हैं। सरकार ने 10 कंपनियों का भी चयन किया है, जो 18,693 जीपीयू की आपूर्ति करेंगी। इसके अतिरिक्त, भारत अगले तीन से पांच वर्षों में अपना स्वयं का जीपीयू विकसित करेगा और अगले 10 महीनों में एक घरेलू आधारभूत एआइ प्लेटफॉर्म की उम्मीद की जा सकती है।

सरकार जल्द ही एक सामान्य कंप्यूट सुविधा शुरू करेगी, जहां स्टार्टअप और शोधकर्ता कंप्यूटिंग शक्ति तक पहुंच सकते हैं, जबकि वैश्विक जीपीयू एक्सेस की लागत लगभग ढाई से तीन डॉलर प्रति घंटा है, मोदी सरकार इसे केवल एक डॉलर प्रति घंटा पर प्रदान करेगी। शोधकर्ता, स्टार्टअप, शिक्षाविद, कॉलेज, आईआईटी, सभी को इस कंप्यूटिंग शक्ति तक पहुंच मिल सकती है, और वे आधारभूत मॉडल शुरू कर सकते हैं।

**इंडिया एआइ डेटासेट प्लेटफॉर्म: ओपन डेटा के साथ एआई नवाचार को सक्षम बनाना :** डेटा वह शक्ति है, जो एआइ शोध और नवाचार को आगे बढ़ाता है, और समृद्ध, विविध और प्रचुर डेटासेट के बिना, सबसे कुशल डेटा वैज्ञानिक और डेवलपर्स भी अवरोधों का सामना करते हैं। इसे पहचानते हुए मोदी सरकार बड़े शोध समुदाय के लिए ओपन डेटासेट को सुलभ बनाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है।

इंडिया एआइ डेटासेट प्लेटफॉर्म के माध्यम से सरकार का लक्ष्य उच्च-गुणवत्ता वाले, गैर-व्यक्तिगत डेटासेट तक पहुंच को सुव्यवस्थित करना और एक एकीकृत डेटा प्लेटफॉर्म बनाना है। यह भारतीय स्टार्टअप और शोधकर्ताओं के लिए सहज पहुंच को सक्षम बनाता है, जिससे एआइ-संचालित नवाचार में तेजी आती है। इस एआइ डेटासेट प्लेटफॉर्म में अज्ञात डेटा का सबसे बड़ा संग्रह होगा, जो नवाचार को बढ़ावा देगा और एआई अनुप्रयोगों की क्षमताओं को बढ़ायेगा।

एआइ उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना वर्ष 2023 में मोदी सरकार ने नयी दिल्ली में हेल्थकेयर, कृषि और बेहतर शहरी नियोजन एवं प्रबंधन- युक्त शहरों पर केंद्रित तीन एआइ उत्कृष्टता केंद्र (सीओइ) की स्थापना की घोषणा की।

बजट 2025 में 500 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ शिक्षा के क्षेत्र में एआइ के लिए एक नया उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की घोषणा की गयी। शिक्षा में एआइ के लिए घोषित उत्कृष्टता केंद्र चौथा ऐसा केंद्र है।

सरकार ने कौशल विकास के लिए 5 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की योजना की भी जानकारी दी, जो युवाओं को उद्योग- संबंधित विशेषज्ञता से दक्ष करने के लिए डिजाइन किये गये हैं। मेक फॉर इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक भागीदारी के साथ इन केंद्रों की स्थापना की जायेगी।

**भारत के आधारभूत वृहद भाषा मॉडल :** भारत न केवल एक मजबूत एआई क्षेत्र विकसित कर रहा है, बल्कि आधारभूत एआइ मॉडल बनाने में पहले ही महत्वपूर्ण प्रगति कर चुका है। सरकार ने सुनिश्चित किया है कि भारत की एआइ उन्नति स्वदेशी हो। इंडियाएआइ ने प्रस्तावों के लिए कॉल के माध्यम से एलएलएम और एसएलएम सहित स्वदेशी आधारभूत एआई मॉडल विकसित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। डिजिटल इंडिया भाषिणी उसकी उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो भारत का एआई-आधारित भाषा अनुवाद प्लेटफॉर्म है, जिसका उद्देश्य भारतीय भाषाओं में इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं तक आसान पहुंच को सक्षम करना है, जिसमें आवाज-आधारित पहुंच शामिल है, और भारतीय भाषाओं में कंटेंट के सृजन में मदद करना है। भारतजेन दुनिया की पहली सरकारी वित्तपोषित मल्टीमॉडल एलएलएम पहल है।

भारतजेन, एक जनरेटिव एआइ है, जिसे भारत में वर्ष 2024 में दिल्ली में लॉन्च किया गया था। इस पहल का उद्देश्य भाषा, भाषण और कंप्यूटर विजन आधारभूत मॉडलों का एक समूह विकसित करके सार्वजनिक सेवा वितरण में क्रांति लाना और नागरिक जुड़ाव को बढ़ावा देना है। भारतजेन में देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के शीर्ष एआइ शोधकर्ताओं का एक संघ शामिल है।

सर्वम-1 एआइ मॉडल, यह अभिनव बृहद भाषा मॉडल भारतीय भाषाओं के लिए विशेष रूप से अनुकूलित है, जो एआई परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण अंतर से संबद्ध है।

सर्वम-1, 2 बिलियन मापदंडों का दावा करता है, दस प्रमुख भारतीय भाषाओं का समर्थन करता है, जो भाषा अनुवाद, पाठ सारांश और सामग्री निर्माण जैसे विभिन्न अनुप्रयोगों में क्रांति लाने की अपनी क्षमता को प्रदर्शित करता है।

चित्रलेखा एआइ4भारत द्वारा विकसित एक ओपन-सोर्स वीडियो ट्रांसक्रिएशन प्लेटफॉर्म है। उन्नत एआइ मॉडल का लाभ उठाते हुए, चित्रलेखा उपयोगकताओं को विभिन्न भारतीय भाषाओं में आसानी से ऑडियो ट्रांसक्रिप्ट बनाने और संपादित करने की शक्ति प्रदान करता है।

## कोल्हान की खबरें

# महिला से पर्स छिनताई के मामले का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बीते दिनों बिस्टुपुर थाना अंतर्गत कीनन रेडियम के पास एक महिला से बेग छिनतई की घटना का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया। मंगलवार को घटना में शामिल दो आरोपी को गिरफ्तार का न्यायिक हिरासत में भेज दिया। घटना की जानकारी देते हुए सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया 17 फरवरी को महिला अपने घर लौट रही थी। उस दौरान दो अज्ञात स्कूटी सवार युवक ने महिला का पर्स छीन कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही सीसीआर डीएसपी के नेतृत्व पुलिस टीम का गठन कर कार्रवाई करते हुए दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अर्शलान अंसारी और मो. नावेद के रूप में हुई। दोनों आरोपी आजादनगर व आजाद बस्ती का रहने वाले हैं।

सिटी एसपी ने बताया जांच के दौरान जानकारी मिली मुख्य आरोपी अर्शलान अंसारी के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से चोरी के लेनोवो लैपटॉप, वीवो कंपनी का मोबाइल फोन, डिजिटल एमर्स कार्ड, एक अन्य एटीएम कार्ड, एक काले रंग की स्कूटी, चोरी एक मोबाइल सहित महिला का पर्स व अन्य सामान बरामद कर लिया। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी उमेश कुमार ठाकुर, संजय कुमार,रंजीत यादव, सोनू कुमार, गुलाब अंसारी और सशस्त्र बल सहित अन्य शामिल रहे।

# अपनी संस्कृति को बचाये रखना बहुत जरूरी है : समीर मोहंती

आजाद सिपाही संवाददाता



**बहरागोड़ा।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा प्रखंड स्थित चिंगड़ा पंचायत के लाधनाशोले गांव में बाबा तिलका माझी स्पोर्ट्स एसोसियेशन क्लब द्वारा एक दिवसीय पाता नांच का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक समीर कुमार मोहंती शामिल होकर क्लब के तमाम सदस्य को ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं दी। विधायक ने कहा अपना संस्कृति को बचाये रखना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों के बीच मादर बजाते हुए ताल में जमकर झूमे। वही विधायक समीर मोहंती के द्वारा पाता नाच में प्रथम हुए पश्चिम बंगाल के रासी दूधिया पाता माडर टीम और दूसरे स्थान पर नवागढ़ के वीर बिरसा रक्सा रसिका पाता महर के टीम को पुरस्कार भेट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष असित मिश्रा,सचिव गुरुचरण मंडी, रासबिहारी साव, मुखिया दशरथ मुर्मू, दीपक सिंह, प्रिय रंजन धीवर, कुंजो गोप, मिथुन कर, सहदेव गोप,जीतेन हांसदा, प्रेम मुर्मू सहित कमिटी के अध्यक्ष रसराज टुडू, सचिव बबलू टुडू, चरण हेंब्रम, पूर्ण चंद्र टुडू, ईश्वर नायक, दुर्गा प्रसाद सोरेन, हिरन सोरेन, रासबिहारी मंडी, रवि दास मंडी, अमृत हांसदा सहित सैकड़ो ग्रामीण शामिल रहे।

# विधायक पूर्णिमा साहू ने पीपुल्स एकेडमी स्कूल का किया दौरा




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने बाराद्वारी पीपुल्स एकेडमी स्कूल का दौरा किया। मंगलवार को दौरे के दौरान मैट्रिक परीक्षा कक्षों व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वही छात्रों को कदाचार मुक्त व आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। वहीं उपस्थित शिक्षकों व परीक्षा केंद्र के अधिकारियों को विद्यार्थियों के लिए शांत और तनावमुक्त माहौल प्रदान करने का निर्देश दिया। ताकि वे सर्वोत्तम प्रदर्शन कर सकें। मौके पर शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। विधायक ने कहा निष्पक्ष व सुचारू परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी की भूमिका अहम है। मौके पर उन्होंने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# खासमहल से गोविंदपुर फाटक तक सड़क निर्माण की मांग, डीसी को सौंपा आवेदन



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जिला परिषद सदस्या पूर्णिमा मल्लिक ने परसुडीह खासमहल से गोविंदपुर फाटक तक जर्जर सड़क निर्माण के लिए जिला प्रशासन से मांग की। मंगलवार को एक प्रतिनिधि मंडल डीसी के नाम मांग पत्र सौंप कर जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग की। मौके पर पूर्णिमा मल्लिक ने कहा सड़क निर्माण के लिए बीते 9 सितंबर 2024 को शिलान्यास किया गया। कार्य की शुरूआत भी हुई थी। लेकिन संवेदक द्वारा अचानक काम रोक दिया गया। कई महीने बीत जाने के बाद भी अब तक कार्य शुरू नहीं हो पाया। इससे आमजनो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा परसुडीह को टाटानगर स्टेशन से जोड़ने वाली यह एकमात्र सड़क है। सड़क से रोजाना लाखों लोग आवागमन करते हैं। सड़क की खस्ताहाल के कारण यात्रियों को न केवल असुविधा हो रही बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा बनी रहती है। जिला परिषद सदस्या ने जिला प्रशासन से निर्माण कार्य की जांच कर जल्द शुरू कराने की मांग की।

# मीडिया कप का दूसरा दिन : जुबिली ने डिमना और कालीमाटी ने दोमुहानी टीम को किया पराजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** कहने को तो पत्रकार समाज के लिए एक आइना का रोल निभाती है, लेकिन पत्रकारिता के साथ खेलकूद में उत्साह जगाना व पूर्व की प्रतिभा को समाज के बीच उजागर करवाने की पहल जमशेदपुर प्रेस क्लब का सरानीय है। बीते कई वर्षों से लौहनगरी जमशेदपुर व आसपास क्षेत्र के ग्रामीण पत्रकार मीडिया कप टूर्नामेंट में हर्ष उल्लास के साथ हिस्सा ले रहे हैं। वही प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष व सभी प्रतिनिधि मीडिया कप 2025 को सफल बनाने के लिए लगाकर पत्रकारों का उत्साह बढ़ा रहे हैं। मंगलवार को बिस्टुपुर कीनन स्टेडियम में आयोजित मीडिया कप 2025 के दूसरे दिन जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय व जमशेदपुर पूर्वी के विधायक पूर्णिमा दास साहू ने कीनन स्टेडियम में पहुंचकर पत्रकारों का हौसला बढ़ाया। वही पहले मैच में जुबिली एकादश ने डिमना एकादश को 16 रनों से हराकर जीत हासिल की। बल्लेबाजी करते हुए जुबिली एकादश ने निर्धारित 15 ओवर में एक विकेट पर 149 रनों का स्कोर बनाया। जिसमे राजेश गोराई 24, विनीत झा 29, रजत सिंह 50 और रंजन गुप्ता ने 28 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए डिमना एकादश टीम को 15 ओवर में पांच विकेट पर 135 रन पर हार का सामना करना पड़ा। वही राजेश गोराई को प्लेयर ऑफ मैच घोषित किया गया।वही दूसरे मैच में कालीमाटी ने आठ विकेट से धमाकेदार जीत दर्ज करायी। कालीमाटी के गेंदबाजों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दोमुहानी की टीम को 15 ओवर में मात्र 117 रन पर रोक दिया। हालांकि इस दौरान दोमुहानी का केवल एक ही विकेट गिरा था। बावजूद रन गति को तेज करने में टीम विफल रही। कालीमाटी ने प्लेयर ऑफ द मैच अभिषेक सिंह के 38 गेंदों पर दस चौके और चार छक्के की मदद से बनाए गए 77 रन की बदौलत मात्र 9.1 ओवर में 118 रन बनाकर मैच जीत लिया। मौके पर कप्तान रत्नेश तिवारी ने 10 रन बनाये। मैच के दौरान प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, महासचिव विनय पूर्ति, अखबार के संपादकगण सहित सभी टीम के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकार व छायाकार शामिल होकर खिलाड़ियों का हौसला अफजाई की।

# कराइकेला पुलिस ने हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के कराईकेला थाना पुलिस ने हत्या के आरोपी कृष्णा अमन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार कृष्णा ने पुलिस के सामने सरायकेला जेल ब्रेंक कांड का मास्टरमाइंड सरायकेला-खरसवां जिले के खरसावां थाना क्षेत्र के बेगनाडीह गांव निवासी राखाल कांडियोंग की हत्या करने की बात स्वीकार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम कृष्णा अमन (27) है और वह भी सरायकेला थाना क्षेत्र के सीनी ओपी के महालीमुरुप गांव का रहने वाला है। आरोपी ने आपसी विवाद में हत्या करने की बात पुलिस के सामने स्वीकार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक 13 अगस्त को कराईकेला थाना पुलिस ने क्षेत्र के बरडीहा बालपोसी टांड के पास जंगल से एक व्यक्ति की सिरकटी लाश बरामद की थी। उस वक्त शव की शिनाख्त नहीं हुई थी. लेकिन बाद में पुलिस ने शव की शिनाख्त सरायकेला जेलब्रेक कांड के मास्टरमाइंड राखाल कांडियोंग के रूप में कर दी थी। इसके बाद पुलिस कराईकेला थाना में कांड संख्या 11/2024 के तहत अज्ञात हत्यारों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने आरोपी कृष्णा अमन महालीमुरुप निवासी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ने भी पुलिस के सामने आपसी विवाद में हत्या करने की बात स्वीकार किया है।

### सांसद वीडी राम की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक संपन्न

# अधिकारी और जनप्रतिनिधि जिले के विकास में समन्वय के साथ निभायें भूमिका : सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** समाहरणालय के सभागार में संसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निदेशक डीआरडीए रवीश राज सिंह द्वारा एक-एक कर पिछले दिशा के बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन प्रतिवेदन की जानकारी समिति के समक्ष रखा गया। बैठक में सांसद द्वारा मुख्य रूप से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अनापत्ति प्रमाण पत्र से संबंधित मामले, 15वें वित्त के तहत योजना, पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल, वन विभाग से जुड़े मामले, उद्योग विभाग समेत अन्य मामलों पर विस्तार पूर्वक समीक्षा कर पूर्व में दिये निर्देशों के अनुपालन की जानकारी ली गयी और समीक्षा के उपरांत संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

सर्वप्रथम पथ निर्माण विभाग एवं ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के तहत संचालित सड़क निर्माण, पुल पुलिया निर्माण आदि की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के विकास के मद्देनजर 05 पथ एवं पथांश भाग में 11 पुल के निर्माण समेत अन्य योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी तथा जिले में संचालित सड़क निर्माण एवं पुल पुलिया निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में विधायक 80 गढ़वा विधानसभा क्षेत्र सत्येंद्र नाथ तिवारी और 77 विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र नरेश सिंह तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने कई आवश्यक मुद्दे उठाए और कई सुझाव भी दिये। सांसद द्वारा जिले में धान अधिप्राप्ति केंद्र की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक धान की प्राप्ति अधिप्राप्ति केंद्र से ही करने की बात कही, जिससे जिले के किसानों को धान की बिक्री में किसी भी प्रकार की समस्या न हो एवं बिचौलियों के चक्कर में पड़कर औने-पौने दाम पर धान की बिक्री न कर सकें। उक्त बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, अनुमंडल पदाधिकारी रंका, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी, विधायक प्रतिनिधि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र, सभी प्रखंड प्रमुख, समिति के अन्य सदस्य समेत विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी और विभिन्न अभियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित थे।

# गुटखा पर प्रतिबंध लगाकर झुठी उपलब्धि दिखाने में लगे हुए हैं मंत्री इरफानः रितेश चौबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी गुटखा पर प्रतिबंध लगाकर अपनी झुठी उपलब्धि दिखाने में लगे हुए हैं। इसका छोटे व्यवसायी पर गहरा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री का स्वास्थ्य व्यवस्था पुरी तरह से फेल हो चुका है उस पर स्वास्थ्य मंत्री हमेशा मौन रहते हैं लेकिन झुठी उपलब्धि गिनाने के लिए गुटखा बेचने पर प्रतिबंध लगा कर जनता को भ्रमित कर रहे हैं उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार शराब बेचकर झारखंड के युवाओं को शराबी बना रही है इससे झारखंड का भविष्य बर्बाद हो रहा है अनेकों घर में शराब के कारण घर परिवार पर असर पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य मंत्री गुटखा बेचने पर प्रतिबंध लगाकर झुठी वाहवाही लूटने में लगे हुए हैं उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार स्थानीय युवाओं को रोजगार देने में विफल साबित हो रही है तो दुसरी तरफ छोटे छोटे स्तर पर गुटखा बेचने वाले का रोजगार छीन रही है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में स्वास्थ्य व्यवस्था की हालत बद से बद्तर स्थिति में पहुंच चुका है इस पर स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान आखिर स्वास्थ्य व्यवस्था ठीक करने में क्यों नहीं है जनता त्राहिमाम कर रही है गांव गांव से मरीज गढ़वा जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में अच्छा इलाज के लिए आते हैं लेकिन सदर अस्पताल में पदाधिकारी से लेकर डाक्टर तक का मनमानी जग जाहिर है लेकिन इस पर विभागीय मंत्री इरफान अंसारी बेचारे मौनी बाबा बन गए हैं। विधायक प्रतिनिधि डॉ लाल मोहन ने कहा कि गुटखा बेचने मामले में सरकार धर पकड़ अभियान चलाएगी और व्यवसायी को परेशान करेगी। हेमंत सरकार मंईया सम्मान योजना के लिए राशि उगाही करने के लिए तरह तरह से जनता एवं व्यवसायी को परेशान कर रही है। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा नेता मनोज जायसवाल रुपु महतो बीरेंद्र चौधरी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## पिता की मौत के पांचवें दिन बेटे ने भी तोड़ा दम

**भवनाथपुर।** पिता के मौत के सदमें को पुत्र सहन नहीं कर पाया, और पिता के मौत के पांचवें दिन उसकी भी मौत हो गयी। अब पिता-पुत्र दोनों के क्रियाकर्म कैसे हो यह घरवालों के समक्ष समस्या खड़ी हो गयी है। यह अजीबोगरीब घटना भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र के अरसली दक्षिणी के सिकियाकेवा टोला की है, जहां पर परमेश्वर राम 65 वर्ष की हार्ट अटैक से बीते 11 फरवरी को मौत हो गयी। पिता के मौत का ऐसा सदमा लगा कि मृतक का बड़ा पुत्र मुकेश कुमार 34 वर्ष की भी 16 फरवरी को मौत हो गयी। मुकेश किडनी के बीमारी से ग्रसित था। मृतक मुकेश के दो बेटे दीपक कुमार और दिलीप कुमार हैं, जो भवनाथपुर के राजकीय कृत प्लस टू हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर मैट्रिक के परीक्षा दे रहें हैं। घर में एक साथ हुए दो हादसे से पत्नी की हालत पागल जैसी हो गयी। घर में बचा मुकेश का छोटा भाई विकास कुमार राम दोनों पिता-पुत्र को मुखाग्नि देकर क्रियाकर्म में जुटा हुआ है। लेकिन घर की हालात पूरी तरह से मृत पिता-पुत्र के इलाज में खराब हो गया है। दोनों का क्रियाकर्म कैसे हो परिवार के सामने यह यक्ष पश्न खड़ा हो गया है। दोनों पिता-पुत्र की क्रियाकर्म की जिम्मेवारी मृतक मुकेश के विशुनपुरा निवासी साले चांसी कुमार निभा रहा है। वह बतलाता है कि घर में कोई सदस्य करने वाला नहीं है, और न तो इनके क्रियाकर्म के लिए एक पैसा ही है, क्योंकि दोनों के बीमारी में घर की माली स्थिति काफी खराब हो चुकी है। दोनों के क्रियाकर्म कैसे करें समझ में नहीं आता। **मुखिया ने और भाजपा मंडल अध्यक्ष ने क्रियाकर्म की उठायी जिम्मेदारी:** परिवार की आर्थिक स्थिति के बारे में संज्ञान आने पर पंचायत के मुखिया अनिता देवी और भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव ने दोनों पिता-पुत्र के क्रियाकर्म में मदद का भरोसा परिजनों को दिलाया है। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि बहुत ही दर्दनांक घटना है। जितना भी मदद होगा हम करेंगे।

# रोड जाम करना पड़ेगा मंहगा, होगी कड़ी कार्रवाई : एसडीओ

**किसी भी घटना-दुर्घटना के बाद रोड जाम करना दंडनीय और अनैतिक भी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** किसी दुर्घटना के विरोध स्वरूप या किसी मांग को लेकर बलपूर्वक रोड जाम कर सार्वजनिक आवागमन को बाधित करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। अनुमंडल पदाधिकारी सदर संजय कुमार ने उक्त संबंध में चेतावनी देते हुए आम लोगों से अनुरोध भी किया है कि वे सड़क जाम करने की गतिविधियों का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष समर्थन न करें।

**शव को सड़क पर रखकर जाम लगाना अमानवीय :** एसडीओ ने कहा कि गढ़वा में सड़क दुर्घटनाओं के बाद रास्ता को जाम कर देना एक प्रवृत्ति सी बनती जा रही है जिसे हर हाल में रोकना होगा। ऐसी घटनाओं से आम आवागमन तो अस्त-व्यस्त होता ही है साथ ही क्षेत्र की कानून व्यवस्था को लेकर भी अवांछित परिस्थिति उत्पन्न हो जाती है। हद तो तब हो जाती है जब सड़क दुर्घटना के शिकार हुए व्यक्ति के शव को सड़क पर अनादर पूर्ण तरीके से रखकर लोग नारेबाजी करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा करना न केवल अनैतिक और अमानवीय है बल्कि घोर निंदनीय भी है। किसी दिवंगत व्यक्ति के शव के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार न करना मानव अधिकारों के विरुद्ध एक गैरकानूनी और असामाजिक कृत्य है।

**जाम में शामिल हो जाते हैं असामाजिक तत्व :** एसडीओ ने कहा कि अक्सर किसी दुर्घटना के उपरांत हताहत व्यक्ति के परिजन तो आपदा की घड़ी में बेसुध जैसे हो जाते हैं और वे नहीं समझ पाते हैं कि उन्हें क्या करना है क्या नहीं करना है, किंतु इसका लाभ आसपास के कई अराजक तत्व उठाते हैं और कई बार परिजनों की इच्छा के विरुद्ध भी शव को सड़क पर रखकर जाम लगा देते हैं। ऐसे अराजक तत्वों को हतोत्साहित करने के लिए अब कड़ी कार्रवाई जरूरी है। ऐसे मामलों में वीडियोग्राफी कराकर सभी के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। अनुमंडल क्षेत्र में यदि कहीं भी जानबूझ कर जाम का मामला प्रकाश में आता है तो इससे निपटने के लिए संबंधित अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी को भी जवाबदेह माना जायेगा।

**राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम की धारा 8 के तहत हैं कड़े प्रावधान**

एसडीओ ने जानकारी दी कि राजमार्ग को अवरूद्ध करना एक संज्ञेय अपराध है, जिसके लिए संबंधित अधिनियम की धारा आठ (बी) के तहत 5 वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है, इसलिए उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे कभी भी जानबूझकर हाईवे जाम करने जैसी गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्तता से बचें।

## आदिम जनजाति बाहुल्य लरहारा में विभिन्न योजनाओं को आच्छादित करने का निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** गढ़वा उपायुक्त के निर्देश के आलोक में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम की अध्यक्षता में प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अरसली उतरी पंचायत के लहराहा टोला में बैठक किया गया। इस दौरान बाल विकास परियोजना, पेयजल, चिकित्सा, पशुपालन, प्रखंड सहकारिता विभाग, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे। आयोजित उक्त बैठक में आदिम जनजाति बाहुल्य लरहारा टोला में अनुसूचित जनजाति/आदिम जनजाति धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2024 -25 से वर्ष 2028 -29 तक क्रियान्वयन करने हेतु आवास, चिकित्सा, पशुपालन, एलपीजी गैस कनेक्शन, सड़क, पुल पुलिया, घरों में विद्युतीकरण, शुद्ध जलापूर्ति, आंगनबाड़ी केंद्र, रोजगार सृजन इत्यादि से आच्छादित करने का निर्देश पारित हुआ।

# मैट्रिक की परीक्षा कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** प्रखंड के इकलौता परीक्षा केंद्र पीएम श्री रा० म० विद्यालय केतार में मैट्रिक की हिंदी विषय का परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मैट्रिक के कुल 432 परीक्षार्थियों में 431 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे। जबकि मात्र एक परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहा। पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय केतार परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक मो० मोकारिम और उप केंद्रधीक्षक देवेंद्र कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में मैट्रिक के कुल 432 परीक्षार्थी में एक परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे, जबकि 431 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे। बताया कि उक्त केंद्र पर परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त हो रही है। केंद्र पर बीडीओ प्रशांत कुमार ने थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी के साथ केंद्र का निरीक्षण किया। बीडीओ ने परीक्षा में तैनात सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि इस सेंटर पर किसी तरह का अनियमितता नहीं होनी चाहिए। अगर किसी भी प्रकार की त्रुटि पायी गयी तो संबंधित शिक्षकों पर कार्रवाई किया जायेगा। मौके पर महिला प्रवेक्षिका तेरेशा बाखला, दंडाधिकारी घन श्याम गुप्ता, प्रेम कुमार गुप्ता, संजय मिश्रा, राम लखन राम, नवीन प्रकाश, मनोज दास सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## डंडई में हिंदी विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



**डंडई (आजाद सिपाही)।** झारखंड अधिविद परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में मंगलवार को हिंदी विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त संपन्न कराया गया। मैट्रिक की परीक्षा को लेकर प्रखंड में तीन परीक्षा केंद्र बनाया गया था। जिसमें जमा दो उच्च विद्यालय लवाही कला, उत्क्रमित उच्च विद्यालय तसरार व स्तरोन्नत उच्च विद्यालय जरही को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने को लेकर तीनों केंद्रों पर परीक्षा प्रारंभ होते ही 100 मीटर परिक्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू किया गया है। वहीं बीडीओ देवलाल करमाली ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय तसरार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्राधीक्षकों से परीक्षा केंद्र पर सुचारू रूप से चलाने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। परीक्षा केंद्र जामा दो विद्यालय लवाही कला में कुल 487 में 486 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया और 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं स्तरोन्नत उच्च विद्यालय जरही परीक्षा केंद्र में कुल 384 में 382 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं उत्क्रमित उच्च विद्यालय तसरार परीक्षा केंद्र में कुल 310 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय जरही केंद्रअधीक्षक असगर अली ने बताया कि कमरा के अभाव में परीक्षा को लेकर भारी कठिनाइयां का सामना करना पड़ा। बावजूद कदाचार परीक्षा को लेकर बेहतर ढंग से आज के विषय की परीक्षा ली गयी।

## कांडी प्रखंड के तीन परीक्षा सेंटर पर 1379 परीक्षार्थी हुए शामिल



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तीन परीक्षा सेंटर पर मंगलवार को मैट्रिक की हिन्दी विषय की परीक्षा में 1379 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 2 अनुपस्थित रहे। इंटर के लिए बनाए गए दो परीक्षा केंद्र पर 434 विद्यार्थी परीक्षा लिखे।जमा दो उच्च विद्यालय कांडी सेंटर पर 490 विद्यार्थी मैट्रिक की परीक्षा लिखे जबकि एक अनुपस्थित रहा। इसी सेंटर पर इंटर के लिए 276 विद्यार्थी परीक्षा लिखे। शोनभद्र आदर्श इंटर कॉलेज सेंटर पर 624 मैट्रिक की परीक्षा में शामिल हुए, जबकि एक अनुपस्थित रहा। इसी सेंटर पर इंटर के 158 स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हुए।

पीएम श्री स्तरोन्नत उच्च विद्यालय लमारी कला सेंटर पर 265 विद्यार्थी परीक्षा लिखे। फ्लाइंग मजिस्ट्रेट सह मझिआंव सीओ प्रमोद कुमार ने लमारी कला सेंटर पर मैट्रिक परीक्षा का औचक जांच किया। शोनभद्र आदर्श इंटर कॉलेज सेंटर पर एक छात्रा रोल कोड 32004 रोल नंबर 0156 संजना रानी की अचानक तबियत खराब हो जाने के कारण 108 एंबुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। उधर कांडी कॉलेज सेंटर पर खिड़की के ऊपर ऊपर चढ़कर अभिभावकों को कदाचार कराते देखा गया।

## पत्रकार आशुतोष रंजन के निधन पर प्रखंड क्षेत्र के पत्रकारों ने शोक सभा किया आयोजन



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** मझिआंव प्रखंड कार्यालय परिसर में बिंदास न्यूज के युवा पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा के असामयिक निधन पर पत्रकारों द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिवंगत पत्रकार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। इस अवसर पर एआईएसएम के ग्रामीण जिलाध्यक्ष अनूप सिंह ने कहा कि आशुतोष रंजन सिन्हा के अचानक असामयिक मौत से पूरा पत्रकार जगत मर्माहत है। उन्होंने कहा कि वे काफी मिलनसार एवं खुशमिजाज ब्यक्ति थे। उनके चले जाने से पूरे पलामू प्रमंडल के पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गयी है। आशुतोष रंजन की कमी हम सभी को काफी खलेगी। इस दौरान अखिलेश ठाकुर एवं मनोज कुमार दुबे ने कहा कि पत्रकार जगत में कम उम्र में ही आशुतोष रंजन अपना कार्यों से लोगों को दिल में बस चुके थे। आशुतोष के अचानक निधन से हम सभी लोग मर्माहत हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में भगवान उनके परिजनों को सहनशक्ति दें। हम सब भगवान से यही प्रार्थना करते हैं। और उनके परिवार के साथ हम सब खड़े हैं। साथ ही सभी उपस्थित पत्रकारों ने गहरा दुख व्यक्त किया। मौके पर अखिलेस ठाकुर, विनय कुमार, अनूप सिंह, उपेंद्र वर्मा, अमित कुमार, मनोज दुबे और राहुल कुमार जायसवाल उपस्थित थे।

## जीएन कान्वेंट स्कूल गढ़वा में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जीएन कान्वेंट स्कूल में फाइलेरिया की दवा का वितरण सह जागरूकता कार्यक्रम संपन्न। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग की ओर से चलाया जा रहा है। फाईलेरिया उन्मूलन तथा आउटरीच जागरूकता कार्यक्रम के तहत सहिया मालती कुमारी और रीना देवी के नेतृत्व में सदर अस्पताल गढ़वा के द्वारा फाइलेरिया की दवा सभी बच्चों के बीच खिलायी गयी। विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन केसरी ने फाइलेरिया बीमारी के संबंध में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रमक रोग है जिसे आमतौर पर हाथी पांव के नाम से भी जाना जाता है। इसके सामान्यतः कोई लक्षण दिखाई देते हैं। बुखार, हाथ पांव और शरीर के अन्य भाग में या उसके आसपास दर्द या सूजन इसके शुरूआती लक्षण है। बाद में पैरों व हाथों में सूजन हो जाता है। यह बीमारी क्यूलेक्स नामक मच्छर के काटने से होता है। यह दुनिया की दूसरी सबसे ज्यादा दिव्यांगता व कुरूपता लाने वाली बीमारी है। मौके पर उपप्राचार्य बसंत ठाकुर, वरिष्ठ शिक्षक संतोष प्रसाद, वीरेंद्र साह, नीरा शर्मा, ऋषभ श्रीवास्तव, पूजा प्रकाश, सुनीता कुमारी, सरिता दुबे, मुकेश भारती आदि की उपस्थिति रही।

# 351 जोड़े आज परिणय सूत्र में बंधेंगे

### कन्याओं का विवाह के लिए विकास माली ने गढ़वा शहर में चलाया भिक्षाटन अभियान

**भिक्षाटन अभियान के दौरान विकास माली ने सभी नगरवासियों से आग्रह किया है कि सभी लोग सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होकर 351 बहनों को आशीर्वाद प्रदान करें**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के बैनर तले 19 फरवरी 2025 (बुधवार) को 351 जोड़े प्रणय सूत्र में बंधेंगे। सोसाइटी के सचिव विकास माली ने शादी समारोह में सहयोग करने के लिए अपने सहयोगियों के साथ भिक्षाटन अभियान चलाया। कार्यक्रम की शुरआत टंडवा मुहल्ले से किया गया। इस अभियान के तहत जिले के कई पंचायतों में जाकर 351 कन्याओं के सामूहिक विवाह के लिए सहयोग जुटाया गया। उसके पश्चात अब गढ़वा मुख्य शहर में भिक्षाटन अभियान चलाया जा रहा है।

भिक्षाटन अभियान के दौरान विकास माली ने कहा कि यह अभियान समाज में सामूहिक विवाह की परंपरा को मजबूत करने और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहायता देने के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई गरीब परिवार आर्थिक तंगी के कारण बेटियों की शादी नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए इस पहल के माध्यम से उन्हें सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने सभी नगरवासियों से आग्रह किया है कि सभी लोग सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होकर 351 बहनों को आशीर्वाद प्रदान करें।

## डंडई में झारखंड प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन टू का शुभारंभ



**डंडई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के रारो मदरसा खेल मैदान में मंगलवार को झारखंड प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन टू का शुभारंभ किया गया। मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य ताहिर अंसारी ने फीता काटकर व बल्लेबाजी कर किया। ताहिर अंसारी ने कहा कि क्रिकेट का खेल आज के दौर में सबसे लोकप्रिय खेल बन गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह का खेल प्रतियोगिता के माध्यम से सुदूरवर्तीय गांव के खिलाड़ियों में छिपी हुई प्रतिभा निखरती है, और उसे सही दिशा और मार्गदर्शन मिलता है। ताहिर ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र का चाहे कोई भी खिलाड़ी हो अगर वह खेल में प्रति रुचि रखता है, तो उसे किसी तरह की समस्या है तो उसे मदद की जायेगी। वहीं झामुमो के वरिष्ठ नेता दीपक प्रताप देव ने कहा कि इस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने अपना दमखम लगाकर बेहतरीन प्रदर्शन किया है। टूर्नामेंट का पहला मैच बौलिया बनाम दातवनीय टीम के बीच खेला गया। बौलिया की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। दातवनीय की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में कुल 123 रन बनाया। जबकि जवाबी बारी खेलने उतरी बौलिया की टीम ने 8 ओवर में ही मैच जीत लिया। वहीं इस मैच में मैन ऑफ द मैच 12 बॉल में 40 रन बनाए मिथलेश यादव को दिया गया। मौके पर जिप सदस्य मोहन पासवान, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र ठाकुर, बीडीसी अरविंद पासवान, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि पंकज सहित टूर्नामेंट के कई लोग और ग्रामीण उपस्थित थे।

## भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नामकुम में किसान मेला 20 और 21 को, मुख्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान (पूर्व में, भारतीय प्राकृतिक राल और गोंद संस्थान ) नामकुम, रांची के तत्वावधान में 20 और 21 फरवरी को संस्थान परिसर में किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। जिस का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 20 फरवरी को दोपहर 12.30 बजे करेंगे। कार्यक्रम में कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। खिजरी के विधायक राजेश कच्छप भी किसान मेला में शामिल होंगे। संस्थान के निदेशक डॉ अभिजीत ने बताया कि कृषि मेला और प्रदर्शनी में दो हजार से अधिक किसानों के अलावा 60 विशेषज्ञों के भाग लेने की संभावना है। उन्होंने बताया कि दोनों ही दिन किसानों को कृषि की नयी तकनीक सहित कई तरह की जानकारियां दी जायेंगी। इसमेंपद्मश्री अशोक भगत, सचिव, विकास भारती, बिशुनपुर, गुमला मुख्य अतिथि होंगे। डॉ. अमित पांडे, निदेशक, आइसीएफआरइ-वन उत्पादकता संस्थान, रांची, और डॉ एनबी चौधरी, निदेशक, सीएसबी केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रांची, विशिष्ट अतिथि होंगे। निदेशक डॉ अभिजीत कर ने सभी किसानों, कृषि विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों और नीति-निर्माताओं को इस महत्वपूर्ण आयोजन में भाग लेने की अपील की है।

## जनता को परेशान करनेवाले अधिकारी बख्शे नहीं जायेंगे: विधायक सुदीप



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति को कोई समस्या हो तो, तो वह किसी भी समय मुलकात कर सकता हे या फोन से इसकी जानकारी दे सकता है। सभी लोगों की समस्यआओं के निराकरण का हर संभव प्रयास किया जायेगा। विधायक मंगलवार को तोरपा प्रखंड की सुंदारी पंचायत के बिसुनपुर और पाकरटोंली गांव में आयोजित ग्रामसभा को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि यदि कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी परेशान करता है या काम नहीं करता है, तो इसका सूचना आप दें। वैसे अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। विधायक ने कहा कि गांव वालों को बेवजह दौड़ाने और परेशान करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को बख्शा नहीं जायेगा। मौके पर ग्रामीणों ने विधायक को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। सुदीप गुड़िया ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनका समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर मुखिया सुकुमार लिंडा, जेम्स आईंद, नयम भेंगरा आदि उपस्थित थे।

## रैयत विस्थापित मोर्चा की सीसीएलस्तरीय बैठक में शामिल हुए पिपरवार के लोग



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** रैयत विस्थापित मोर्चा पिपरवार के कार्यकर्ता सीसीएल के गिददी एरिया मे आयोजित रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय कमेटी द्वारा सीसीएल स्तरीय बैठक सह वनभोज कार्यक्रम मे शामिल हुए। सभी कार्यकर्ता मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन के नेतृत्व मे एक साथ बचरा से गिद्दी के लिए रवाना हुए। जानकारी के अनुसार रैयत विस्थापित मोर्चा पिपरवार एरिया, एनके एरिया, मगध संघमित्रा, आम्रपाली चंद्रगुप्त एरिया और एनटीपीसी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बचरा चार नंबर स्थित शहीद कृष्णा महतो चौक मे एकत्रित हुए और जमकर नारेबाजी करते हुए एक साथ रवाना हुए। कार्यक्रम मे जाने से पूर्व मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने बताया कि कार्यक्रम मे सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रो के प्रतिनिधि शामिल होगे। जिसमे विस्थापित रैयतो के हक और अधिकार को लेकर चर्चा की जायेगी। जल, जंगल और जमीन की रक्षा पर बल दिया जायेगा। विस्थापित रैयतो के हक और अधिकार के लिए मोर्चा द्वारा किये जा रहे संघर्ष पर चर्चा करते हुए आगे की रजनीति बनायी जायेगी। कार्यक्रम मे मोर्चा के केन्द्रीय अध्यक्ष सह दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा, केंद्रीय महासचिव सैनाथ गंझु, केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, राजकुमार महतो सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम मे जाने वालो मे इकबाल हुसैन, बिगन सिंह भोगता, रामचन्द्र उरांव, अमृत भोगता, तस्दीक आलम, रामलखन गंझु, अशोक महतो, प्रेम कुमार सहित अन्य कई लोगो का नाम शामिल है।

## उपायुक्त ने की सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना की समीक्षा, दिये कई निर्देश



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम छमाही के दौरान सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत पात्र लाभुकों को वस्त्र (धोती, साड़ी और लुंगी) वितरण की व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में उपायुक्त ने वस्त्रों का वितरण जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं के माध्यम से कराने का निर्देश दिया, ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र लाभुकों तक पहुंच सके। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनाया जाये और यह सुनिश्चित किया जाये कि योग्य लाभुकों को समय पर वस्त्र प्राप्त हो।

## डॉन बास्को एकेडमी में दसवीं बोर्ड की परीक्षा शुरू



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** डॉन बास्को एकेडमी में मंगलवार से दसवीं बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ हो गयी। आइसीएसइ बोर्ड द्वारा आयोजित इस परीक्षा में इस वर्ष कुल 93 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें 72 छात्र और 21 छात्राएं शामिल हैं। परीक्षार्थियों ने प्रथम दिन इंग्लिश लैंग्वेज की परीक्षा दी। परीक्षा केंद्र में कदाचार मुक्त माहौल बनाये रखने के लिए सख्त प्रबंधन किया गया है। विद्यालय के सहायक प्रचार्य जोशी टीडी ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न कराई जा रही है। परीक्षा संचालन की निगरानी सुपरवाइजर अंबुज कर्मकार कर रहे हैं। उन्होंने बताया परीक्षा केंद्र में केवल परीक्षार्थियों को ही प्रवेश दिया गया है। परीक्षा को कदाचार मुक्त कराने के लिए पूरे परीक्षा केंद्र पर कड़ी नजर रखी जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था के तहत परीक्षा कक्ष में सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा कराई जा रही है। परीक्षा कक्ष से बाहर निकल रहे परीक्षार्थियों के चेहरे पर उत्साह झलक रहा था। वे प्रश्नपत्र के सवालों पर आपस में चर्चा करते नजर आये।

# पत्नी के सामने ही अपराधियों ने पति का सिर काट कर की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कर्रा-रांची मुख्य मार्ग पर छाता नदी के पास अज्ञात अपराधियों ने सोमवार की संध्या लगभग सात से आठ बजे के बीच यक युवक की हत्या उसकी पत्नी के समक्ष की कर दी। मृतक संदीप टोप्पो रांची जिले के रातू थाना क्षेत्र के सुंडिल गांव का रहने वाला था। अपराधियों ने संदीप टोप्पो का सिर धड़ से अलग कर दिया। कर्रा थाना की पुलिस सोमवार को शव को बरामद कर कर्रा थाना लार्यी और मंगलवार को सदर अस्पताल में उसका पोसटमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार मृतक की पत्नी खुशबू तिर्की ने कर्रा थाना की पुलिस को बताया कि वह अपने पति पति संदीप टोप्पो उम्र लगभग 32 वर्ष के साथ सोमवार को ससुराल बसिया से अपनी वेर्ना कार से लौट रहे थे। संध्या सात और आठ बजे के बीच दो मोटरसाइकिलों पर सवार पांच अपराधियों ने गाड़ी रोकने की इशारा किया, तो संदीप ने कार रोक दी। गांड़ी रुकते ही अपराधियों ने पानी मांगा, जैसै ही पानी देने के लिए संदीप ने कार का दरवाजा खोला, अपराधियों ने धारदार हथिया रसे काटकर उसकी सिर धड़ से अलग कर दिया। पुलिस ने संदीप की पत्नी खुशबू को ओरमांझी से बरामद किया। उसने पुलिस को बताया कि अपराधियों ने उसे दवा सुंघाकर बेहोश कर दिया था। वह ओरमांझी कैसे पहुंची, इसकी जानकारी उसे नहीं है।

पुलिस ने बताया कि कैर्रा थाना पुलिस की गश्ती टीम द्वारा रोड किनारे कार को खड़ा देख कर जानकारी ली गयी, तो पुलिसकर्मियों की नजर वहां शव पर पड़ी। पुलिस रात को शव को थाना ले कर आ गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद तोरपा के एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा घटनास्थल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। कर्रा थाना प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि जगह-जगह से सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। अपराधियों की धर पकड़ के लिए पुलिस संघन छापामारी कर रही है।

## गांव-देहात से महाकुंभ स्नान के लिए हर दिन जा रहे हैं श्रद्धालु

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** प्रयागराज में 144 वर्षो के बाद महाकुभ लग रहा है या नहीं, इसे तो पंडित-पुरोहित ही बता सकते हैं, लेकिन महाकुंभ को लेकर पूरे इलाके में उठे भक्तिभाव और त्रिवेणी में स्नान को लेकर जन विश्वास ने साबित कर दिया कि परेशानियां कितनी भी विकराल हों, पर आस्था हमेशा उस पर भारी पड़ती है। शहर से लेकर गांव-देहात तक जिस तरह श्रद्धालुओं का जत्था छोटे-बड़े वाहनों से हर रोज महाकुंभ स्नान के लिए निकल रहा है, वह अपने आप में एक कीर्तिमान है। कुंभ मेले की महत्ता और आकर्षण के कारण गांव-कस्बे से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग कुंभ मेले में जा रहे हैं। जहां वे अपने परिवार और समुदाय के साथ मिलकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। कुंभ जाने के रास्ते में कई जगहों पर जाम की स्थिति बनी है। जाम और अन्य परेशानियों के बावजूद लोगों का कुंभ जाने का जोश कम नहीं हो रहा है।



### क्या कहते हैं कुंभ स्नान कर लौटनेवाले श्रद्धांलु

कुंभ स्नान कर लौटने वाले श्रद्धालु कहते हैं कि संगम में स्नान करना अविस्मरणीय क्षण है। स्नान के बाद आध्यात्मिक संतुष्टि का अनुभव होता है। कुंभ स्नान कर लौटने वाले और सीसीएल की सेवानिवृत्त अधिकारी शैलेंद्र कुमार कहते हैं कि कुंभ जाना अपने आप में किसी सौभाग्य से कम नहीं है। कुंभ स्नान से लौटे भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य संतोष जायसवाल कहते है कि कुंभ स्नान करने से सारे पाप धूल गये या नहीं, यह तो नहीं पता, पर त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने से मन और आत्मा तृप्त हो गये। तोरपा कें समाजसेवी धर्मेंद्र कुमार कहते है। कि हमलोग काफी सौभाग्शाली हैं कि हमें अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा और महाकुंभ स्नान करने का अवसर भोलेना ने दिया। तोरपा के एमपी सिंह और उनकी पत्नी पिंकी देवी कहते हैं कि 144 साल बाद कुम्भ स्नान का यह संयोग मिला है। पत्रकार सतीश शर्मा कहते हैं कि कुंभ स्नान के अनुभव को व्यक्त करना आसान नहीं है। आस्था के नाम पर सभी एक हैं।

## पुलिस ने रात में चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज पुलिस ने पियारटॉड स्थित रेलवे क्रॉसिंग के समीप मुख्य सड़क पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस मुख्य सड़क से हेसालोंग एव बकुलिया टॉड दोनो की तरफ रास्ता जाता है। थाना के एएसआइ दिनेश प्रसाद मंडल के नेतृत्व में जगुवार के जवानों ने वाहनो की चेकिंग। इस मार्ग से गुजर रहे सभी दो पहिया और चार पहिया वाहनों में सवार लोगो से उनके बारे में पूछ-ताछ किया साथ ही संदिग्ध लगने वाले लोगों के वाहनों की भी जांच की। धमधमिया हेसालोंग रोड पर पियारटॉड और आसपास के समीप रात्रि में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाता रहा है। क्योंकि इसके अगल बगल सीमांत क्षेत्र पड़ता है। अपराध की रोकथाम को लेकर मैकलुस्कीगंज पुलिस इन सीमांत क्षेत्रों में समय समय पर सुरक्षा को लेकर रात्रि में वाहन चेकिंग अभियान और गश्त करती है।

## पिपरवार में हुई इनमोसा की बैठक में आंदोलन की बनी रूपरेखा



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बसंत विहार कॉलोनी में इनमौसा क्षेत्रीय कमेटी की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय सचिव अनिल कुवंर और संचालन रूपलाल महतो ने किया। बैठक मे माईनिंग सुपरवाईजर का प्रमोशन सहित अन्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में इनमोसा केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर चार चरणों में होने वाले सीसीएल स्तरीय आंदोलन को पिपरवार क्षेत्र में सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 24 फरवरी को सीसीएल के प्रत्येक कोलियरी ऑफिस में धरना प्रदर्शन, 03 मार्च को प्रत्येक महाप्रबंधक कार्यालय में धरना प्रदर्शन,10 मार्च को सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस रांची में धरना प्रदर्शन और 24 मार्च से 26 मार्च तक तीन दिनों तक आकस्मिक छुट्टी पर इनमोसा के लोग रहेंगे। बैठक मे अनिल कुमार कुवंर, ईश्वर पाहन, रूपलाल महतो, जयप्रकाश तिग्गा, सुबोधकांत शर्मा,बिरेन्द्र चौहान, निवास प्रसाद, सुरैश कुमार, मनीष बेदिया, जुलियश टोपनो, जोधन प्रसाद, उमेश उरांव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## भोला टाना भगत और थोलवा टाना भगत की जयंती आज

**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत कमिटी के तत्वावधान में निंद्रा कारीटांड़ में बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी स्मारक स्थल पर भोला टाना भगत की 149वीं और थोलवा टाना भगत की 129वीं जयंती मनायी जायेगी। इस संबंध में स्वतंत्रता सेनानी थोलवा टाना भगत के पौत्र रमेश टाना भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत कलश यात्रा से होगी, जिसमें टाना भगत समुदाय की महिलाएं स्थानीय नदी से जल भरकर स्मारक स्थल पर पहुंचेंगे। इसके बाद दोनों स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण और परम्परा के अनुसार श्रद्धांजलि दी जायेगी। साथ ही, अन्य सात टाना भगत स्वतंत्रता सेनानियों को भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जायेगी। इस आयोजन में निंद्रा, लातेहार, चतरा, लोहरदगा सहित कई क्षेत्रों से बड़ी संख्या में टाना भगत समुदाय के लोग शामिल होंगे।

## दो व्यक्ति बाइक से महाकुंभ के लिए रवाना



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी से दो सीसीएल कर्मी बाइक से महाकुंभ गये। केडीएच परियोजना के बिजली घर में कार्यरत दोनों सीसीएल कर्मी जीतन गंझू और मिलन बाइक पर सवार होकर डाल्टनगंज होते हुए महाकुंभ प्रयागराज के लिए रवाना हुए। उन्होंने बताया कि महाकुंभ में स्नान के बाद वे लोग चतरा होकर वापस लौटेंगे। बाइक से जाने के लिए दोनों व्यक्ति काफी उत्साहित थे।

# बुंडू क्षेत्र में अफीम की अवैध खेती के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडु।** बुंडू थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। बुंडू थानेदार ने कहा कि 17 फरवरी को गुप्त सूचना के आधार पर तिलाईमर्चा गांव में किये गये अफीम की खेती के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर अफीम की खेती को विनाश किया गया। जिसमें एक व्यक्ति अफीम के खेत में घास निकलते हुए पकड़ा गया बुंडू थाना में जय सिंह मुंडा पिता भगत सिंह मुंडा को पकड़ कर जेल भेज दिया। छापेमारी दल में बुंडू थानेदार रामकुमार वर्मा आतिश कुमार राहुल कुमार मेहता शामिल हुए।

## पुलिस ने 60 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती को नष्ट किया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने मंगलवार को बुंडू थाना क्षेत्र, लोटेहातु गांव, जामगामी गांव और जोजोदा गांव में 60 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती को नष्ट किया गया। इस अभियान में बुंडू बुंडू थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा, प्रेम प्रदीप कुमार, राहुल कुमार मेहता के अलावे जैप एवं सैप के जवान शामिल थे।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी गयी अफीम की अवैध खेती के दुष्प्रभावों की जानकारी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार को खूंटी प्रखंड के सिलादोन समेत अन्य क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अवैध अफीम की खेती के दुष्प्रभावों से आमजनों एवं किसानों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को अवैध खेती को छोड़कर वैकल्पिक एवं लाभकारी फसलों की ओर प्रेरित करने का प्रयास किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि अवैध अफीम की खेती न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह समाज और स्वास्थ्य के लिए भी घातक है। किसानों को समझाया गया कि वे अफीम की खेती को छोड़कर ड्रैगन फ्रूट, टमाटर, बैगन, मूंग जैसी लाभकारी फसलों की खेती करें, जिससे उनकी आजीविका भी सुरक्षित रहे और समाज में सकारात्मक बदलाव आये। इस दौरान किसानों को जागरूक करने के लिए पंपलेट का भी वितरण किया गया। जिला प्रशासन का यह अभियान स्थानीय किसानों को वैकल्पिक खेती की ओर प्रेरित करने एवं क्षेत्र में सतत कृषि विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है।

## झारखंड अधिविध परिषद के सदस्यों ने किया परीक्षा केंद्रों का दौरा



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ और कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के माध्यमिक और 12 वीं बोर्ड परीक्षा केंद्रो का झारखंड अधिविध परिषद के सदस्य अली अल अराफात ने जायजा लिया एवं केंद्राधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। आब्जर्वर के रूप में उन्होंने अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय पिलीद, श्रद्धानंद प्लस टू उच्च विद्यालय टीकर, प्लस टू उच्च विद्यालय तिरूलडीह परीक्षा केंद्र पहुंचे और शांति पूर्ण और कदाचार मुक्त परीक्षा का जायजा लिया। उन्होंने केंद्राधीक्षकों को परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि माध्यमिक परीक्षा एवं 12 वीं की परीक्षा कदाचार मुक्त कराने के लिए परीक्षा केंद्रों का दौरा कर जायजा लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में परीक्षा में कदाचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। सभी परीक्षा केंद्रों में कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराया जा रहा है। मौके पर केंद्राधीक्षक मिस मिताली, मिलन रक्षित सहित कोई शिक्षक उपस्थित थे।

## खलिहान में रखे पुआल और धान में लगी आग



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चोकाहातू गांव के किसान राजकुमार मांझी के खलिहान में रखे पुआल और धान चक्की में आग लगने से खलिहान में रखा धान ओर पुआल जल कर राख हो गया। घटना मंगलवार दिन के तीन बजे के आसपास की बताई जा रही है। किसान राजकुमार मांझी ने बताया कि अचानक से खलिहान में आग निकलते देखा तो आग लगने की जानकारी हुई। आगलगी में एक लाख से अधिकका धान ओर पुआल जल कर राख हुआ है। आसपास के लोगों के मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन आग तेज हो गया था। थाना प्रभारी चंदन कुमार के द्वारा बुंडू के अग्निशमन विभाग को सूचना दिया गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक धान ओर पुआल जल कर राख हो गया था।

## अवैध बालू लदा एक टर्बो और ट्रैक्टर जब्त

**राहे (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस ने गश्ती के दौरान राहे-टाटीसिलवे सड़क ओर पारमडीह गांव से अवैध बालू परिवहन करते एक टर्बो (जेएच 02 बीएल 1227) और एक ट्रैक्टर को पकड़ा। चालक से आवश्यक कागजात की मांग की गयी, लेकिन बालू खनन और परिवहन से संबंधित कोई कागजात उपलब्ध नहीं होने के कारण टर्बो और ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया। घटना मंगलवार सुबह की बतायी जा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी यशवंत कुमार सिंह ने कहा कि अवैध रूप से बालू खनन और परिवहन के आरोप में बालू लदा टर्बो और ट्रैक्टर जब्त कर मामला दर्ज किया गया है।

## 50 किसानों को दिया गया मूंग का बीज




**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर में आयोजित एक सादे समारोह में प्रखंड के धानामुंजी, पोगड़ा, नावाडीह ओर दुलमी गांव के 50 किसानों को गरमा मूंग दाल की बीज का वितरण बीडीओ अशोक कुमार के द्वारा किया गया। आत्मा रांची के सौजन्य से टीआरएफए प्लस योजना अंतर्गत संकुल में ब्लॉकचैन के माध्यम से चयनित उत्कृष्ट योग्य कृषकों को गरमा मूंग दाल की बीज दिया गया है। मौके ओर बीटीएम राहे अंजीव कुमार, प्रखंड के कृषक मित्र आदि मौजूद थे।

## प्रखंड अध्यक्ष पूरन महली की अध्यक्षता में हुई सहायक अध्यापक संघ सोनाहातू इकाई की बैठक



**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) संघ सोनाहातू ईकाई की बैठक सोमवार को राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाजारटांड़ में प्रखंड अध्यक्ष पुरन महली की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जबकि बैठक का संचालन सचिव अनिल कुमार महतो ने किया। बैठक में प्रखंड के काफी संख्या में सहायक अध्यापक उपस्थित हुए। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सहायक अध्यापक संघ हमेशा एकता बनाये रखें, इसमें कभी भी किसी तरह की आंच नहीं आ सकती है। हमारी एकता को कोई नहीं तोड़ सकता है। एकता में ही बल है। बैठक में संघ के उपाध्यक्ष गणपति महतो, महेंद्र नाथ वर्मा, अजंबर महतो, धनेश्वर महतो, शशोधर सिंह मुंडा आदि सहायक अध्यापक उपस्थित थे। जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में राहे की छात्राओं को मिला दूसरा स्थान।

## रांची में आयोजित जिलास्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में राहे की छात्राओं ने दूसरा स्थान हासिल किया




**राहे (आजाद सिपाही)।** रांची के जिला स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय राहे की छात्राओं ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा आयोजित जिला स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान और नवाचार प्रतियोगिता में स्वदेशी प्रौद्योगिकी का उपयोग पर मनीषा कुमारी एवं खुशबू कुमारी कक्षा 8 की छात्राओं ने द्वितीय पुरस्कार और भारत की खगोलीय उपलब्धि विषय पर कक्षा 7 की चम्पा कुमारी एवं रूपाली कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय की वार्डेन एवं विज्ञान शिक्षिका परमेश्वरी कुमारी के मार्गदर्शन में तैयार मॉडल पर छात्राओं ने सफलता पायी है। ज्ञात हो कि प्रखंड स्तर पर प्रथम आने पर इन छात्राओं ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में राहे प्रखंड का प्रतिनिधित्व किया है । छात्राओं के उपलब्धि पर वार्डन परमेश्वरी कुमारी, शिक्षिका बिमला कुमारी और शिक्षक प्रीतम कुमार ने हर्ष व्यक्त किया है।

## राहे थाने में पदस्थापित चालक की मौत

रातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के गोकुल नगर में किराये के मकान में रह रहे राहे थाने में चालक के पद पर पदस्थापित सतेंद्र तिवारी सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। आनन-फानन में परिजन गंभीर रूप से घायल सतेंद्र को लेकर मां पार्वती अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक मृतक सतेंद्र तिवारी राहे थाने में चालक के पद पर पदस्थापित है। वह रातू स्थित गोकुल नगर में कराये के मकान में सपरिवार रहते थे। आशंका जतायी जा रही है कि घर में पिछल के गिरने के बाद उसके सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट आई है। जिससे इसकी मौत हो गयी। पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटना में पांच घायल, तीन रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** बेड़ो और नरकोपी थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह एक घंटे के अंतराल में लगभग आठ से नौ बजे के बीच हुई तीन अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जहां पहली घटना नरकोपी थाना क्षेत्र के डुमरी मोड़ के समीप एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बजरा निवासी करीब 60 वर्षीय सिकंदर खान गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें स्थानीय लोगों ने उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। दूसरी घटना नरकोपी थाना क्षेत्र के बाजरा हाई स्कूल के समीप स्कूटी और बाइक सवार युवकों के बीच हुई टक्कर में तीन युवक घायल हो गये। इस घटना में घायलों में बेड़ो थाना क्षेत्र के मुरतो गांव निवासी करीब 20 वर्षीय युवक आकाश कच्छप तथा नरकोपी थाना क्षेत्र के सिसई गांव निवासी दो युवक शिवा उरांव व दशरथ उरांव का नाम शामिल है। स्कूटी सवार युवक नरकोपी और बाइक सवार युवक बाजरा की ओर जा रहे थे। इसी बीच यह दुर्घटना हुआ। इधर घटना की सूचना मिलने पर नरकोपी थाना के एएसआई कंचन कुमार सिंह ने उपचार के लिए घायलों को सीएचसी बेड़ो पहुंचाया। वहीं तीसरी घटना रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के कादोजोरा गांव के समीप लगभग नौ बजे अपनी बाइक से असंतुलित होकर गिरने से गुमला जिला के मेराल मांझाटोली निवासी 28 वर्षीय युवक कमल तिर्की गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें राहगीरों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डॉ भावना ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। साथ ही प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल कमल तिर्की, सिकंदर खान और आकाश कच्छप को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

# भारतीय ज्ञान-परंपरा और शिक्षा पद्धति से विश्व में शांति व समृद्धि का बनेगा माहौल : जैलेंद्र कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता




**अनगड़ा।** जसपुरिया बीएड कालेज बीसा गेतलसूद में मंगलवार से पांच दिवसीय फेकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत भारतीय ज्ञान को बढ़ावा देने में शिक्षक शिक्षा की भूमिका पर सेमीनार शुरू हुआ। इसका उदघाटन जसपुरिया एजुकेशन ट्रस्ट के संस्थापक सह भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने किया। इसका आयोजन जसपुरिया बीएड कालेज व बेथेसदा वीमेन टीचर्स ट्रेनिंग कालेज रांची ने किया। सेमीनार में अतिथियों ने आनलाइन एवं आफलाइन तरीके से अपने अपने विचार रखे। अध्यक्षता कालेज के प्रिंसिपल डॉ अनिल कुमार मिश्रा व संचालन डॉ कुमारी प्रियंका शर्मा ने किया। जैलेंद्र कुमार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा व शिक्षा पद्धति से ही हम विश्व में शांति व समृद्धि का माहौल बना सकते है। भारतीय ज्ञान परंपरा वैज्ञानिकता पर आधारित है। यह हमें विश्व बंधुत्व का संदेश देता है। सभी के कल्याण की प्रार्थना करता है। देश ही नही पूरे विश्व को भारतीय शिक्षा पद्धति की ओर लौटना ही होगा। 21 जून को विश्व योग दिवस से इसकी शुरूआत हो चुकी है। सेमीनार में वीणा तीरू, डॉ सीके पंकज, सरिता कुमारी, प्रवीण सिंह कुशवाहा आदि ने भी अनने अपने विचार आनलाइन रखा। इस अवसर पर पूजा कुमारी, महफूज अंसारी, रोहित कुमार आदि उपस्थित थे।

## जिप अध्यक्ष ने विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान कृषि, शिक्षा, आवास, आपूर्ति, श्रम, स्वास्थ, बिजली, पेयजल व स्वच्छता, मनरेगा, पशुपालन, पंचायती राज विभाग सहित अन्य विभागों के योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की जानकारी ली गयी। मौके पर जिप अध्यक्ष ने पदाधिकारियों को गरीब कल्याण से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ पुर्ण कराने तथा इसमें किसी तरह की कोताही नहीं बरतने का निर्देश दिया। बैठक में जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा, अनुराधा मुंडा, बीडीओ जयपाल सोय, सीओ राजू कमल, बीपीओ मनरेगा अवनिंद्र कुमार, बीपीओ शिक्षा पंकज तिर्की, प्रमुख दीपा उरांव, उपप्रमुख जयपाल हजाम, जेई प्रभात कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## अंचल कार्यालय नामकुम में विधायक राजेश कच्छप ने की प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक



नामकुम (आजाद सिपाही)। खिजरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय नामकुम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य आपूर्ति, कृषि, राजस्व, आवास, पशुपालन, ऊर्जा, पेयजल एवं स्वच्छता, मनरेगा समेत अन्य विभागों की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गयी। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन धरातल पर सुनिश्चित हो और कोई भी योजना अपूर्ण न रहे। बैठक में प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, उप प्रमुख वीणा देवी, जिला परिषद सदस्य रीता होरो, बिपिन टोप्पो, अशोक कुमार मिश्र, माधो कच्छप, प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार, अंचल अधिकारी कमल किशोर सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## श्रीराम सेना की बैठक संपन्न, चैती दुर्गा पूजा और रामनवमी की तैयारियों पर चर्चा



नामकुम (आजाद सिपाही)। श्री राम सेना लोअर चुटिया हाई टेंशन परिसर में सोमवार शाम चैती दुर्गा पूजा और रामनवमी पूजा को लेकर पहली बैठक संपन्न हुई। बैठक की शुरूआत रामनवमी प्रभारी दीपेश पाठक बाबा ने की। इसमें निर्णय लिया गया कि दस दिवसीय चैती दुर्गा पूजा एवं रामनवमी महोत्सव को इस बार और भी भव्य रूप से आयोजित किया जायेगा। विकास जायसवाल ने बताया कि इस बार पूजा पंडाल मेले को नगरवासियों के लिए विस्तारित किया जाएगा, जिसमें सभी लोग बढ़-चढ़कर सहयोग करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से विकास जायसवाल, दीपेश पाठक, भुनू साहू, राजेश पंडित, अनूप कुमार शर्मा, रवि राय, विष्णु वर्मा, मुकेश साहू, मनोज पंडित, असीमित राज, शिवम मोदी, निलेश कुमार, यशराज राजू शर्मा, नीरज, रोहित, विशाल, आकाश सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## डीप बोरिंग और पेयजल के लिए प्याऊ का शिलान्यास



ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)। ठाकुरगांव बाजार टांड़ स्थित शिवमंदिर के बगल में डीप बोरिंग और पेयजल हेतु प्याऊ का शिलान्यास विधायक सुरेश कुमार बैठा ने किया। मौके पर विधानसभा प्रतिनिधि गोपाल तिवारी उमेश वैद्य, अशोक साहू, सहानंद गोप, बबलू उरांव, शिवशंकर सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## पड़ोसी से झगड़ा के बाद युवक ने लगायी फांसी

रातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के फुटकलटोली अलकमर कॉलोनी के एक मकान से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया। आशंका जताई जा रहीं है कि युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव घर के एसवेस्टस में लगे पाइप में प्लस्टिक की रस्सी से झूलता हुआ पाया गया। उसका एक पैर सामने रखे पलंग व एक पैर नीचे झूला हुआ था। युवक की पहचान बिहार के समस्तीपुर नीवासी सज्जाद अंसारी के रूप में हुआ। उसका ससुराल रातु थाना क्षेत्र के आमटांड में था। फुटकलटोली अलकमर कॉलोनी में वह एक किराये के मकान में अपने पत्नी व बच्चों के साथ रहता था। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पत्नी रुकसाना का आरोप है कि रात को उसके पड़ोसी इमरान खान से मेरे पति सज्जाद का लड़ाई हुआ था। इसके उपरांत पड़ोसी ने फोन पर रात को मेरे साथ भी गाली गलौज किया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बाघवार एकेडमी का 19वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**चान्हो।** बाघवार एकेडमी में 19वें वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें संस्कृति, कला और शिक्षा का शानदार संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ भूपेश कुमार (प्राचार्य, आईएचएम), विद्यालय निदेशक अशोक बाघवार और प्राचार्य अरुण बाघवार द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय निदेशक अशोक बाघवार ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि हमारी आदतें ही हमें महान बनाती हैं। इसलिए हमें अच्छी आदतों को अपनाना चाहिए और इसकी शुरूआत शिक्षकों और अभिभावकों को करनी चाहिए, क्योंकि बच्चे वहीं सीखते हैं, जो वे देखते हैं। मुख्य अतिथि डॉ भूपेश कुमार ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि हर बच्चा समान क्षमता रखता है, सफलता के लिए स्थान कोई बाधा नहीं है। विद्यालय ही वह स्थान है, जहां बच्चों को संस्कार और संस्कृति की शिक्षा मिलती है। विद्यार्थियों की सृजनात्मकता, सामाजिक संदेशों से भरपूर प्रस्तुतियों और ऊर्जा से परिपूर्ण प्रदर्शन को अभिभावकों और अतिथियों ने खूब सराहा।

विद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन को उप-प्राचार्य अजय उरांव ने प्रस्तुत किया, जिसमें विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ शिक्षक हरे कृष्ण सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। अभिभावकों को यह एहसास हुआ कि बाघवार एकेडमी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक मूल्यों और समग्र विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ा रही है।

# अनगड़ा ब्लॉक में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**अनगड़ा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ मंगलवार को ग्रामीणों ने प्रखण्ड मुख्यालय के समक्ष धरना, प्रदर्शन व घेराव किया। विशेष कर अंचल कार्यालय में कथित रुप से व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर ग्रामीण काफी आक्रोशित दिखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया सोहन मुंडा ने किया। वहीं ग्रामीणों का नेतृत्व चतरा मुखिया डॉली कुमारी, ग्राम प्रधान किष्टो कुजुर, जेएलकेएम नेता जलेश्वर महतो उर्फ मार्शल, रामपोदो महतो आदि कर रहे थे। घेराव कर रहे ग्रामीणों का कहना था कि अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। ऑनलाइन त्रुटि सुधार, दाखिल-खारिज, डाटा एंट्री सहित अन्य भू संबंधी कार्यों में बगैर लेन देन के काम नहीं होता है। पैसे लेकर विवादित भूखंडों का भी नामांतरण कर दिया जा रहा है। यहां तक के कोर्ट के आदेश को भी ठेंगा दिखाया जा रहा है। घेराव के दौरान सीओ राजू कमल ने ग्रामीणों से वार्ता करने की कोशिश की। लेकिन प्रदर्शनकारी चतरा के एक भूखंड के दाखिल खारिज को रद्द करने की मांग पर अड़े रहे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, जेएलकेएम के पूर्व प्रत्याशी देवेन्द्र नाथ महतो आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुन्ना मुंडा, राजेश महतो, बसंत हिंदवार, रीना देवी, अजय महतो, रूसुवा महतो, सुमन देवी, किशोर महतो, धनीराम महतो, सविता देवी, रीना देवी, सरस्वती, अनित, अजय महतो, रुसुवा, किशोर सहित सैंकड़ों ग्रामीण शामिल हुए।

## मैट्रिक हिंदी की परीक्षा में 17 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे



बेड़ो (आजाद सिपाही)। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा आयोजित दशवीं बोर्ड की परीक्षा में मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के शामिल परीक्षार्थियों में सत्रह परीक्षार्थियों ने हिंदी की परीक्षा में अनुपस्थित रही। जहां प्रखंड मुख्यालय में बनायी गयी कुल पांच परीक्षा केंद्रों में राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक में 286 में 05 अनुपस्थित, राजकीय मध्य विद्यालय बालिका में 237 में सभी उपस्थित प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में 324 में 02 अनुपस्थित एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय में 401 में 07 अनुपस्थित सरस्वती विद्या मंदिर में 346 में 03 छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहे। वहीं करम सिंह महतो को प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय बेड़ो, हेंनरीता मिंज को एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय तरुण कुजुर को राजकीय कन्या मध्य विद्यालय शेखर पांडेय को राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मुक्ति रानी खलखो को केंद्राधीक्षक बनाया गया है। मैट्रिक की परीक्षा अगले तीन मार्च तक ली जायेगी।

## पुंदाग में झामुमो का सदस्यता अभियान का आयोजन

पिस्कानगडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के लालगुटवा पंचायत अंतर्गत पुंदाग गांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता अभियान प्रखंड के संयोजक प्रमुख कलाम आजाद की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। मौके पर पुंदाग क्षेत्र के मस्जिद टोला, बॉली टोली, बंगला टोली, इमाम बड़ा चौक, गौस नगर, खेत मोहल्ला, आदिवासी टोला, के 600 महिला, पुरुष और युवाओं ने जेएमएम की सदस्य ग्रहण किया। मौके पर नगड़ी संयोजक प्रमुख कलाम आजाद ने कहा कि पार्टी के केंदीय नेतृत्व के निर्देश पर चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में पूरे रांची जिला में 5 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है और नगड़ी प्रखंड में 9 हजार 13 पंचायत से सदस्य बनाए जायेंगे। आज के सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से अंशु लकड़ा, राजकुमारी टोपनो, कविता कच्छप, बिंदे मुंडा, सुनील तिर्की, मनीषा, स्वेता गाड़ी, संगीता टोप्पो, धनेश्वर नायक, प्रवण नायक, अख्तर अंसारी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

## बिजली चोरी के खिलाफ सिमलिया में छापामारी, 5 लोगों पर प्राथमिकी, 78642 हजार का लगा जुर्माना

रातू (आजाद सिपाही)। झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, बिजली चोरी के खिलाफ निगम के आदेश पर विभाग की ओर से गठित टीम ने मंगलवार को इलाके के रातू सिमलिया, भीठा टोली व संडे मार्केट में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल हिमांशु वर्मा के नेतृत्व में की गयी छापेमारी में संडे मार्केट के 1 व सिमलिया के 4 लोग बिजली चोरी करते पकड़े गये। इन पर कुल 78,642 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आरोपियों में रातु संडे मार्किट के श्याम किशोर तिवारी पर 34952 के अलावा मदन लोहरा पर 17474 हजार, सतीश गोप 8738, जमीला खातून 8738 व मो मंसूरी पर 8738 हजार का जुर्माना लगाया गया है। सभी सिमलिया के रहने वाले है। मामले को लेकर कनीय विद्युत अभियंता रंजीत कुमार ने रातू थाने में प्राथमिक दर्ज कराई है । छापेमारी दल में सहायक विद्युत अभियंता विद्युत अवर प्रमंडल हिमांशु वर्मा, विद्युत अभियंता आपूर्ति प्रशाखा विवेक द्विवेदी, नवनीत कुमार चौबे , मिथुन कुमार सिंह कनिय सारणी पुरुष विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल रातू, तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## किसानों को दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण



जैविक खेती का प्रशिक्षण लेते चिपरा पंचायत के किसान।

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। नगरी प्रखंड के चिपरा पंचायत में स्थित चिपरा गांव में मंगलवार को राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के तहत ऑर्गेनिक फार्मिंग अथॉरिटी औफ झारखंड के बैनर तले वैदिक ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन एजेंसी के द्वारा किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक अनुज कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि किसान जैविक खेती करके अपनी भूमि को लंबे समय तक उपजाऊ बनाकर टिकाऊ खेती कर सकते हैं, साथ ही साथ कम लागत में उत्पादन कर अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। मौके पर क्षेत्र पदाधिकारी शांति तिर्की और किसान का नाम -हरियारेनतिकी नीता विर्की, सियोन तिकी, जुनास तिर्की, खुशबु देवी, अनितादेवी, पूनम, जानकी देवी, लगभग 150 किसान उपस्थित थे।

## आरटीसी कॉलेज के 40 छात्रों के बीच प्रमाण पत्र वितरित

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। आरटीसी कॉलेज, ओरमांझी में दो बैच के 40 छात्रों ने सफलतापूर्वक इलेक्ट्रीशियन कोर्स की परीक्षा उत्तीर्ण की, जिनको प्रमाण पत्र वितरित किया गया। यह कोर्स गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के ट्रस्ट एसएसआरडीपी द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जर्मनी की कंपनी Schneider के साझेदारी के साथ संचालित हो रहा है। यह 40 दिन का नि:शुल्क प्रशिक्षण कोर्स है, जिसमें फैन की वाइंडिंग, 2BHK हॉल की वायरिंग का प्रैक्टिकल और थ्योरी कराई जाती है। प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत एन एस डी सी के द्वारा प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाता है, जिससे छात्रों को नौकरी पाने और लोन लेने में सहायता मिल सके।

# 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंजा पंडाल

श्रीमद्भागवत कथा में गूंजी कृष्ण जन्म की दिव्य वाणी, महाराजजी ने सुनाए अद्भुत प्रसंग

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन टाटीसिलवे के इइएफ मैदान में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास पुज्य इंद्रेशजी महाराज ने श्रीकृष्ण लीला के अनेक महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया, जिससे श्रद्धालु भाव-विभोर हो गये। कथा का मुख्य आकर्षण भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग रहा, जिसे सुनते ही पूरा वातावरण 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से गूंज उठा। महाराजजी ने बताया कि जब-जब धरती पर अधर्म और अन्याय बढ़ता है, तब भगवान स्वयं अवतरित होते हैं। श्रीकृष्ण का जन्म मथुरा के कारागार में हुआ, जहां उनके माता-पिता वसुदेव और देवकी कैद में थे। जन्म के समय चारों ओर अंधकार था, लेकिन जैसे ही बाल गोपाल प्रकट हुए, पूरा कारागार प्रकाश से जगमगा उठा। यह प्रसंग इस सत्य को दर्शाता है कि जब जीवन में कठिनाइयों का अंधकार बढ़ता है, तो भगवान का प्रकाश हमें राह दिखाने आता है।

**ईश्वर की कृपा से असंभव भी संभव हो जाता है :** श्रीकृष्ण जन्म के साथ ही जेल के ताले स्वतः खुल गये, पहरेदार गहरी निद्रा में सो गये और वसुदेवजी ने अपने पुत्र को टोकरी में रख कर यमुना पार कर गोकुल पहुंचाया। इस दौरान यमुनाजी ने श्रीकृष्ण के चरण स्पर्श के लिए जलस्तर बढ़ाया, लेकिन जैसे ही वसुदेवजी ने प्रभु के चरण यमुना में डाले, जल शांत हो गया। यह प्रसंग दर्शाता है कि ईश्वर की कृपा से असंभव भी संभव हो जाता है।

**माखन चोरी लीलाः भक्ति और प्रेम का प्रतीक :** इंद्रेशजी महाराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की माखन चोरी लीला केवल एक बाल लीला नहीं, बल्कि गहरा आध्यात्मिक संदेश देती है। जिस प्रकार ग्वाल-बाल और गोपियां श्रीकृष्ण से प्रेम करती थीं, उसी तरह हमें भी अपने हृदय में भक्ति को स्थान देना चाहिए।

**कथा में ऋण और कर्तव्यों का संदेश :** कथा व्यास पुज्य इंद्रेशजी महाराज ने बताया कि प्रत्येक मनुष्य को जीवन में चार ऋण चुकाने होते हैं। देव ऋण, ऋषि ऋण, पितृ ऋण और मानव ऋण। उन्होंने सभी ऋण का उल्लेख किया। बताया देव ऋण यानी देवताओं की कृपा से हमें जीवन दायिनी शक्तियां प्राप्त होती हैं, इसलिए हमें ईश्वर और प्रकृति के प्रति कृतज्ञ रहना चाहिए।

**मांसाहार का त्याग :** महाराजजी ने मांसाहार के विषय में कहा कि यह मनुष्य के क्रोध और अहंकार को बढ़ाता है। सात्विक भोजन से मन और आत्मा शुद्ध होती है, जिससे आध्यात्मिक उन्नति संभव होती है।

**पति को परमेश्वर मानने की सीख :** इंद्रेशजी महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पत्नी को पति का सम्मान करना सिखाया गया है। पति-पत्नी का संबंध प्रेम, विश्वास और समर्पण पर आधारित होता है। पति को परमेश्वर मानने का अर्थ है कि उसमें ईश्वर का अंश देखना और पारिवारिक जीवन को प्रेममय बनाना।

**व्यास पीठ से इंद्रेशजी ने लोगों द्वारा पूछे गये प्रश्नों के दिये जवाब :** अगर किसी स्त्री का मन शादी करने का न हो, लेकिन माता-पिता विवाह के लिए जोर दे रहे हों, तो क्या करना चाहिए?

**उत्तर :** माता-पिता सर्वोपरि होते हैं, उनकी आज्ञा मानना ही धर्म है। मीरा बाई ने भी अपने माता-पिता की इच्छा का सम्मान कर विवाह किया था। हो सकता है कि अभी आपको शादी की इच्छा न हो, लेकिन यदि भविष्य में विवाह करने का मन हुआ और उम्र निकल गई, तो यह उचित नहीं लगेगा। यदि आप यह मानती हैं कि भविष्य में विवाह करना ही है, तो माता-पिता की आज्ञा मानकर उचित समय पर शादी कर लें। साथ ही ठाकुर जी से प्रार्थना करें कि आपको अनुकूल जीवनसाथी प्राप्त हो।

### इंद्रेशजी ने रक्तदान कर दिया सेवा का संदेश



श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन के उपरांत पुज्य इंद्रेश जी उपाध्याय ने थैलेसीमिया रोग से पीड़ित मरीजों के लिए आयोजित रक्तदान शिविर में स्वयं रक्तदान किया। इंद्रेशजी ने पहली बार रक्तदान किया। उनके साथ कई सहयोगियों और भक्तों ने भी इस सेवा कार्य में भाग लिया। पिछले चार दिनों में श्रद्धालुओं की सेवा भावना के कारण 80 से अधिक यूनिट रक्त संग्रह किया जा चुका है। इंद्रेश जी ने कहा, ?रक्तदान एक महादान है। इससे किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिल सकता है। सभी को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए, क्योंकि यह सबसे बड़ी सेवा है।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 19 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in


## भाकपा माले का सांकेतिक धरना 20 को गुमला में होगा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाकपा (माले) रेड स्टार गुमला के तत्वाधान में बार एसोसिएशन गुमला के द्वारा जनहित के उचित मांग को लेकर रजिस्ट्री विभाग में काम ना कर हड़ताल की जा रही है। इसके समर्थन में और रजिस्ट्री विभाग में फैले भ्रष्टाचार के विरुद्ध 20 फरवरी 2025 को सांकेतिक धरना कार्यक्रम आयोजित की गयी है कार्यक्रम में पार्टी के जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी को आने की अपील की गयी है। वही कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी के वरिष्ठ नेता सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह भाग लेंगे। धरना कार्यक्रम दिन के 11 से 20 फरवरी को कचहरी स्थित हड़ताली वृक्ष के पास की जायेगी तत्पश्चात गुमला उपायुक्त को त्वरित कार्रवाई हेतु मांग पत्र दी जायेगी।

# पांच अपराधियों ने ऑटो चालक की गला रेतकर हत्या की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायडीह।** रायडीह थाना क्षेत्र के पोगरा व ऊंचडीह जंगल के बीच मंगलवार की सुबह करीब 8 बजे पोगरा निवासी 36 वर्षीय प्रसाद साहू पिता सालिक साहू की पांच अज्ञात लोगों ने गला रेत कर हत्या कर दी। मृतक अपने दोनों बेटी सरस्वती कुमारी और पूजा कुमारी को ऊंचडीह स्कूल टेंपो से पहुंचाने जा रहा था। तभी दो बाइक में 5 नकाबपोश अपराधी पीछा करते हुए जंगल के बीच उसे रोक लिए इसके बाद उसके मुंह में पिस्टल सटा दिया और धारदार हथियार से गला रेतकर उसकी हत्या कर दी। घटना को दोनों बेटियों ने अपनी आंखों से देखा इसके बाद अपराधी दोनों बेटियों को दौड़ाने लगे। लेकिन दोनों बेटी



भागते हुए गांव पहुंची और घटना की जानकारी गांव वालों को दी। सरस्वती ने बताया घटना के बाद अपराधी नवा टोली की ओर भाग गये। सभी अपने चेहरे को ढके हुए थे। घटना की सूचना के बाद रायडीह थाना की पुलिस स्थल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गयी है। घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मृतक पेशे से ऑटो चालक था। प्रतिदिन अपनी दोनों बेटियों को विद्यालय पहुंचाने जाता था। अपराधी इसी मौका की तलाश में थे और रेकी करते हुए पीछा कर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## समाजसेवी ने खुलेआम हो रही शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग की

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर के बीचो-बीच स्थित बाजार टांड़ में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। मंगलवार की सुबह 9:00 बजे समाजसेवी मिनहाज खान को लोगों ने इसकी जानकारी दी। वही मिनाज खान ने प्रशासन से इस पर रोक लगाने की मांग की है कहा शहर के बीचो बीच बाजार में सुबह से ही शराब की बिक्री की जाती है जिससे सुबह से ही लोग शराब पीकर अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। शराब की आड़ में इडली भी बेचा जाता है। अपनी लत को पूरी करने के लिए लोग चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। बताया कि बगल में नव निर्मित मंदिर भी बनाया गया है मंदिर के बगल में शराब बेचा जा रहा है। वही शराब पीकर लोग आपस में लड़ाई झगड़ा भी करते हैं। वही समाज सेवी मिनहाज खान ने प्रशासन शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है।

# बसिया के दलमादी गांव में जमीन विवाद सुलझाने को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** प्रखंड के दलमादी गांव में जमीन विवाद को लेकर एक आवश्यक ग्राम बैठक कृष्णा इंदवार के अध्यक्षता में हुआ। जिसमे मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य बसंती डूंगडुंग, बसिया थाना प्रभारी युधिष्ठिर कुमार प्रजापति, मुखिया अनिमा डूंगडुंग उपस्थित थे।

मालूम हो कि तुरबुंगा पंचायत के बरटोली निवासी शशि भूषण आईंद ने इस्तेफन डूंगडुंग से एग्रीमेंट 44 डिसमिल जमीन लेने और एवज में डेढ़ लाख रुपया जमीन मालिक को देने की बात कथित रूप से कर रहा था जबकि जमीन मालिक इस्तेफन डूंगडुंग ने कहा कि उसे मात्र 18 हजार रुपया ही मिला है और चार डिसमिल जमीन बिक्री की बात हुई थी



लेकिन शशि भूषण आईंद द्वारा उसे गलत तरीके से हस्ताक्षर ले लिया गया है। बैठक में शशि भूषण के दावा को गलत पाते हुए उसे इस्तेफन डूंगडुंग द्वारा 18 हजार रूपया वापस देने की सहमति बैठक में हुआ। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों ओर पुलिस के द्वारा जमीन विवाद को सुलझाया गया। इसके साथ ही थाना प्रभारी युधिष्ठिर कुमार प्रजापति द्वारा उपस्थित लोगों को डायन बिसाही के संबंध में भी लोगो को जागरूक किया गया और किसी भी मामले में पुलिस प्रशासन से संपर्क करने की बात कही गयी।

# मुख्तार आलम ने रिक्शा चालक को आंख के इलाज का दिया भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मुख्तार आलम कामगार जिलाध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य ने रिक्शा चालक व्यक्ति की मदद की। मुख्तार आलम ने कहा कि रिक्शा चालक सानिया उरांव अपनी समस्याओं को लेकर मुझसे मिलने के लिए दो दिनों से ढूंढता-ढूंढता मेरे कार्यालय पहुंचा। सानिया उरांव ग्राम केराडीह प्रखंड रायडीह का रहने वाला है, वह गुमला शहर में पिछले 20 वर्षों से रिक्शा चलाकर अपना और अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है।

सानिया उरांव को लगभग 10 वर्ष पहले रिक्शा चलाने के दौरान उनकी आंख में लोहा से गहरी चोट लग गयी थी, पैसों की अभाव के कारण वे अपनी आंखों का इलाज नहीं करवा पाया था। समय जैसे-जैसे गुजरा चला गया उसकी आंख की स्थिति और खराब होती चली गयी।



मुख्तार आलम ने कहा कि मैं अपने टीम के सदस्यों के साथ सानिया उरांव को लेकर गुमला सदर अस्पताल पहुंचा और आंख के डॉक्टर से जांच करवाया। डॉक्टर ने बताया कि आंख की स्थिति काफी खराब है बेहतर इलाज के लिए रांची में इलाज करवाना होगा। मुख्तार आलम ने कहा कि सानिया उरांव बुजुर्ग व्यक्ति है और वह अपनी एक आंख से देख भी नहीं सकता है उसके बावजूद भी वह अपने दायित्व को निभाते हुए अपना और अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। मुख्तार आलम ने कहा कि रांची में इसका आंख का इलाज करवाने हेतु जितने भी खर्च होंगे वह खर्च मैं स्वयं करूंगा और बेहतर से बेहतर इलाज करवा कर इसकी आंख की रोशनी लाने हेतु हर संभव प्रयास करूंगा।

## अज्ञात वृद्ध महिला का छत विक्षत शव बरामद

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के टुकुटोली गांव स्थित पहाड़ के ऊपर से पुलिस ने सोमवार की शाम करीब 6 बजे एक 60 वर्षीय अज्ञात महिला का शव बरामद किया है। महिला ग्रामीण परिवेश की है। उसके सिर पर चोट का निशान है। पुलिस ने शव को पहाड़ की ऊंचाई से बरामद किया है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि शव तीन दिन पूर्व का है। शव से दुर्गंध आ रहा था। यह भी आशंका जाहिर की जा रही है कि अज्ञात अपराधियो द्वारा महिला की हत्या किए जाने के बाद शव को पहाड़ की ऊंचाई में फेंक दिया गया है। पुलिस शव की शिनाख्त में जुटी हुई है। आसपास के ग्रामीणों को बुलाकर शव के शिनाख्त का प्रयास किया गया। लेकिन किसी भी ग्रामीण से उसकी पहचान नहीं हो पायी। पुलिस शव को पोस्टमार्टम गृह के शीत हाउस में रख दी है। साथ ही आगे शिनाख्त व घटना की छानबीन में जुट गयी है।

# उत्तराखंड नेशनल गेम्स से लौटे टीम मैनेजर और खिलाड़ियों का स्पोर्ट्स अकादमी ने किया स्वागत

**स्पोर्ट्स अकादमी ने ही खेल में जिला का मान बढ़ाया है : कलीम अख्तर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भारत का सर्वोच्च खेल राष्ट्रीय खेल जो उत्तराखंड में आयोजित था, जिसमें गुमला स्पोर्ट्स अकादमी के जन्मदाता सैयद जुन्नू रैन को टीम मैनेजर के रूप में नियुक्त किया गया था। वही खिलाड़ी के रूप में दीपक कुमार और विक्रम राज ठाकुर को चयन किया गया था। यह राष्ट्रीय खेल 28 जनवरी से 14 फरवरी तक आयोजित था, जिसमें हैंडबॉल में झारखंड राज्य का अच्छे प्रदर्शन पर गुमला जिला में खुशी का माहौल है। सैयद जुन्नू रैन ने कहा कि हमारे स्पोर्ट्स अकादमी से अनेकों खिलाड़ी आज खेल कर नौकरी में जा रहे है और अपनी पहचान बना रहे है। साथ ही यह



कहा कि सरकारी स्तर पर खिलाडियों को आज तक किसी भी तरह का सुविधा नहीं मिल पाया मगर कभी खिलाडियों ने हिम्मत नहीं हारा इनको जितना जो हो पाता है अपने स्तर से करता हूं।

इस अवसर पर खिलाड़ी दीपक कुमार ने कहा खेल हमारे जीवनशैली में एक महत्वपूर्ण हिस्सा है आप अपने अपने खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने आस पास के लोगों को जागरूक कर सकते है और खेल में आगे बढ़ने का संदेश दे सकते है। साथ ही कहा आज कल के युवा और बच्चे नशा पान में ध्यान देते है उन्हें नशा मुक्त और जागरूक करना ही मेरा उद्देश्य है वही विक्रम राज ने कहा खेल हमे जीवन में अनुशासन, नेतृत्व करने का क्षमता सिखाता है जो आगे जा कर हमारे जीवन में काफी मददगार बनता है।

अथिति के रूप में कलीम अख्तर कल्लन (नगर परिषद उपाध्यक्ष), समाजसेवी मनीष कुमार साहू ( हिंदुस्तान होटल) ने लौटे हुए तीनों खेल जगत को पहचान देने वाले को मिठाई खिला कर माला पहना कर स्वागत किया। साथ ही कलीम अख्तर कल्लन ने कहा खेल नगरी गुमला के लिए यह बहुत प्रतिष्ठा की बात है साथ ही कहा स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों के लिए जितना संभव है उतना करूंगा। साथ ही मनीष साहू ने कहा कि लौटे हुए खेल जगत के तीनों होनहार अनुभवी कोच सैयद जुन्नू रैन, खिलाड़ी विक्रम और दीपक के साथ रूबरू मिला साथ ही आने वाले दिन में अकादमी के खिलाड़ियों के लिए उनके हक के लिए खड़ा रहूंगा। इस मौके पर हफीजुर रहमान ने सभी खिलाड़ीयो को टावर चौक पर स्वागत किया साथ ही मांगू उरांव भी उपस्थित थे।

# हथियार के बल पर लाह व्यापारी से 51 हजार की लूट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायडीह।** थाना क्षेत्र के खटखोर बगीचा के समीप लाह व्यपारी विंदेश्वर साहु से मंगलवार अपराहन 12:30 दिनदहाड़े अज्ञात अपराधियो के द्वारा हथियार का भय दिखाकर 51 हजार रूपये लुटा गया। जानाकरी के अनुसार थाना क्षेत्र के सिलम निवासी विन्देश्वर साहु सप्ताहिक बजार मंगलवार को खटखोर बगीचा के समीप लाह धान व अन्य वनोपज की खरीदी करने का काम करता है और मंगलवार गुमला बजार जाने क्रम मे आस पास के ग्रामीण किसान उक्त स्थल पर अपने धान लाह व अन्य वनोपज बेच कर गुमला बजार जाते है। इसी दौरान हर सप्ताह के तरह मंगलवार को भी विंदेश्वर साहु अपना दुकान लगाकर खरीदारी का काम कर




रहा था। अपराहन करीब 12:30 बजे एक बाईक मे तीन अज्ञात अपराधी सवार होकर विंदेश्वर साहु के पास पहुंचे और हथियार का भय दिखाकर थैला मे रखे 51 हजार रूपये थैला समेत लेकर फरार हो गये। वही घटना की सूचना पाकर रायडीह पुलिस घटना स्थल पहुंची और मामला की छानबीन मे जुट गयी। इस लुट कांड़ के विरूध मे पीड़ित विंदेश्वर साहु द्वारा रायडीह थाना मे लिखित आवेदन देकर आज्ञात अपराधियो पर प्रथामिकी दर्ज कराया गया है।

## पौढ़ी गांव के तालाब से वृद्ध का शव बरामद

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पौढ़ी गांव के तालाब से पुलिस ने मंगलवार को पेरवा पाठ निवासी 65 वर्षीय कलवारी उरांव का शव को बरामद किया है। शव को बरामद करने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया है। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने एक वृद्ध व्यक्ति का शव को तालाब में तैरता हुआ देखा इसके बाद घाघरा पुलिस को सूचना दिया गया। सूचना के बाद पुलिस ने शव को बरामद किया। मृतक के पुत्री बीरसी देवी ने बताया कि उसके पिता अपने गांव के ही राजित उरांव से देवाकी के पीठवर टोली में मौसी के घर मेहमानी करने शनिवार को गए थे। रविवार को अपने घर के लिए वापस निकले और साप्ताहिक हाट आदर में बीरसी सब्जी बेच रही थी उससे मुलाकात भी किया। उस वक्त भी राजित उरांव उसके साथ था। लेकिन कलवारी अपने घर नहीं पहुंचा।

# देवाकी पंचायत के कुसुम टोली में किसान गोष्ठी का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के देवाकी पंचायत के कुसुम टोली गांव में कृषि विभाग के तत्वाधान में फसल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को बीटीएम नीरज कुमार ने फसल में लगने वाले कीट और रोग से संबंधित जानकारी दी गयी। साथ ही रोग और कीड़ों से बर्बाद होने वाले फसल के रोकथाम की जानकारी दी गयी। वहीं किसानों को तकनीक का उपयोग कर खेती करने की बात कही गयी। ताकि किसान की आय दुगनी हो। मौके पर एटीएम पूनम बेदिया, शुभम मिंज, रौशन दुबे, ऋतु किंडो सहित कई किसान उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने डीलर पर राशन नहीं देने का लगाया आरोप, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** दारदाग गांव के तीन दर्जन से ऊपर ग्रामीणों ने घाघरा ब्लॉक परिसर पहुंच बीडीओ दिनेश कुमार को लिखित आवेदन देते हुए राशन डीलर संतोष लोहरा पर एक माह का राशन नहीं देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में लिखित आवेदन देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि डीलर संतोष लोहरा द्वारा जनवरी माह का राशन देने को लेकर सबसे अंगूठा मशीन में लगवाया गया और राशन वितरण नहीं किया गया।

इसी संदर्भ में विगत 7 फरवरी को गांव में ग्राम सभा की गयी। जिसमें डीलर द्वारा कहा गया कि राशन वितरण किया जायेगा। लेकिन राशन नहीं दिया गया। जिसके बाद सभी ग्रामीण ब्लॉक



परिसर पहुंचे और राशन डीलर को हटाने का मांग करते हुए लिखित आवेदन के माध्यम से किया गया है। आवेदन में यह भी कहा गया की बार-बार उक्त डीलर द्वारा इस तरह का कार्य किया जाता है। इस संबंध में बीडीओ दिनेश कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा आवेदन मिला है। जिसके लिए जांच टीम बनाई गयी है। जांच टीम गांव में जाकर जांच कर रिपोर्ट सौंपेंगे उसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। आवेदन में मुखिया विनोद उरांव, ग्राम प्रधान बुतरु पहान, वार्ड सदस्य गोमंती देवी, दुलिया भगत, बासी देवी सती देवी, चरी देवी, रामी देवी, तितरी देवी सहित कई ग्रामीण के हस्ताक्षर शामिल है।

## स्पोर्ट्स

**अजहरुद्दीन 149 रन पर नाबाद। केरल की ओर से सलमान निजार ने 52 और कप्तान सचिन बेबी ने 69 रन का योगदान दिया।**

# रणजी सेमीफाइनल : गुजरात के खिलाफ केरल का स्कोर 400 पार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केरल ने रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में गुजरात के खिलाफ मजबूत शुरूआत की है। जबकि डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई दूसरे मुकाबले में विदर्भ के विरुद्ध खराब स्थिति में है। मुकाबले के दूसरे दिन मंगलवार को स्टंप्स तक केरल ने 7 विकेट पर 418 रन बना लिए हैं। मोहम्मद अजहरुद्दीन 149 रन पर नाबाद हैं।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में केरल की ओर से सलमान निजार ने 52 और कप्तान सचिन बेबी ने 69 रन का योगदान दिया। इधर, नागपुर के विदर्भ



क्रिकेट स्टेडियम में मुंबई ने पहली पारी में 188 रन पर 7 विकेट गंवा दिए हैं। आकाश आनंद 67 और तनुष कोटियान 5 रन पर नाबाद हैं। पार्थ रेखड़े ने 3 विकेट झटके। जबकि यश ठाकुर को 2 विकेट मिले। इससे पहले विदर्भ पहली पारी में 383 रन पर ऑलआउट हो गयी।

**कप्तान बेबी कोई रन नहीं बना सके**

केरल ने सुबह 206/4 के स्कोर से खेला शुरू किया, लेकिन पहले दिन नाबाद लौटे कप्तान सचिन बेबी बिना कोई रन बनाए पवेलियन लौट गए। वे पहले दिन 69 रन के स्कोर पर नाबाद लौटे थे।

सचिन के आउट होने के बाद पिछले मैच के हीरो मोहम्मद अजहरुद्दीन और सलमान निजार ने मोर्चा संभाला। दोनों ने छठे विकेट के लिए 368 बॉल पर 149 रनों की पार्टनरशिप की। इस पार्टनरशिप को विशाल जायसवाल ने ब्रेक किया। यहां सलमान 52 रन बनाकर आउट हुए।

## पिकअप की टक्कर से तीन युवक घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गम्हरिया जय माता दी होटल के समीप अज्ञात मालवाहक पिकप की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में गम्हरिया ग्राम निवासी प्रेम पासवान, श्याम पासवान, व्यास मुंडा के नाम शामिल है। घायलों को ग्रामीणों और परिजनों के सहयोग से 108 एंबुलेंस की मदद से घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त तीनों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर घाघरा की ओर से अपने घर गमहरिया जा रहे थे। इसी क्रम में विपरीत दिशा से लोहरदगा की ओर से घाघरा की ओर आ रहे एक मालवाहक पिकप ने टक्कर मार दिया।

# वाहन की टक्कर से शिक्षक की मौत

**शिक्षक आशीष कुमार बड़ाइक पुटो विद्यालय में सरकारी शिक्षक के पद पर कार्यरत थे।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र अंतर्गत नवाडीह बैर टोली के समीप अज्ञात वाहन के टक्कर से पुटो सरकारी विद्यालय के शिक्षक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही अज्ञात वाहन घटना स्थल से फरार हो गया। घटना की सूचना पर टोटो थाना के एसआई इमानुएल कोंगाड़ी घटनास्थल पहुंचकर शिक्षक के शव को सदर अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल शव को सदर अस्पताल के शव गृह में रखा गया है। जानकारी के मुताबिक शिक्षक आशीष कुमार बड़ाइक घाघरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पुटो विद्यालय में सरकारी शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। वही अपना काम समाप्त करने के बाद सोमवार की शाम 7:00 बजे अपने घर गुमला के गोकुल नगर लौट रहे थे। तभी सामने से एक अज्ञात वाहन जोरदार टक्कर मार दिया। बताया जाता है कि शिक्षक ने हेलमेट भी पहना था बावजूद उनके सिर में किसी नुकीले धातु से गड्ढे के निशान है। संभावना व्यक्त की जा रही है की टक्कर जबरदस्त हुई होगी। जिससे हेलमेट पहनने के बावजूद उनके सिर में गंभीर चोट लगी और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी। घटना की सूचना पर उनकी पत्नी सदर अस्पताल पहुंची और दहाड़ मार कर रोने लगी।

## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 992 दिनांक 30.09.2024 मैं, सुन्दर महतो पिता मानिकचंद महतो उम्र लगभग 44 वर्ष, धर्म हिन्दू पेशा-गृहणी राष्ट्रीयता भारतीय निवासी ग्राम-शिव नगर, चिकोर, पो० भदानीनगर, थाना-पतरातू, जिला-रामगढ (झारखण्ड) शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान करता हूँ कि :- 1. यह कि, मेरी पुत्री का सत्य व सही नाम रितिका रंजन (RITIKA RANJAN) है जो उसके शैक्षणिक प्रवेश पत्र मैट्रिक में दर्ज है जिसका रजि० नं0 27014-02313-21 और नामांकन पत्र संख्या 2224037 है। 2 यह कि, मेरी पुत्री के आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम शुबू कुमारी (SHUBU KUMARI) दर्ज है। जिसका आधार कार्ड संख्या 5588 6068 4081 है। 3. यह कि, रितिका रंजन (RITIKA RANJAN) एवं शुबू कुमारी (SHUBU KUMARI) दोनों नाम एक ही लडकी का है जो कि मेरी पुत्री है। 4. यह कि, यह शपथ-पत्र मैं संबंधित विभाग में देने हेतु निष्पादित कर रहा हूँ। 5. यह किं उपरोक्त कथन सत्य एवं सही है।

# लंच ब्रेक में बंद हो जाता है महुदा बैंक ऑफ इंडिया का मुख्य द्वार, ग्राहक होते हैं परेशान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**महुदा।** महुदा में इन दिनों बैंको के मनमानी से आम जनमानस बेहद ही परेशान हैं। बताते चले कि बैंक ऑफ इंडिया के महुदा शाखा में करीब 2:00 से 2:30 बजे तक बैंक के मुख्य द्वार पर बैंक के कर्मचारीयों द्वारा अंदर से ताला जड़ दिया जाता है। जिससे ग्राहकों को बैंक से लेनदेन में काफी परेशानियों का सामना करने के साथ बैंक के बाहर और बैंक के अंदर घंटों तक बेवजह इंतेजार करना पड़ता हैं। बैंक ऑफ इंडिया के महुदा शाखा में अक्सर देखा जा सकता हैं कि बैंक में कर्मचारी काम को टालने के लिए लंच का बहाने बनाते हैं या फिर कस्टमर को ठीक से डील नहीं करते। जबकि बैंक में लंच को लेकर नियम बनाये गये हैं, आरबीआइ की तरफ से साफ कहा गया है कि एक साथ सभी कर्मचारी लंच पर नहीं जा सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) द्वारा पारित नियम के तहत सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक (कुछ बैंकों का कार्य समय अलग भी हो सकता हैं) बिना लंच ब्रेक के सेवाएं देना बैंकों से अपेक्षित है। बैंक अधिकारी एक-एक करके लंच कर सकते हैं। इस दौरान नॉर्मल ट्रांजेक्शन चलते रहना चाहिए। बैंक कर्मचारी अपना लंच का समय 1:00 से 3:00 बजे के बीच अलग-अलग यानि रोटेशन में रखे ताकि काम प्रभावित न हो। इसके बावजूद महुदा शाखा में आरबीआइ के आदेशों की आवेहला की जा रही हैं। यहां लोग सबसे ज्यादा लंच वाले बहाने और केवाइसी से परेशान रहते हैं। बैंकों में अगर आप 1:30 से 2:00 बजे के करीब पहुंच गये तो लंच का हवाला देकर आपको काफी देर तक इंतजार करवाया जाता है। जबकि नियम कहती हैं कि लंच का हवाला देते हुए बैंक कोई काउंटर बंद नहीं कर सकते है, और इसके लिए लोगों को इंतजार भी नहीं करवाया जा सकता है, लेकिन महुदा शाखा में मुख्य द्वार पर हमेशा ताला जड़ दिया जाता हैं। जो कहीं-न-कहीं महुदा बैंक ऑफ इंडिया की ये रवैया उनकी मनमानी और ढीठ रवैये को दर्शाता हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि बैंक प्रबंधन एवं आरबीआइ इस पर क्या कुछ कार्रवाई करती हैं। इधर इस मामले पर बैंक के ग्राहकों और क्षेत्र के लोगों का कहना हैं कि ये कोई नयी बात नहीं हैं, प्रायः यही हाल हैं, लंच की बात बोलकर बैंक के मुख्य द्वार पर बैंक के कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन ताला जड़ दिया जाता हैं। हमें घंटों इंतेजार कारवाया जाता हैं। इसके अलावा लोगों ने बताया कि केवाइसी के लिए भी लोग काफी परेशान रहते हैं। केवाइसी फॉर्म जमा करने के बावजूद भी 10-15 दिनों का तो काफी महीनों लगा दिया जाता हैं। लोगों ने सरकार और विभाग से इस दिशा पर जल्द समाधान की मांग किया हैं। बैंक के प्रबंधक से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि इस मामले पर टिप्पणी करने के लिए उन्हें अधिकृत नहीं किया गया है, और उन्होंने इसे संबंधित वरिष्ठ अधिकारी को अग्रेषित कर दिया।

# धनसार इलाके के बजाज ऑटो शोरूम में लगी आग, आधा दर्जन वाहन जले

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** धनबाद में आग का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को भुईफोड़ में आग लगी थी। इसमें भारी मात्रा में संपत्ति का नुकसान हुआ था। इधर, दूसरी तरफ सूचना मिली है कि धनसार इलाके में मंगलवार की सुबह बजाज ऑटो शोरूम में आग धधक गयी। जानकारी के मुताबिक आधा दर्जन ऑटो जल गये है। सुबह-सुबह आसपास के लोगों ने शोरूम से धुआं निकलते देखा। उसके बाद इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी गयी। दमकल की गाड़ी जब तक पहुंची, तब तक आग बढ़ चुकी थी। दमकल विभाग की गाड़ियों को आग पर काबू पाने में कड़ी मेहनत करनी पड़ी। आग पर काबू पाने के लिए तीन दमकल की गाड़ियों को पहुंचना पड़ा। आग लगने की असली वजह का पता अभी नहीं चला है। बता दे कि शुक्रवार की रात भुईफोड़ स्थित शिवम कॉलोनी में आग लग गयी थी। यह आग शांतनु चंद्र उर्फ बबलू के घर में लगी थी। हादसे में भारी संपत्ति जलकर खाक हो गयी। गनीमत यह रही कि घर में मौजूद लोग समय रहते बाहर निकल गये थे। आग बुझाने के लिए दमकल की तीन गाड़ियों को लगाना पड़ा था। दो घंटे की मशक्कत के बाद दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। यह तो गनीमत रही कि आग लगते ही अगल-बगल के लोगों ने बिजली विभाग से संपर्क कर लाइन कटवा दी थी। अन्यथा और बड़ी घटना की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता था।

# असफर्री चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**महुदा।** मंगलवार को असफर्री चैरिटेबल ट्रस्ट, धनबाद के द्वारा कांडरा पंचायत सचिवालय में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर का उद्देश्य पंचायत क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराना था। शिविर में पंचायत क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया, जिसमें प्रमुख रूप से उच्च रक्तचाप (बीपी), शुगर और अन्य सामान्य जांचे शामिल थीं। इस अवसर पर मुखियां प्रतिनिधि और भाजपा जिला महामंत्री धनेश्वर महतो ने भी अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई और ट्रस्ट के इस प्रयास की सराहना की। इस शिविर का आयोजन स्थानीय लोगों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और उन्हें मुफ्त चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया था। उपस्थित लोगों ने इस पहल को बहुत ही लाभकारी बताया और ट्रस्ट के प्रयासों की प्रशंसा की। शिविर में ट्रस्ट की और से डॉक्टर जफर, विवेक, कुमारी कोमल और जूलीता सरास शामिल थी।

# धनबाद प्रेस क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आज

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को रेलवे ग्राउंड में चल रहे धनबाद प्रेस क्लब मीडिया क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 के तहत सेमीफाइनल के दो मैच खेला गया। पहला मैच धनबाद प्रेस क्लब ब्लू बनाम मिरर मीडिया के बीच हुआ। इस मैच में धनबाद प्रेस क्लब ब्लू की टीम विजयी हुई, वहीं दूसरा मुकाबला डी थ्री और रामअवतार ग्रुप के बीच खेला गया। इस मैच में डी थ्री को जीत मिली। इसी के साथ दोनों विजेता टीमें बुधवार को होने वाले फाइनल मुकाबले में भीडेंगी। पहले मैच में प्रेस क्लब ब्लू ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर कुल 196 रन बनाये। जबकि मिरर मीडिया की पूरी टीम 17.3 आवेर में ही आल आउट हो गयी। टीम ने 154 रन ही बना पायी। वहीं दूसरे मैच में रामअवतार ग्रुप की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में 10 विकेट खो कर 161 रन बनाये। जवाबी पारी खेलते हुए डी थ्री की टीम ने महज 13.2 ओवर में ही 164 रन बनाकर मैच जीत लिया। धनबाद प्रेस क्लब ब्लू टीम के राजा कुमार और डी थ्री के विक्रम सिंह को मैन आफ द मैच का पुरस्कार मिला। मैच के दौरान धनबाद पुलिस के डीएसपी मुख्यालय एक शंकर कामती, साइबर डीएसपी संजीव कुमार, यातायात डीएसपी अरविंद कुमार, डी थ्री के शांतनू व रामअवतार ग्रुप के अमरेश सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे। खेल प्रारंभ होने से पहले अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें बधाई दी। पूरे मैच की कमेंट्री परवेज ने की। इस दौरान धनबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा, वरीय उपाध्यक्ष शशि भूषण राय, कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, उपाध्यक्ष प्रतीक पोपट, बलवंत कुमार, अमर प्रसाद, सुरेंद्र यादव, शरतचंद्र पांडेय, सचिव मोहन गोप, संजय चौरसिया, नवीन राय, रामूर्ति पाठक, चंदन पाल, कार्यकारिणी सदस्य विक्की प्रसाद, गोपाल प्रसाद, रोशन सिन्हा, विपीन कुमार रजक और शांभवी सिंह उपस्थित थीं।

# आरोही नाट्य मंच ने किया रंग महोत्सव का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार के तत्वाधान में आरोही नाट्य मंच द्वारा नाट्य प्रस्तुति सह सम्मान समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम आरोही रंग महोत्सव 2025 का आयोजन सफल रहा । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय उमेश लोहरा, जिला खेल पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी, जिला जन-संपर्क विभाग, धनबाद से एसएमपीओ विनीता कुमारी और एपीआरओ आलोक मिश्रा, संस्था के निर्देशक संजय भारद्वाज और सचिव सह टीम लीडर उर्मिला प्रसाद के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य प्रस्तुति उस्ताद प्रभात कुमार महतो, नटराज कला केंद्र, चौगा, सरायकेला के द्वारा मानभूम छऊ नृत्य की प्रस्तुति की गयी। 15 दिवसीय नाट्य कार्यशाला में भाग लिए हुए बच्चों के द्वारा नाटक अंधेर नगरी की प्रस्तुति की गयी। यह नाटक पूरे एक घंटे तक दर्शकों को बांधे रखा। कार्यक्रम में गणेश वंदना और मणिपुरी नृत्य, पापरी राय चौधरी के द्वारा तो झारखंड लोक नृत्य की भी प्रस्तुति ग्रुप के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन हमेशा हो, जिससे कि बच्चों में छिपी प्रतिभा बाहर आती है। यह कार्यक्रम पी.के. रॉय मेमोरियल कॉलेज, धनबाद के सभागार में संपूर्ण हुआ। मौके पर उर्मिला प्रसाद, संजय भारद्वाज, अक्षत भारद्वाज, नरेश, नितेश रवि, बंटी, दिलीप, काजल, ज्योति, गंगा, ज्ञानेंद्र, कंचन उपस्थित रहे।

# विधायक ने किया हाइ मास्ट लाइट का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कतरास।** मंगलवार को एक कार्यक्रम के तहत कतरास बाजार स्थित हटिया में हाई मास्टर लाइट का उद्घाटन बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो और समाजसेवी डॉ मधुबाला ने संयुक्त रूप से किया । मौके पर डॉ मधुबाला ने बताया कि बाघमारा विधायक निरंतर समाज कल्याण के लिए हर दिन कुछ नया कार्य कर रहे हैं, जिससे समाज के लोगों में नित्य एक नयी उत्साह जागृत हो रही है। आज हटिया में हाई मास्टर लाइट लगने से पूरा क्षेत्र दूधिया रोशनी से जगमगा गया है। मौके पर डॉक्टर स्वतंत्र कुमार, श्रीकांत चटर्जी, मुकेश भट्ट, उज्जवल चैटर्जी विष्णु चौरसिया, पिंटू दे, नीलेश सिंह, उज्ज्वल, सिकंदर राजेश स्वर्णकार, संजय जी सहित कतरास बाजार के अन्य लोग मौजूद थे।

# किसान चौक का 33वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के बरवाअड्डा जीटी रोड पर स्थित किसान प्रतिमा लगा देश का पहला किसानों के सम्मान में किसान चौक बना है। बिहार सरकार के ततकालीन कृषी मंत्री नितिश कुमार ने उद्घाटन कर किसानों को सम्मान देने का काम किया था, जिसका संस्थापक स्वर्गीय रंजीत सिंह थे। आज भी प्रत्येक वर्ष 18 फरवरी को किसान विकास मंच के द्वारा बड़े धुमधाम से स्थापना दिवस मनाया जाता है। टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, निरसा पुर्व विधायक अपर्णा सेन गुप्ता, धनबाद विधायक राज सिन्हा जीप अध्यक्ष सारदा सिंह ने पहुंच कर किसान की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और किसानों के हक की हर लड़ाई में अपना सहयोग देने का वादा किया। साथ ही धनबाद विधायक राज सिन्हा ने किसानों की आवाज को विधान सभा सदन में किसानों की हक ओर अधिकार उठाने की बात कही।

# चुनाव ड्यूटी के दौरान मृत कर्मी की आश्रित को उपायुक्त ने दी 15 लाख की अनुग्रह राशि

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनबाद।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के दौरान 39-निरसा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के द्वितीय मतदान कर्मी कार्तिक घोष का निधन हो गया था। मृतक स्व कार्तिक घोष की आश्रिता शंपा घोष को उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा द्वारा 15 लाख की अनुग्रह अनुदान राशि सौंपा गया।

उक्त राशि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव, झारखंड द्वारा उपलब्ध कराई गयी थी। इस दौरान उन्होंने मृतक के आश्रिता को सांत्वना देते हुए कहा कि जिला प्रशासन आपके साथ हर वक्त खड़ा है। वहीं उनके बच्चों को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला और उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा मौजूद रहें।

# असंगठित मजदूरों ने लंबित मांगों को लेकर जनता श्रमिक संघ के बैनर तले दूसरे दिन भी ट्रांसपोर्टिंग किया ठप

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**धनसार।** बोर्रागढ़ रेलवे साइडिंग के अंसगठित मजदरों ने लंबित मांग को लेकर जनता श्रमिक संघ के बैनर तले मंगलवार को दूसरे दिन साइडिंग की ट्रांसपोटिंग ठप कर दिया। असंगठित मजदूर सीएमपीएफ राशी की कटौती नहीं होने, बिते कई वर्षो से बकाया सीएमपीएफ को जमा कराने, मजदूरो को पहचान पत्र निर्गत करने सहित छह सूत्री मांग पर अड़े है। मंगलवार को जमस समर्थित अंसगठित मजदूरो ने आंदोलन मे अपना समर्थन दे दिया। जिसके बाद से बस्ताकोला और कुईया कोलियरी से रेलवे साइडिंग होने वाला कोयले की ट्रांसपोटिंग ठप है। देर शाम तक प्रबंधन और आंदोलनकारी मजदूरो मे वार्ता नहीं हो सकी थी। वही जनता श्रमिक संघ नेता अमर सिंह ने कहा की ट्रांसपोटिंग कंपनी और बीसीसीएल प्रबंधन की मनमानी नहीं चलने दिया जायेगा। मौके पर काजू राय, रंजीत चौहान, जितेंदर बेलदार, बिजय शर्मा, महावीर राय, संजय निषाद, रिना देवी आदि थे।

**Jharkhand Education Project Council**
**J.S.C.A Stadium Road, Jagannathpur, Sector -3,**
**Dhurwa, Ranchi - 834004**
**Phone - 0651-2444502 Fax: 0651-2444506,E-mail: jepcranchi1@gmail.com**

***E-Tender for Supply of Sports kit to Government Schools under Samagra Shiksha in the State of Jharkhand for 2025-26***

**BID No. SPE/51/37/2024/623 dt. 17.02.2025**

Jharkhand Education Project Council invites online bids through E-Tender for Supply of Sports kit to Government Schools under Samagra Shiksha in the State of Jharkhand for 2025-26.

The complete tender documents can be seen on and downloaded from the websites **http://jharkhandtenders.gov.in**.The cost of tender documents is Rs. 11,800.00 (Eleven thousand Eight Hundred only). The lists of dates with regard to this invitation for bids are given below:

| Sl.no | Details | Start Date | Time | End Date | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Online Availability of Bid document | 20/02/2025 | 10.00 am | 07/03/2025 | 03.00 pm |
| 2. | Document Download | 20/02/2025 | 10.00 am | 07/03/2025 | 03.00 pm |
| 3. | Pre Bid Meeting | 25/02/2025 | 03.00 pm | 25/02/2025 | 05.00 pm |
| 4. | Submission of samples | 25/02/2025 | 10.00 am | 07/03/2025 | 05.00 pm |
| 5. | **Online Bid Submission** | 20/02/2025 | 10.00 am | 07/03/2025 | 03.00 pm |
| 6. | Opening of Technical Bid | 10/03/2025 | 03.00 pm | | - |
| 7. | Opening of Financial Bid | Announced after the technical evaluation | | | |

Sd/-
(Shashi Ranjan, I.A.S)
State Project Director
JEPC, Ranchi

PR 346683 Human Resource Developement(24-25).D

**ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

**ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस (द्वितीय आमंत्रण)**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–**30/2024-25/EE/BCD/LATEHAR** दिनांक– 18.02.2025

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Soil Testing Lab Latehar | 1,08,81,600 /- | 09(Nine) Months |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 25/02/2025 को 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 10/03/2025 को 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, :– 11/03/2025 को 11:30 बजे मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, राँची।
5. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
6. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 346673 Building(24-25)#D

# वरिष्ठ आइएएस अफसर बिष्णुपद सेठी के घर सीबीआइ का छापा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** वरिष्ठ आइएएस अधिकारी विष्णुपद सेठी के घर पर सीबीआइ ने छापेमारी की है। सीबीआइ की 8 सदस्यीय टीम बिष्णुपद सेठी के सरकारी क्वार्टर पहुंच चुकी है और तलाशी जारी रखे हुए है। सीबीआई ने ब्रिज एंड रूफ कंपनी लिंक की जांच कर रही है। वरिष्ठ आइएएस अधिकारी बिष्णुपद सेठी ने कहा कि सीबीआइ की 8 सदस्यीय टीम मेरे सरकारी क्वार्टर में गलत तरीके से घुसी। विष्णुपद ने कहा कि ब्रिज एंड रूफ कंस्ट्रक्शन को (इंडिया) लिमिटेड का समूह या उसके ग्रुप जनरल मैनेजर चंचल कुमार मुखर्जी आदि से मेरा कोई संबंध नहीं है। बिष्णुपद सेठी ने कहा, चूंकि मेरे नाम पर कोई मामला नहीं है, इसलिए वे स्वतंत्र रूप से कोई भी जांच कर सकते हैं।

यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि राजधानी भुवनेश्वर में 10 लाख रुपये की रिश्वतखोरी के मामले में सीबीआइ ने वरिष्ठ आइएएस अधिकारी बिष्णुपद सेठी को समान किया था। सीबीआइ की ओर से भेजे गए समन में कहा गया है कि ब्रिज एंड रूफ कंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड के ग्रुप जनरल मैनेजर चंचल कुमार मुखर्जी और अन्य के खिलाफ नयी दिल्ली में सीबीआइ के एसी-2 में मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में हमें जानकारी मिली है कि आपके पास इस केस से जुड़ी कुछ अहम जानकारियां हैं, जिनकी पुष्टि आपको जरूर करनी होगी। इसलिए जांच में सहयोग करने के लिए 11 दिसंबर को सुबह 10 बजे नुआपल्ली भुवनेश्वर स्थित सीबीआइ कार्यालय आयें। बाद में वरिष्ठ आइएएस अधिकारी बिष्णुपद सेठी ने सीबीआइ कार्यालय पहुंच कर अपना पक्ष रखा। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि इससे पहले सीबीआइ ने वरिष्ठ आइएएस अधिकारी विष्णुपद सेठी के तीन ड्राइवरों से पूछताछ की थी। सीबीआइ ने मंगलवार को उनके सरकारी क्वार्टर पर छापामारी की है।

# एनटीपीसी नॉर्दर्न रीजनल इलेक्ट्रॉन क्विज में आइआइएम लखनऊ ने शानदार जीत दर्ज की




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर/लखनऊ।** एनटीपीसी नॉर्दर्न रिजनल मुख्यालय, लखनऊ ने 17 फरवरी को एनटीपीसी नॉर्दर्न इलेक्ट्रॉन क्विज रीजनल राउंड का सफल आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के 21 इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट संस्थानों की 148 टीमों ने हिस्सा लिया। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आइआइएम लखनऊ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि आइआइटी-बीएचयू ने तीसरा स्थान हासिल किया। मुकाबला अंतिम क्षणों तक बेहद रोमांचक बना रहा।

**प्रतियोगिता के विजेता थे:** विभव त्रिपाठी और प्रसांत सिंह चौहान (आइआइएम लखनऊ), रनर-अपः फहीम शनावास और दीपक कुमार साहा (आइआइएम लखनऊ), तीसरा स्थानः संजीव वीए और एस विग्नेश्वरम (आइआइटी-बीएचयू)।

इस अवसर पर एनएस राव, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (एनआर) ने विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने एनटीपीसी द्वारा युवाओं में क्विज़िंग की संस्कृति को बढ़ावा देने की पहल की सराहना की।

श्री राव ने इस संस्करण को विशेष रूप से महत्वपूर्ण बताया क्योंकि यह एनटीपीसी की 50वीं वर्षगांठ के साथ मेल खाता है, जो देश के विकास में पांच दशकों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एनटीपीसी इलेक्ट्रॉन क्विज 2004 में शुरू हुई थी और अब यह एक प्रतिष्ठित मंच बन चुकी है। इस वर्ष की थीम थी द वर्ल्ड ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट।

विजेताओं को श्री राव द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विजया राव (अध्यक्ष, उत्तरा क्लब) और एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी, महाप्रबंधक (ओएस), महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं उत्तरा क्लब के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। एनटीपीसी, भारत की सबसे बड़ी एकीकृत पावर यूटिलिटी, इस वर्ष अपनी 50वीं वर्षगांठ मना रही है। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉन क्विज 2025 का आयोजन मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, लखनऊ, रांची, नोएडा, रायपुर और पटना में 1 से 28 फरवरी 2025 के बीच किया जायेगा। प्रत्येक क्षेत्र की शीर्ष दो टीमें नेशनल सेमी-फाइनल्स में प्रवेश करेंगी, जहां से सर्वश्रेष्ठ टीमें नेशनल फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करेंगी।

# प्रदेश में शुरू होने जा रही है 109 सेवा, शव को अस्पताल से घर या श्मशान पहुंचायेगी




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** अगर आप 108 नंबर पर कॉल करें तो लोगों तक एंबुलेंस पहुंच जाती थी। एंबुलेंस 20 से 30 मिनट के भीतर पहुंची और घायलों और रोगियों को तुरंत अस्पताल ले जाती थी। इसी तरह प्रदेश में 109 सेवाएं शुरू होने जा रही हैं। यदि किसी व्यक्ति की अस्पताल में मृत्यु हो जाती है, तो उसे अस्पताल से घर या श्मशान ले जाया जायेगा। इसके लिए कोई शुल्क नहीं है। कॉल करने के 20 से 30 मिनट के अंदर सर्विस मिल जायेगी। स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग ने बताया कि पहले चरण में इसे सभी जिला प्रमुख अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में शुरू किया जायेगा। इसको लेकर बजट में विशेष धनराशि आवंटित की गयी है। मंत्री महालिंग ने कहा कि इससे सरकारी अस्पतालों में मौत के बाद शव ले जाने की समस्या कम हो जायेगी।




# दो रेलवे संरक्षा कर्मचारी सम्मानित





आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** उपेंद्र कुमार, वरिष्ठ मालगाड़ी प्रबंधक/टिटलागढ़ और अनंत पालकिया, ट्रैक मेंटेनर/मुनिगुडा को संरक्षा में उनकी सतर्कता और ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन में उत्कृष्ट योगदान तथा संरक्षा नियमों और विनियमों से अच्छी तरह परिचित होने के लिए सम्मानित किया गया। संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पांडे ने आनंद सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक, तत्वदर्शी साहू, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय), अखिलेश त्रिपाठी, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, संबीत सौरव नायक, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी और अन्य शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में उन्हें उत्कृष्टता प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

# श्रीमंदिर देवताओं की बनका लागी रस्म आज, पांच घंटे के लिए मंदिर बंद रहेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** फाल्गुन कृष्ण षष्ठी के अवसर पर बुधवार को त्रिदेवों की बनका लागी रस्म होगी। यह एक गुप्त रस्म है और इसलिए बंद दरवाजों के भीतर की जाएगी। मंदिर के दरवाजे शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक भक्तों के लिए बंद रहेंगे। भोग मंडप में दूसरे भोग के खत्म होने के बाद श्रीमंदिर भक्तों के लिए पांच घंटे के लिए बंद रहेगा। हालांकि, भक्त श्रीमंदिर में पार्श्व देवताओं का आशीर्वाद ले सकते हैं। अनुष्ठान के लिए जय विजय द्वार आज बंद रहेगा।

दत्तमहापात्र सेवक द्विपहर धूप (दोपहर की धूप) के बाद देवताओं पर प्राकृतिक रंगों का लेप लगायेंगे। प्राकृतिक तरीके से बनाये गये हिंगुला, हरितला, कस्तूरी, लाल, सफेद और काले रंग देवताओं पर लगाये जायेंगे। उसके बाद उन्हें महास्नान (बड़ा स्नान) कराया जायेगा। उसके बाद भगवान के दर्शन फिर से शुरू होंगे। दूसरे भोग मंडप नीति के बाद जय विजया द्वार को अंदर से बंद कर दिया जायेगा। दत्तमहापात्र सेवक प्राकृतिक रंगों के साथ द्वार से प्रवेश करेंगे। सेवक रत्न सिंहासन पर जायेंगे और श्री बलभद्र, श्री जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और चक्र राज सुदर्शन को रंग लगायेंगे। बनाका लागी अनुष्ठान के बाद, महा स्नान, संध्या अलाटी, संध्या धूप, चंदना लागी, बड़ा सिंघार बेशा और बड़ा सिंघारा भोग किया जायेगा। इसके बाद रात्रि पहुड़ा होगा।




# ढेंकनाल में देसी शराब गिरोह का भंडाफोड़, 50 'कुआं' बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कामाख्यानगर आबकारी विभाग ने एक देसी शराब रैकेट का भंडाफोड़ किया है। यह रैकेट कम से कम 50 छोटे-छोटे कुएं खोदकर भूमिगत रूप से चल रहा था। सूचना के आधार पर आबकारी विभाग ने पुलिस के साथ मिल कर इलाके में छापा मारा और पाया कि वहां जमीन के अंदर 50 कुएं खोदे गये थे। आबकारी विभाग ने पाया कि बदमाश जमीन के अंदर काम कर रहे थे। इसके बाद आबकारी विभाग ने मोटर पंप की मदद से जमीन के अंदर बने कुओं से देशी शराब को बाहर निकाला।

छापेमारी का नेतृत्व उपनिदेशक सावन भोला ने किया। बदमाश अपने घर या किसी अन्य फैक्ट्री में काम नहीं कर रहे थे और न ही उनके पास अपेक्षित स्थानों पर कोई स्टॉक था। पकड़े जाने से बचने के लिए देशी शराब गिरोह जमीन के नीचे ही काम करता था और कहीं और स्टॉक नहीं रखता था। आबकारी विभाग ने परजंग पुलिस सीमा के अंतर्गत अंबापालास गांव में छापा मारा। हजारों की संख्या में देसी शराब, गुड़ और शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले अन्य पदार्थ जब्त किये गये। इलाके में 50 से अधिक कुओं में शराब पकाई जा रही थी। गुड़, यूरिया और कई लीटर अवैध शराब जब्त की गयी।

# महाशिवरात्रि पर 26 को लिंगराज मंदिर पर महादीपा रात 10 बजे स्थापित किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** वर्ष 2025 में महाशिवरात्रि का पावन पर्व 26 फरवरी को मनाया जायेगा। लिंगराज मंदिर के ऊपर महाशिवरात्रि महादीप को उठाने का समय तय हो गया है। यह रात 10 बजे होगा। विशेष प्रदक्षिणा भवन में तैयारी बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया। बैठक में फर्श पर कालीन बिछाने और 40 प्लाटून पुलिस की तैनाती पर भी चर्चा की गयी। मंदिर के सेवायतों और वीआइपी के लिए विशेष प्रवेश द्वार बनाया जायेगा। 26 फरवरी को सुबह 3.30 बजे से कपाट खुल जायेंगे और सुबह 11 बजे तक खुले रहेंगे। इसी तरह शाम को भी कपाट सुबह 6 बजे से खुलेंगे और रात 12 बजे तक खुले रहेंगे। श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन की व्यवस्था की गयी है। जूता स्टैंड, आपातकालीन अग्निशमन सेवाएं, लाइव टेलीकास्ट, मोबाइल हेल्थ वैन और अन्य संबंधित सेवाओं का ख्याल जिला कलेक्टर चंचल राणा ने रखा है। बैठक की अध्यक्षता कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने की। बैठक में एकाम्र विधायक बाबू सिंह, बीएमसी मेयर सुलोचना दास, डीएम चंचल राणा, एडीएम और अन्य लोग समिति की बैठक में मौजूद थे। हर साल इस अवसर पर हजारों भक्त महाशिवरात्रि महादीपा उठाने के लिए मंदिर में इकट्ठा होते हैं। त्योहार के दिन भर के पालन के दौरान कई अनुष्ठान किये जाते हैं, कई भक्त मंदिर परिसर के अंदर इंतजार करते हैं। अनुष्ठान पूरा होने के बाद, वे अपना दिन भर का उपवास तोड़ते हैं।




# महाकुंभ 'मृत्युकुंभ' में बदल गया है : ममता

- महाकुंभ में भगदड़ की घटना को लेकर बंगाल की मुख्यमंत्री ने केंद्र एवं यूपी सरकार पर बोला जोरदार हमला

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोलकाता।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रयागराज के बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हाल में हुई भगदड़ की घटना का उल्लेख करते हुए मंगलवार को केंद्र और उत्तर बंगाल प्रदेश सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए राज्य विधानसभा में कहा कि महाकुंभ 'मृत्युकुंभ' में बदल गया है। ममता ने कहा कि मैं महाकुंभ का सम्मान करती हूं लेकिन वहां जो घटना घटी वह वेदनादायक है। बता दें कि ममता का यह बयान पूर्व रेल मंत्री और राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव द्वारा रविवार को महाकुंभ को फालतू कहे जाने के बाद आया है। लालू ने कहा था कि कुंभ का कोई मतलब नहीं है। फालतू है कुंभ। ममता ने दावा किया कि वहां (प्रयागराज में) भगदड़ में 30 नहीं बल्कि हजारों लोग मारे गए हैं। बहुतों शवों को गंगा में बहा दिया गया।कुंभ में मारे गए लोगों के शव को बेचकर पैसा कमाया गया है। महाकुंभ के नाम पर सिर्फ प्रचार प्रसार किया गया। यह महाकुंभ अव्यवस्था का दूसरा नाम है। महाकुंभ के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई थी।उन्होंने कहा कि कुंभ में मृतकों के स्वजनों को डेथ सर्टिफिकेट तक नहीं दिया गया।

ममता ने आगे कहा कि मैं गर्व से कहती हूं कि मैं हिंदू हूं। भाजपा धर्म के नाम पर बांट कर देश को बेच रही है। जो धर्म को बेच रहे है, जनता उनको देख रही है। मैं सर्वधर्म का सम्मान करती हूं, इसलिए बंगाल में शांति है, मै सभी का इज्जत करती हूं। ममता ने इस बात पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि कुछ भाजपा नेता द्वारा मुझे मुस्लिम लीडर कहा जाता है, मुस्लिम लीग से संबंध जोड़ा जाता है, मुझे आतंकवादी तक कहा जाता है। मै प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखकर नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी की शिकायत करूंगी। ममता ने चुनौती देते हुए कहा कि मुस्लिम लीग एवं आतंकवादी से संबंधों की बात यदि कोई साबित कर दे तो मैं एक मिनट के अंदर अपने पद से इस्तीफा दे दूंगी।

## महाकुंभ का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान : सुवेंदु

ममता द्वारा महाकुंभ को मृत्युकुंभ कहे जाने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि महाकुंभ का अपमान हिंदुस्तान नहीं सहेगा। यह करोड़ों लोगों की आस्था पर चोट है। विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बातचीत में सुवेंदु ने कहा कि बंगाल की मुख्यमंत्री ने सदन में कहा है कि यह महाकुंभ नहीं मृत्युकुंभ है। आप सच्चे हिंदू हैं तो राजनीति से ऊपर उठ कर ममता बनर्जी के इन अपशब्दों का जोरदार विरोध करें। देश एवं हिंदू समाज को ममता को सबक सिखाना चाहिए। सुवेंदु ने संत समाज, अखाड़ों व शंकराचार्यों से अनुरोध किया कि वे महाकुंभ के अपमान का मुंहतोड़ जवाब दें। आस्था पर चोट पहुंचाने वाले के खिलाफ सभी मिलकर आवाज उठाएं।साथ ही इस टिप्पणी के खिलाफ हिंदू समाज से ममता का पुतला जलाने का आह्वान किया।

# नथिंग फोन 3ए सीरीज के कैमरा में महत्वपूर्ण सुधार


आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग ने मंगलवार को घोषणा की है कि फोन (3ए) सीरीज में एक प्रो-लेवल कैमरा सिस्टम होगा, जिससे यूजर्स किसी भी वातावरण में स्मार्टफोन से वास्तविक तस्वीरें और वीडियो कैप्चर कर सकेंगे। फोन 3ए सीरीज एक बेहतरीन फोटोग्राफी करने वाले स्मार्टफोन की तरह काम करती है, जबकि इसमें अक स्पष्टता बढ़ाने वाले एल्गोरिदम के साथ एक नया पेरिस्कोप लेंस भी शामिल है।

फोन 3ए सीरीज के कैमरे में अपने पूर्ववर्ती फोन 2ए की तुलना में महत्वपूर्ण सुधार होंगे। सबसे महत्वपूर्ण सुधारों में से एक 50एमपी पेरिस्कोप लेंस को शामिल करना है, जो 3एक्स ऑप्टिकल जूम, 6एक्स इन-सेंसर जूम और 60एक्स अल्ट्रा जूम प्रदान करता है, जिससे स्पष्ट और विस्तृत मैक्रो शॉट और 70 मिमी पोर्ट्रेट-परफेक्ट फोकल लंबाई मिलती है।

नथिंग का TrueLens Engine 3.0, AI टोन मैपिंग और सीन डिटेक्शन के संयोजन से पेशेवर स्तर की, वास्तविक जीवन जैसी फोटोग्राफी तैयार करने के लिए उत्कृष्ट हार्डवेयर का उपयोग करता है। TrueLens Engine हर छवि को समझता है और इसे अगली पीढ़ी की कम्प्यूटेशनल टेक्नोलॉजी के साथ क्लासिक फोटोग्राफी का संतुलन बनाता है। फोन 3ए सीरीज का 50एमपी मुख्य सेंसर पिक्सेल स्तर पर 64% ज्यादा रोशनी कैप्चर करता है, जिसका मतलब है कि फोन 2ए की तुलना में इसकी फुल वेल कैपसिटी 300% ज्यादा है। ये सब ज्यादा गहराई और स्पष्टता प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, सभी चार सेंसर अल्ट्रा एचडीआर फोटो आउटपुट को सपोर्ट करते हैं और मेन और फ्रंट स्थिर फुटेज और नाइट एन्हांसमेंट के साथ 4के वीडियो रिकॉर्डिंग को सपोर्ट करते हैं। फोन 3ए सीरीज का अनावरण 4 मार्च को दोपहर 3:30 बजे किया जायेगा। जो लोग आगामी लॉन्च के बारे में सूचना पाने के इच्छुक हैं वे फ्लिपकार्ट पर साइन अप कर सकते हैं।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**